दुमका संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 04, अंक 130

मंगलवार

13.05.2025

RNI No. - JHAHIN/2022/81895

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 2 रुपये


**सुविचार**

राह संघर्ष की जो चलता है वो ही संसार को बदलता है, जिसने रातो से जंग जीती सूर्य बनकर वही निकलता है!

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### वीर सैनिकों के सम्मान में एक लाख मंत्र जाप का हुआ संकल्प

**जोधपुर :** विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ जोधपुर ज़ोन 1-सी की ओर से अनूठी पहल करते हुए वीर सैनिकों के सम्मान में एक लाख मंत्र जाप का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की कामना करते हुए महिलाओं ने सिंदूर होली खेली।महिला प्रकोष्ठ की प्रदेशाध्यक्ष डॉ. शीला आसोपा और वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीमा जोशी ने बताया कि इस विशेष आयोजन का उद्देश्य देश की सीमाओं पर वीरता का परिचय देने वाले सैनिकों का उत्साहवर्धन करना, ऑपरेशन सिंदूर में भारत की सफलता की कामना करना, विश्व से आतंक का अंत तथा राष्ट्रीय हितों की पूर्ति के लिए प्रार्थना करना था। इस अवसर पर महिलाओं ने सुंदरकांड पाठ, महामृत्युंजय जाप और साधना मंत्रों का पाठ व देशभक्ति गीत गाए। डॉ. आसोपा ने बताया कि सनातन धर्म में जप और तप का विशेष महत्व रहा है। इन धार्मिक क्रियाओं के माध्यम से सैनिकों के साहस, सुरक्षा और राष्ट्रीय एकता के लिए प्रार्थना की गई। साथ ही डॉ. अशोक, समाजसेवी जितेंद्र शर्मा, गोविंद दाधीच , गौरव शर्मा ने साधना मंत्र का जाप किया।

### संसदीय कार्य मंत्री एवं मुख्य सचेतक ने की जनसुनवाई

**जोधपुर** : संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल एवं राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने सोमवार को लूम्बा की ढाणी में जनसुनवाई कर आमजन की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही कर आमजन को राहत प्रदान करने के निर्देश दिए।पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार हर वर्ग के उत्थान एवं कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश सरकार द्वारा विकसित राजस्थान 2047 विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया जा रहा है, जो प्रदेश को विकसित बनाने के लिए रोडमैप का कार्य करेगा। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा अल्प अवधि में प्रदेश के सडक तंत्र को मजबूती प्रदान करने की दिशा में 9 हजार 600 किलोमीटर से अधिक नवीन सडकों का निर्माण एवं 13 हजार किलोमीटर से अधिक सडकों का उन्नयन किया गया। उन्होंने कहा आगामी वर्ष में सडक तंत्र के सुदृढ़ीकरण के लिए लगभग 7 हजार 690 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि आगामी वर्ष में 20 लाख घरों में पेयजल कनेक्शन दिए जाएंगे।

### कर्नाटक कांग्रेस ने कश्मीर को पाकिस्तान के नक्शे के साथ जोड़ा, विवादित पोस्ट किया डिलीट

**बेंगलुरू :** कर्नाटक कांग्रेस ने अपने एक्स हैंडल पर सोमवार को एक बड़ी गलती कर दी, जिसके बाद से वह विवादों में है। पार्टी ने कश्मीर को पाकिस्तान के नक्शे के साथ जोड़ दिया। गलती का एहसास होने पर कांग्रेस ने पोस्ट को डिलीट भी कर दिया। दरअसल, इस पोस्ट का उद्देश्य पाकिस्तान को दिए गए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के लोन की आलोचना करना था, लेकिन पाकिस्तान का गलत नक्शा लगाने से पार्टी की आलोचना शुरू हो गई है।

## चुटकी




## रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 24⁰ |
| न्युनतम | 13⁰ |

### भारत-पाकिस्तान तनावपूर्ण रिश्तों के बीच पीएम मोदी ने किया देश को संबोधित

# भारत ने पाकिस्तान के सीने पर किया वार : पीएम मोदी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** भारत और पाकिस्तान तनावपूर्ण रिश्तों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रात ने आज देश को संबोधित किया। उन्होंने कहा, बीते दिनों में हमने देश का सामर्थ्य और उसका संयम दोनों देखा है।

मैं सबसे पहले भारत की पराक्रमी सेनाओं, सशस्त्र बलों, हमारी खुफिया एजेंसियों, हमारे वैज्ञानिकों को हर भारतवासी की तरह से सलाम करता हूं। हमारे वीर सैनिकों ने ऑपरेशन सिंदूर के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए असीम शौर्य का प्रदर्शन किया। मैं हमारे देश की हर माता को, देश की हर बहन को और देश की हर बेटी को यह वीरता, साहस, पराक्रम को आज समर्पित करता हूं। 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकियों ने जो बर्बरता दिखाई थी, उसने देश और दुनिया को झकझोर दिया था। छुट्टियां मना रहे निर्दोष मासूम नागरिकों को धर्म पूछकर उनके परिवार के सामने, उनके बच्चों के सामने बेरहमी से मार डाला गया था। यह आतंक का बहुत वीभत्स चेहरा था। क्रूरता थी।

यह देश के सद्भाव को तोड़ने की घिनौनी कोशिश भी थी। मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से यह पीड़ा बहुत बड़ी थी।दुनिया ने देखा कि कैसे पाकिस्तान के ड्रोन्स, पाकिस्तान की मिसाइलें भारत के सामने तिनके की तरह बिखर गईं। भारत के सशक्त एयर डिफेंस सिस्टम ने उन्हें आसमान में ही नष्ट कर दिया। पाकिस्तान की तैयारी सीमा पर वार की थी, लेकिन भारत ने पाकिस्तान के सीने पर वार कर दिया।

### बहन और बेटियों के माथों से सिंदूर हटाने का अंजाम

पीएम मोदी ने कहा, इस आतंकी हमले के बाद सारा राष्ट्र, हर नागरिक, हर वर्ग, हर समाज, हर राजनीतिक दल एक स्वर में आतंक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए उठ खड़ा हुआ। हमने आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाने के लिए भारत की सेनाओं को पूरी छूट दे दी और आज हर आतंकी, आतंक का हर संगठन जान चुका है कि हमारी बहन और बेटियों के माथों से सिंदूर हटाने का अंजाम क्या होता है। पीएम मोदी ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ नाम नहीं है। यह देश के कोटि-कोटि लोग भावनाओं का प्रतिबिंब है। ऑपरेशन सिंदूर न्याय की अखंड प्रतिज्ञा है। 6 मई की दूर रात, 7 मई की सुबह पूरी दुनिया ने इस प्रतिज्ञा को परिणाम में बदलते देखा है।

### ऑपरेशन सिंदूर ने आतंक के खिलाफ लड़ाई में नई लकीर खींची

प्रधानमंत्री ने कहा,भारत की तीनों सेनाएं, वायुसेना, थलसेना और नौसेना, हमारे सीमा सुरक्षा बल, भारत के अर्द्धसैनिक बल लगातार अलर्ट पर हैं। सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के बाद अब ऑपरेशन सिंदूर आतंक के खिलाफ भारत की नीति है। ऑपरेशन सिंदूर ने आतंक के खिलाफ लड़ाई में एक नई लकीर खींच दी है। एक नया पैमाना। न्यू नॉर्मल तय कर दिया है।

### पाक ने हमारे सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा,भारत की इस कार्रवाई से पाकिस्तान घोर निराशा में घिर गया था। हताशा में घिर गया था। बौखला गया था और इसी बौखलाहट में उसने एक और दुस्साहस किया। आतंक पर भारत की कार्रवाई का साथ देने के बजाय पाकिस्तान ने भारत पर ही हमला करना शुरू कर दिया। पाकिस्तान ने हमारे स्कूलों-कॉलेजों, गुरुद्वारों, मंदिरों, सामान्य नागरिकों के घरों को निशाना बनाया। पाकिस्तान ने हमारे सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया, लेकिन इसमें भी पाकिस्तान खुद बेनकाब हो गया।



### 100 से अधिक खूंखार आतंकवादियों को मौत के घाट उतारा गया


पीएम ने कहा, आतंकियों ने हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा है, इसलिए भारत ने आतंक के ये मुख्यालय उजाड़ दिए हैं। भारत के इन हमलों ने 100 से अधिक खूंखार आतंकवादियों को मौत के घाट उतारा गया है। आतंक के बहुत सारे आका बीते ढाई-तीन दशकों से खुलेआम पाकिस्तान में घूम रहे थे, जो भारत के खिलाफ साजिशें करते थे। उन्हें भारत ने एक झटके में खत्म कर दिया।

### राष्ट्र सर्वोपरि होता है तो फौलादी फैसले लिए जाते हैं

पीएम ने कहा कि भारत की सेनाओं ने पाकिस्तान में आतंक के ठिकानों पर, उनके ट्रेनिंग सेंटर्स पर सटीक प्रहार किया। आतंकियों ने सपने में भी नहीं सोचा था कि भारत इतना बड़ा फैसला ले सकता है, लेकिन जब देश एकजुट होता है, नेशन फर्स्ट की भावना से भरा होता है, राष्ट्र सर्वोपरि होता है तो फौलादी फैसले लिए जाते हैं। परिणाम लाकर दिखाए जाते हैं।

### भारत की तीनों सेनाओं के डीजीएमओ ने की प्रेस ब्रीफिंग

## आतंकवाद के खिलाफ जारी है हमारी लड़ाई



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** भारत की तीनों सेनाओं के डीजीएमओ ने प्रेस ब्रीफिंग की।एयर मार्शल एके भारती ने कहा,पाकिस्तान की फौज ने आंतकियों का साथ दिया. आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई जारी है. एयर मार्शल एके भारती ने आगे कहा कि आतंक के खिलाफ लड़ाई को पाकिस्तानी सेना ने अपनी लड़ाई मानी. हमारे एयर डिफेंस को भेदना नामुमकिन है. सेना ने कहा,हमने यह भी दोहराया है कि हमारी लड़ाई आतंकवादियों और उनके खिलाफ है न कि पाकिस्तानी सेना से. हालांकि, यह दुख की बात है कि पाकिस्तानी सेना ने हस्तक्षेप करने और आतंकवादियों की रक्षा करने का फैसला किया, जिसके कारण हमें उसी तरह जवाब देने के लिए मजबूर होना पड़ा. कहा कि हर भारतवासी को हमारा सैल्यूट है. पूरा देश भारतीय सेना के साथ खड़ा है. आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई जारी है.हम भविष्य की कार्रवाई के लिए तैयार हैं. हमारी सभी मिलिट्री बेस ऑपरेशनल हैं.लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा,ऑपरेशन सिंदूर की एयर डिफेंस कार्रवाई को हमें एक संदर्भ में समझने की जरूरत है.पिछले कुछ सालों में आतंकी गतिविधियों के कैरेक्टर में बदलाव आ रहा था, अब हमारी सेना के साथ-साथ निर्दोष लोगों पर भी हमला हो रहा था. 2024 में शिवखोड़ी मंदिर की ओर जाने वाले तीर्थयात्री और इस साल अप्रैल में पहलगाम में मासूम पर्यटक. पहलगाम तक उनका पाप का घड़ा भर चुका था. क्योंकि आतंकियों पर हमारे सटीक हमले एलओसी और आईबी को पार किए बना किए गए थे. हमें पूरा अंदेशा था कि पाकिस्तान का हमला भी सीमा पार से ही होगा, इसलिए हमने एयर डिफेंस की तैयारी की थी.जब 9-10 मई को पाकिस्तान की वायुसेना ने हमारे एयर फील्ड और लॉजिस्टिक इंस्टॉलेशन पर हमला किया तो वे इस मजबूत एयर डिफेंस ग्रिड के सामने विफल हुए। कहा कि जो दुर्दशा आपने पहले और कल पाकिस्तान एयरफील्ड की देखी और एयर मार्शल की प्रस्तुति आज देखी. हमारे एयरफील्ड हर प्रकार से ऑपरेशनल है. पाकिस्तान के ड्रोन हमारे ग्रिड के कारण नष्ट हुई.मैं यहां पर अपने बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स की सहराना करता हूं.जिसके कारण पाकिस्तान की नापाक हरकतों का विनाश किया गया.

**लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा,ऑपरेशन सिंदूर की एयर डिफेंस कार्रवाई को हमें एक संदर्भ में समझने की जरूरत है.पिछले कुछ सालों में आतंकी गतिविधियों के कैरेक्टर में बदलाव आ रहा था, अब हमारी सेना के साथ-साथ निर्दोष लोगों पर भी हमला हो रहा था.**

## छत्तीसगढ़ में सड़क हादसा, 13 की मौत



**एजेंसी**

**रायपुरः** राजधानी रायपुर के विधानसभा थाना क्षेत्र में हुए भीषण सड़क हादसे में 13 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा खरोरा-बलौदा बाजार रोड पर उस समय हुआ जब माजदा वाहन में सवार होकर लोग बच्चों के जन्मोत्सव कार्यक्रम से लौट रहे थे।प्राप्त जानकारी के अनुसार, माजदा वाहन जैसे ही खरोरा क्षेत्र में पहुंचा, तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रेलर ट्रक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मौके पर ही 13 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 9 महिलाएं, 2 बच्चियां, 1 बच्चा और 6 माह की एक शिशु शामिल हैं। हादसे में कई अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें तुरंत खरोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और मेडिकल कॉलेज रायपुर में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। स्थानीय प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य में जुट गई है।घटना की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रायपुर एसपी लाल उम्मेद सिंह ने बताया कि ये लोग शादी के बाद होने वाले कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे। कई अन्य घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। सिंह ने बताया कि यह हादसा उस समय हुआ जब ट्रक चौथिया छट्टी से एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद लौट रहा था। इस घटना में कई लोग घायल भी हुए हैं, जिन्हें तुरंत रायपुर के डॉ. बीआर अंबेडकर मेमोरियल अस्पताल ले जाया गया।

## विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से लिया रिटायरमेंट



**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया है। इंग्लैंड दौरे से पहले विराट ने यह बड़ा ऐलान किया है। कोहली ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट के जरिए टेस्ट से संन्यास की जानकारी दी। हाल ही में रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। रोहित के संन्यास लेने के 5 दिन बाद ही विराट कोहली ने भी क्रिकेट के सबसे पुराने फॉर्मेट से विदाई ले ली है। इस तरह स्टार बल्लेबाज के 14 साल के लंबे युग का अंत हो गया है।विराट ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा कि टेस्ट क्रिकेट में पहली बार बैगी ब्लू पहने हुए उन्हें 14 साल हो गए हैं। ईमानदारी से कहें तो उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि यह फॉर्मेट उन्हें किस सफर पर ले जाएगा। इसने उनकी परीक्षा ली, उन्हें आकार दिया और उन्हें ऐसे सबक सिखाए जिन्हें वह जीवन भर साथ रखेंगे। उन्होंने आगे लिखा- सफेद कपड़ों में खेलना एक बहुत ही निजी अनुभव है। शांत परिश्रम, लंबे दिन, छोटे-छोटे पल जिन्हें कोई नहीं देखता, लेकिन जो हमेशा आपके साथ रहते हैं। इस प्रारूप से दूर होना आसान नहीं है, लेकिन यह सही समय है। उन्होंने इसमें अपना सबकुछ दिया है और इसने उन्हें उम्मीद से कहीं ज्यादा दिया है। उन्होंने कहा कि खेल के मैदान पर जिन लोगों के साथ खेला और हर उस व्यक्ति के लिए जिसने उन्हें इस दौरान देखा, उन सभी का आभारी हूं। वह हमेशा अपने टेस्ट करियर को मुस्कुराते हुए देखेंगे।

## चाईबासा में आईईडी विस्फोट में एक जवान घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चाईबासा :** झारखंड के चाईबासा में नक्सलियों द्वारा बिछाया गया आईईडी ब्लास्ट हो गया. जिसकी चपेट में आने से झारखंड जगुआर का एक जवान घायल हो गया. जवान को एयरलिफ्ट कर रांची लाया जा रहा है. घटना चाईबासा के छोटानागरा थाना क्षेत्र में हुआ है. जानकारी के अनुसार, इनामी माओवादी अनल के दस्ते की तलाश में झारखंड जगुआर और कोबरा बटालियन सर्च अभियान पर निकली थी. इसी दौरान नक्सलियों द्वारा बिछाए गए आईईडी पर झारखंड जगुआर के एक जवान का पैर आ गया. जिससे विस्फोट में जवान घायल हो गया. घायल जवान को बेहतर इलाज के लिए हेलीकॉप्टर से रांची भेजा गया है.घटना की जानकारी के अनुसार सर्च ऑपरेशन के दौरान जवान बिहार के जंगल में सर्च ऑपरेशन चला रहे थे, तभी नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी में विस्फोट हो गया. विस्फोट में झारखंड जगुआर का एक जवान घायल हो गया है, जिसका प्राथमिक उपचार किया गया है. जिसकी सूचना वरीय अधिकारी को दे दी गई है और उनके निर्देशानुसार जवान को बेहतर इलाज के लिए हेलीकॉप्टर से रांची भेजा गया.इस घटना की पुष्टि कोल्हान डीआईजी मनोज रतन चौथे ने की है. इस घटना के बाद सर्च ऑपरेशन में शामिल जवानों द्वारा अभियान तेज कर दिया गया है. घायल जवान की पहचान मनोज कुमार दमाई के रूप में हुई है. वह बम निरोधक यूनिट में तैनात हैं.

उनके पैर में गंभीर चोट लगी है. प्राथमिक उपचार के बाद जवान को रांची ले जाया गया, जहां जवान खतरे से बाहर है.

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नये आवास की रखी आधारशिला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को अपने नये आवास की आधारशिला रखी। यह आवास पूरी तरह से आधुनिक सुविधाओं और सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखकर तैयार किया जाएगा, जिससे सरकार की कार्यप्रणाली और मुख्यमंत्री के कामकाज को बेहतर बनाया जा सके। इस मौके पर पारंपरिक विधि-विधान और पूजा-अर्चना के साथ शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ने विधिवत पूजन अर्चन कर भवन निर्माण की शुभ शुरुआत की।



## भीषण गर्मी में बारिश होने से मिल रही राहत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड में भीषण गर्मी के दौरान बीच-बीच में हो रही बारिश से लोगों को काफी राहत मिल रही है। राजधानी रांची समेत राज्य के अधिकांश जिलों में बीच-बीच में बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने 15 से 17 मई तक कई जिलों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की सम्भावना व्यक्त की है। विभाग ने जिन जिलों के लिए बारिश की संभावना व्यक्त की उनमे 15 मई को राज्य के पश्चिमी जिलों को छोड़कर शेष अन्य जिले शामिल हैं। वहीं 16 मई को राज्य के कुछ इलाकों में भी गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की सम्भावना है। इसके साथ-साथ राज्य के विभिन्न इलाकों में भीषण गर्मी को लेकर भी चेतावनी जारी की गई है। इनमें 13 और 14 मई को राज्य पूर्वी जिले और 15 मई को राज्य के पश्चिमी जिलों को छोड़कर शेष भागों में लू चलने, 40-50 किमी की गति से तेज हवा और आकाशीय बिजली गिरने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। सोमवार को रांची में अधिकतम तापमान 37 डिग्री, जमशेदपुर में 40.7, डालटेनगंज में 40.7, बोकारो में 39.1 और चाईबासा में तापमान 30.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।


**असर्फी कैंसर संस्थान**

Any Type, Any Stage

आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत भी सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज

Chemotherapy, Radiotherapy, PET CT SCAN, Brachytherapy, Mammography की सुविधाएं उपलब्ध

9297970030

Asarfi Health Educity,Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad-828105

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

राजधानी

दुमका, मंगलवार, 13 मई 2025| पेज 2


## संक्षिप्त खबरें

### नामकुम में बाघ होने की सूचना पर वन विभाग छानबीन में जुटी

**रांची ।** नामकुम थाना क्षेत्र के रईसा मोड़ के जंगल की है ग्रामीणों ने अहले सुबह एक मवेशी का क्षत-विक्षत शव देखकर हैरत में पड़ गए और फिर वन विभाग को इसकी जानकारी दी। वन विभाग की टीम उक्त स्थल पर पहुँच कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। वन विभाग ने अधिकारिक पुष्टि नहीं कि है लेकिन संभवतः जताया है कि यह घटना किसी बाघ द्वारा किया गया है। वन विभाग की टीम जांच शुरू कर दी है। वन अधिकारियों के अनुसार यह भी अनुमान है कि मवेशी पर हुए हमला किसी बड़े शिकारी जानवर, जैसे बाघ द्वारा किया गया हो सकता है। लेकिन इस पर तुरंत कुछ नहीं बताया जा सकता है।

### बीर, आईज कर बिरसा फिल्म का ट्रेलर अब यू ट्यूब पर देखें

**रांची।** बुद्ध पूर्णिमा के पावन दिन पर सादरी नागपुरी फिल्म बीर, आइज कर बिरसा के आधिकारिक ट्रेलर प्रीमियर के लिए यूट्यूब पर देख सकते हैं। निर्देशक डा विजय प्रकाश आन्नद ने बताया कि ये फिल्म अब यू ट्यूब पर है जिसका लिंक- https: //youtu.be/G-ksz_bAP~k है। फिल्म की खास बात इसकी विशाल स्टारकास्ट है, जो नागपुरी सिनेमा में अब तक की सबसे बड़ी मानी जा रही है। इसमें शामिल हैं – पद्मश्री मुकुंद नायक, पद्मश्री मधु मंसुरी , कवि राम उचित सिंह, विजय प्रकाश, चांदनी बाईक, मज़बूल खान, संगीता, दीपक चौधरी, मनीष, अनिल सिकदार आदि शामिल हैं। फिल्म की शूटिंग पूरी तरह झारखंड की प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर लोकेशनों पर की गई है, जिससे दर्शकों को झारखंड के अद्भुत सौंदर्य और सांस्कृतिक विरासत की झलक मिलेगी।

# जेएससीए चुनाव के लिए द टीम ने किया नामांकन दाखिल, अध्यक्ष पद पर शाहदेव ने किया नामांकन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** आगामी 18 मई को आहूत जेएससीए प्रबंधन समिति के चुनाव के लिए द टीम के सभी प्रत्याशियों ने जेएससीए इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम परिसर में नामांकन दाखिल किया। द टीम से नामांकन दाखिल करने वाले जेएससीए सदस्यों का विवरण - अध्यक्ष पद के उम्मीदवार अजय नाथ शाहदेव , उपाध्यक्षः संजय पांडे , सचिव- सौरभ तिवारी (पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर) सहसचिव- शाहबाज नदीम (पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर), कोषाध्यक्षः अमिताभ घोष वहीं मैनेजिंग कमेटी में संजय जैन, रमेश कुमार, मिहिर प्रीतेश तोपनो, परवेज खान, रत्नेश कुमार सिंह । स्कूल एंड क्लब रिप्रेजेंटेटिव : उमा महेश्वर राव शामिल हैं। द टीम से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अजय नाथ शाहदेव ने बताया कि जेएससीए के पूर्व अध्यक्ष



स्व अमिताभ चौधरी के पदचिन्हों पर चलते हुए जेएससीए की गरिमा का निर्वहन करते हुए इसके उद्देश्यों को पूरा करना हमारा मकसद है । राज्य में क्रिकेट के उत्तरोत्तर विकास और झारखंड के प्रत्येक जिले में खिलाड़ियों को बेहतर साधन संसाधन के आगे बढ़ाने व तराशने के लिए हम कृतसंकल्प हैं।रांची में क्रिकेट स्टेडियम बनने के बाद यह पहला चुनाव है जब हम सबके बीच अमिताभ चौधरी जी नहीं हैं, उनकी कमी हम बेहद महसूस कर रहें हैं। स्व चौधरी ने झारखंड में क्रिकेट को बुलंदियों तक पहुंचाने का सपना देखा था जिसे उन्होंने अपने मेहनत व लगन से पूरा किया। हम सौभाग्यशाली हैं कि हमने उनके साथ काम किया। उनके बहुत सपने जो अधूरे रह गये हैं उसे हम पूरा करने के लिए कृतसंकल्प हैं। शाहदेव ने बताया कि जेएससीए की गरिमा को अक्षुण्ण रखने व राज्य में क्रिकेट के विकास के लिए वे चुनाव लड़ रहे हैं। जेएससीए के सभी माननीय सदस्यों का साथ व आशीर्वाद उनके साथ है।

द टीम के बारे में उन्होंने बताया कि यह एक संपूर्ण टीम है? जिसमें हमारे झारखंड के पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर सौरभ तिवारी सचिव पद के प्रत्याशी हैं वहीं पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर शाहबाज नदीम सह सचिव पद के लिए नामांकन दाखिल किया है। अनुभवी लोगों की टीम है जो काफी वर्षों से झारखंड में क्रिकेट के विकास के लिए जेएससीए को अपना योगदान व साथ देते आ रहे हैं।नामांकन दाखिल में जेएससीए के निवर्तमान अध्यक्ष संजय सहाय, उपाध्यक्ष डॉ नरेंद्र सिन्हा, पूर्व अध्यक्ष डॉ नफीस अख्तर खान, राजेश वर्मा बॉबी, सुनील साहू,पी एन सिंह, राजीव बधान,असीम कुमार सिंह,जय कुमार सिन्हा,विनय बिहारी कर्ण, क्रिकेटर इशांक जग्गी, क्रिकेटर मोनू सिंह, मनोज यादव, विजय पुरी, शैलेन्द्र कुमार,उमा जयसवाल,उदय साहू, अरविंद सिंह, सुरेश कुमार एवं काफी संख्या में जेएससीए के सदस्यगण उपस्थित थे।

## डबल मर्डर से रांची में दहशत, बढ़ते अपराध को कंट्रोल करने में पुलिस असफल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची में कानून व्यवस्था लचर होते जा रहा है। खास कर हटिया क्षेत्र के थानों में। भले पुलिस अपराधियों को गिरफ्तार कर ले लेकिन लोगों की नजरों में पुलिस का डर अपराधियों में कम हुआ है जिसका नतीजा बढ़ते अपराध हैं। ऐसा ही एक और डबल मर्डर ने रांची वासियों में भय पैदा कर दिया है। धुर्वा थाना क्षेत्र में देर रात द् युवकों का गला रेतकर की हत्या कर दी गई। इस घटना से न सिर्फ धुर्वा क्षेत्र में बल्कि रांची जिला में हंडकप मचा हुआ है। पुलिस ने दोनों युवकों के शव बरामद कर लिया गया है लेकिन खबर लिखे जान तक शवों की पहचान नहीं हो पाई है। बताया गया कि रविवार की देर रात धुर्वा थाने की पुलिस को सूचना मिली कि धुर्वा के बालसिरिंग स्थित पुल के पास दो युवकों के शव पड़ा हुआ है। पुलिस टीम घटना स्थल पर मौके पहुंची। दोनों मृतकों की हत्या को अंजाम किसी धारदार हथियार से अंजाम दिया गया है। पहली दृष्टि में हत्या किसी दूसरी जगह पर की गई है जबकि शवों को यहां लाकर फेंका गया है। हटिया डीएसपी प्रमोद मिश्रा आसपास के लोगों से पूछताछ के बाद भी दोनों की पहचान अब तक नहीं हो पाई थी। दोनों की तस्वीरें रांची के सभी थानों में भेजी गई है।

## बुद्ध पूर्णिमा पर राधा-कृष्ण मंदिर में हुई पूजा-अर्चना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** प्रणामी ट्रस्ट की ओर से संचालित पुंदाग स्थित श्री राधा-कृष्ण मंदिर में बुद्ध पूर्णिमा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्री राधा कृष्ण का अलौकिक श्रृंगार, विशेष पूजा अर्चना, प्रसाद भोग, भजन कीर्तन एवं सामूहिक महाआरती का आयोजन किया गया। श्री श्याम जी को फल,मेवा,चूरमा,पेड़ा का विधिवत भोग पुजारी अरविंद पांडे ने लगाया और विधि विधान से पूजा-अर्चना और महाआरती की गई। उपस्थित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हाथ जोड़कर भगवान श्री राधा कृष्ण से विश्व शांति के लिए प्रार्थना की। इसके बाद सबों ने सामूहिक महाआरती मे भाग लिया। श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद भोग का वितरण किया? गया। बाद में भजन- कीर्तन के कार्यक्रम में ट्रस्ट के सदस्य और महिला श्रद्धालुओं ने मनमोहक सुमधुर भजनों की अमृत धारा बहाई। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल जालान, सचिव मनोज चौधरी, सज्जन पाडिया, पूरणमल सर्राफ,सुरेश भगत, सुरेश अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

## डीएसपीएमयू का नाम बदलकर वीर बुद्धु भगत विश्वविद्यालय किये जाने पर खुशी की लहर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अंजुमन फरोग उर्दू झारखंड, ऑल इंडिया आईडियल टीचर्स एसोशिएशन एवं यूनाइटेड मिल्ली फोरम की संयुक्त बैठक मस्जिद जाफरिया रांची में हुई, जिसमें डीएसपीएमयू का नाम बदलकर शहीद वीर बुद्धु भगत विश्वविद्यालय किए जाने पर खुशी जाहिर की गई।

वक्ताओं ने कहा कि झारखंड की धरती आदिवासी लोगों के सामूहिक संघर्ष, त्याग और प्रकृति प्रेम के कारण हमेशा महान रही है और आज भी अपनी सादगी और मानवीयता के साथ जंगल, जमीन और जमीन को लेकर शोषण और नफरत के खिलाफ शांति और न्याय के संघर्ष के रास्ते पर चल रही है। झारखंड राज्य के गठन के बाद अब हम सभी एक नए युग में प्रवेश कर चुके हैं, जिसके फलस्वरूप नई पहल की जा रही है।

इस संबंध में हमारी स्थिति बिल्कुल स्पष्ट है कि हम सभी जन आकांक्षाओं, लोकतांत्रिक मूल्यों एवं निष्पक्ष निर्णयों का पूर्ण समर्थन करते रहे हैं तथा भविष्य में भी करते रहेंगे। हमारा मानना है कि इस श्रृंखला की एक कड़ी रांची स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय का नाम बदलकर शहीद वीर बुद्धु भगत के नाम पर रखने का निर्णय है। हम इस निर्णय को जननायकों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि मानते हैं। सरकार निर्णय सराहनीय है। हम सभी को हमें अपने इतिहास के उज्ज्वल अध्यायों और इसे नया जीवन देने वाले नायकों को कभी नहीं भूलना चाहिए। इस निर्णय से झारखंड के मूल इतिहास और पहचान को वह स्थान मिलेगा जिसका वह हकदार है। आशा करते हैं कि झारखंड की राजधानी रांची में शहीद वीर बुद्धु भगत के नाम पर स्थापित यह विश्वविद्यालय नई पीढ़ी के बीच उपनिवेशवाद और शोषण के विरुद्ध रचनात्मक सामूहिक संघर्ष का प्रतीक प्रतीक बनेगा।

बैठक में शहर की कई प्रसिद्ध हस्तियों ने भाग लिया।

## श्री श्री रविशंकर के जन्मदिवस आज, कई कार्यक्रम होंगे आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** विख्यात आध्यात्मिक प्रणेता श्री श्री रविशंकर के 69 वें जन्मदिवस के अवसर पर मंगलवार को राजधानी रांची में कई कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इस अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग के रांची केंद्र के प्रथम तल्ला, राजयोग केंद्र, जेल रोड में रक्तदान शिविर का आयोजन लाइफ सेवर्स करेगी। देश में मौजूदा स्थिति को देखते हुए सभी कार्यक्रमों को राष्ट्र-भक्ति के प्ररिपेक्ष्य में आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। केंद्र में गुरुपूजा के बाद सुमधुर भजनों का सत्संग होगा। इसके बाद ध्यान, राष्ट्र के लिए प्रार्थना सभा और मंत्रोच्चारण पाठ का भी आयोजन किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री बताएं राज्य में डीआईजी बड़ा या डीएसपी : बाबूलाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने फिर एकबार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर बड़ा निशाना साधा। मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड के लोगों को आपसे इस सवाल का जवाब चाहिए कि राज्य के कानून में डीआईजी बड़ा या डीएसपी। कहा कि समाचारों से ज्ञात हुआ कि धनबाद इलाक़े के कुछ पुलिसकर्मियों का तबादला डीआईजी की प्रशासनिक कारवाई की अनुशंसा पर हुआ था। फिर



किसी डीएसपी की रिपोर्ट पर उन पुलिसकर्मियों का तबादला रोक दिया गया। जिसपर पुलिसकर्मियों के एसोसिएशन ने भी इस तबादले और स्थगन की प्रक्रिया पर सवाल उठाकर जॉच की माँग की है। कहा कि अनौपचारिक रूप से कई पुलिसवालों ने मुझे बताया है कि पुलिस मुख्यालय एनजीओ के कुछ लोग ट्रांसफ़र पोस्टिंग की दुकान खोलकर बैठ गये जहॉं सबकुछ क़ायदे-क़ानून को ताक पर रख कर हो रहा है।कहा कि आख़रि ऐसा हो भी क्यों नहीं, जब राज्य में कोई डीजीपी नहीं है और जिनसे डीजीपी का काम असंवैधानिक एवं ग़ैर क़ानूनी तरीक़े से लिया जा रहा है और वे बिना वेतन के ख़ुशी-ख़ुशी अपनी ÷सेवा÷ दे कर पूरे पुलिस महकमे और जनमानस के बीच इस ÷अवैतनिक सेवा÷ के लिये हँसी-मजाक के पात्र बने हुए है।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं ऐसे हालातों केलिए जिम्मेवार हैं। उन्हें इन सवालों का जवाब अविलंब देना चाहिए।

## अनाथ हुए बच्चों की खबर पर झालसा ने लिया संज्ञान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मीडिया में छपी खबर माता-पिता के आकस्मिक निधन होने से बच्चों के अनाथ हो जाने पर झारखंड हाई कोर्ट के न्यायाधीश-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा सुजित नारायण प्रसाद ने सोमवार को संज्ञान लिया है। झालसा अध्यक्ष ने झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार और जिला विधिक सेवा प्राधिकार को आदेश दिया है कि वह तत्काल टीम गठित कर बेड़ो प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली गांव में पहुंचकर इन बच्चों को विधिक



सहायता दे। निर्देश का पालन करते हुए न्यायायुक्त के मार्गदर्शन में डालसा के सचिव (ईंचार्ज) अभिषेक श्रीवास्तव, पीएलवी, सतीश कुमार, सधनी कुमारी, दिनेश कुमार प्रमाणिक सहित अन्य की टीम गठित कर बच्चों से मिलकर उन्हें हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

सरकारी योजनाओं की दी जानकारी टीम ने पीड़ित परिवार से मिलकर पीड़ित परिवार को कई सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। डालसा टीम ने एक कमजोर परिवार की पहचान की गई। इसमें एक बुजुर्ग महिला और तीन अनाथ बेटियां हैं। चारों खराब आवासीय परिस्थितियों में रह रहे हैं और बुनियादी कल्याण अधिकारों तक पहुंच से वंचित हैं। तत्काल कानूनी सहायता शुरू की गई और पेंशन योजनाओं, आवास, राशन और शिक्षा लाभों तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कार्रवाई की जा रही है। टीम ने बाल कल्याण विभाग से संपर्क किया और उन्होंने तीनों लड़कियों को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में प्रवेश दिलाने का आश्वासन दिया है।

## रांची के एक युवक को विधायक सीपी सिंह द्वारा गलत फंसाने पर जमकर भड़के मंत्री डॉक्टर इरफान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने भाजपा के रांची विधायक सीपी सिंह पर जमकर भड़के और कहा कि आप जैसे नेताओं की जहरीली जुबान ही इस देश में नफरत की असली जड़ है। एक बच्चे की सोशल मीडिया पर की गई गलती को आप आईएसआई से जोड़ रहे हैं–ये सिर्फ ओछी राजनीति है, और आपकी मानसिक दिवालियापन का प्रमाण भी। अगर आपके पास सबूत है तो कानून को सौंपिए, लेकिन धर्म-विशेष, मौलवियों और मदरसों को बदनाम करने का ठेका आपको



किसने दिया है? आपकी यह घृणित सोच न तो देशभक्ति है, न राष्ट्र सुरक्षा की चिंता–बल्कि समाज को बाँटने वाली एक खतरनाक साजिश है। आप बार-बार मुसलमानों को टारगेट करते हैं, क्या यही है आपका राष्ट्रवाद?

मैं आपको खुली चुनौती देता हूं–अगर हिम्मत है तो एक भी सबूत देश के सामने रखें कि वो युवक किसी आतंकी संगठन से जुड़ा है। वरना चुपचाप अपने राजनीतिक रिटायरमेंट की तैयारी कीजिए।आपको सोचना चाहिए कि उस मासूम बच्चे की मां पर क्या बीत रही होगी? एक मां की बेबसी, उसका रोता हुआ चेहरा और उसकी हाय आपको ज़रूर लगेगी।देश को आप जैसे नफरत के सौदागरों से ही सबसे बड़ा खतरा है। कानून पर भरोसा रखिए, नफरत फैलाना बंद करिए। मैं बार-बार आपको नसीहत दे रहा हूं कि आप सुधर जाइए। यह आपके लिए हित में होगा। ज़हर उगलना बंद कीजिए।

## विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय महामंत्री बजरंग बागड़ा आज रांची में

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय महामंत्री बजरंग बागड़ा अपने दो दिन के झारखंड प्रवास पर 13 मई को रांची पहुंच रहे हैं। इन दो दिनों में विहिप कार्यकर्ताओं , तथा सामाजिक, धार्मिक श्रेणी के साथ अलग-अलग बैठकें करेंगे। विश्व हिंदू परिषद के झारखंड प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र ने बताया 13 मई को प्रातः 10ः00 बजे से एयरपोर्ट रोड स्थित होटल ग्रीन एकर्स में अधिवक्ताओं के साथ बैठक, दोपहर 2ः00 बजे हटिया में समरसता संगोष्ठी, शाम 6ः00 बजे मोराबादी में व्यावसायिक वर्ग के साथ बैठक करेंगे।

## डीएवी के जोन बी और जे का शिक्षक संवर्धन कार्यशाला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** डीएवी पब्लिक स्कूल, झारखंड जोन-बी और जे से संबंधित विद्यालयों के शिक्षकों के लिए तीन-दिवसीय शिक्षक संवर्धन कार्यशाला का शुभारंभ सोमवार को हुआ। कार्यशाला रांची स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल, डीएवी कपिलदेव और डीएवी गांधीनगर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। कार्यशाला में ईईडीडी, हिंदी,संस्कृत, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, वाणिज्य,सामाजिक विज्ञान, कम्प्यूटर साइंस, पीएचई, संगीत सहित अन्य विषयों में शिक्षण की प्रक्रिया में आनेवाले ग्रे एरिया (काठिन्य क्षेत्र) पर विषय विशेषज्ञों ने व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत



किए। इसमें डीएवी विद्यालयों के लगभग 300 शिक्षक-शिक्षिकाएं ज्ञान का संवर्धन कर रहे हैं।

नूतन विचारों व प्रयोगों की जरूरत इस अवसर पर एमके सिन्हा, प्राचार्य-सह-प्रशिक्षण समन्वयक, डीएवी कपिलदेव, ने कहा कि समय के साथ शिक्षक की भूमिका में न केवल परिवर्तन आया है,बल्कि जिम्मेदारियां भी बढ़ी हैं। इसलिए शिक्षक को निरंतर सीखते रहने की जरूरत है।

इस प्रकार की कार्यशालाएं हमें शिक्षण की नवीनतम पद्धतियों और विद्यार्थियों की जरूरतों के अनुसार खुद को ढालने में सक्षम बनाती हैं। विपिन राय, प्राचार्य-सह-प्रशिक्षण समन्वयक, डीएवी हेहल ने कहा कि शिक्षक एक दिशा-संकेतक होता है, जो विद्यार्थियों के जीवन को उजाले की ओर ले जाता है। यह कार्यशाला शिक्षकों को न केवल एकेडमिक रूप से समृद्ध बनाएगी, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी नई ऊर्जा देगी। शिक्षण एक सतत प्रक्रिया है, जिसमें नित नूतन विचारों व प्रयोगों की आवश्यकता होती है। ऐसे आयोजनों से यह परिपक्वता आती है।

एसके मिश्रा, प्राचार्य, डीएवी बरियातू ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र की नींव होते हैं। उन्हें अद्यतन जानकारी और प्रासंगिक शिक्षण पद्धतियों से लैस करना आवश्यक है।

## क्या मंईयां सम्मान योजना झारखण्ड की बेटी-बहनों के साथ धोखा है ? : राफिया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज़ ने झारखंड सरकार की ओर से मंईयां सम्मान योजना के तहत 5.46 लाख बहन-बेटियों को अपात्र ठहराने के निर्णय पर गहरी नाराज़गी जताई है। सोमवार को उन्होंने कहा कि यह निर्णय हेमंत सोरेन सरकार की दोहरी नीति और वोट बैंक राजनीति का स्पष्ट प्रमाण है, जिसने पहले इन गरीब बहन-बेटियों को योजना में शामिल कर वोट बटोरे और अब चुनाव बाद उन्हें अपात्र बताकर अपमानित किया जा रहा है। राफिया ने प्रश्न उठाया कि क्या यह एक राजनीतिक षड्यंत्र नहीं है, जिसमें हेमंत सोरेन सरकार ने इन गरीब बहन-बेटियों को सिर्फ वोट बैंक की भेंट चढ़ाया और चुनाव के पश्चात अपात्र घोषित कर उनका अपमान किया? उन्होंने चेतावनी दी कि यदि एक भी बहन-बेटी से योजना की राशि वसूल की गई तो भारतीय जनता पार्टी बहन-बेटियों का अपमान क़तई बर्दाश्त नहीं करेगी। राफिया ने कहा कि हेमंत सरकार पैसे देकर वोट लेती है, लेकिन फिर सत्ता में आने के बाद वसूली करती है। यही इनका असली चरित्र है।



उन्होंने कहा कि मार्च 2025 तक आधार लिंकिंग और दस्तावेजी सत्यापन के नाम पर केवल 37.55 लाख बहन-बेटियों को ही स्थायी रूप से लाभ मिला, लेकिन अब अचानक 5.46 लाख को अपात्र कहकर सूची से हटाया जा रहा है। इतना ही नहीं अब सरकार उनसे वसूली की भी बात कर रही है, तो मुख्यमंत्री यह बताएं कि बहन-बेटियां क्या लोन लेकर आपको राशि लौटाएंगी? या फिर आप बहनों-बेटियों को ऋणी बनाने के लिए अग्रसर हैं?

राफिया ने कहा कि अगर ये बहन-बेटियां वास्तव में अपात्र थीं, तो उन्हें डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से राशि क्यों दी गई? क्या यह योजना नहीं, बल्कि धोखा था? उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन से पूछा कि क्या बहन-बेटियां अब ऋण लेकर सरकार को पैसा लौटाएंगी? क्या उन्हें ऋणी बनाकर अपमानित करने की तैयारी है?

## सीए प्रोफेसनल्सर ने की नकटा पहाड़ की पैदल चढ़ाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** दी इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की रांची शाखा के बैनर तले विशेष ट्रेकिंग कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को किया गया। कार्यक्रम में सीए प्राफेशनल्स ने रांची के चान्हो थाना स्थित प्रसिद्ध नकटा पहाड़ की पैदल चढ़ाई पूरी की। कार्यक्रम में रांची के कई चार्टर्ड अकाउंटेंट्स और उनके परिवारजनों ने भाग लिया। इस आयोजन का उद्देश्य व्यावसायिक जीवन की व्यस्तता के बीच स्वास्थ्य, फिटनेस और आपसी सामंजस्य को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडरा बाजार के नजदीक से हुआ, जहां से सभी प्रतिभागी नकटा पहाड़ की ओर रवाना हुए।

**प्रतिभागियों में दिखा जबरदस्त उत्साहः** चढ़ाई के दौरान प्रतिभागियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला और सभी ने प्राकृतिक सौंदर्य का भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों जलपान की व्यवस्था भी की गई थी। रांची शाखा के चेयरमैन सीए अभिषेक केडिया ने सभी प्रतिभागियों का आभार प्रकट करते कहा कि हमारा उद्देश्य है कि हम प्रोफेशनल्स न



केवल मानसिक रूप से, बल्कि शारीरिक रूप से भी स्वस्थ रहें। ऐसे आयोजन हमें आपसी मेलजोल के साथ-साथ प्रकृति से जुड़ने का अवसर भी प्रदान करते हैं। कार्यकर्म के आयोजन में आईसीएआई, रांची की शाखा के संजोजक सीए निखिल अग्रवाल, सीए सिद्धार्थ साबू और सीए हेमंत माहेश्वरी का महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## मसलिया में ओल चिकी लिपि के जनक पंडित रघुनाथ मुर्मू का 120 वीं जयंती मनाई गई

**मसलिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मसलिया प्रखंड के झिलवा गांव में ग्रामीणों ने संताली भाषा के ओल चिकी लिपि के जनक गुरु गोमके पंडित रघुनाथ मुर्मू का 120 वीं जयंती धूमधाम से मनाई।इस अवसर पर आदिवासी रीति-रिवाज के अनुसार पूजा अर्चना कर उपस्थित ग्रामीणों ने गुरु गोमके को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। कार्यक्रम में पंडित रघुनाथ मुर्मू की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। मौके पर जीव मुर्मू, धुनिराम मुर्मू, ठाकुर मुर्मू, शुरू मुर्मू, चिंतामुनि मरांडी आदि उपस्थित थे।



## गौतम बुद्ध के अवतरण दिवस पर किया गया पौधारोपण

**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुद्ध पूर्णिमा के मौके पर अहिंसा के दूत गौतम बुद्ध जी के अवतरण दिवस पर पीपल का पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर उनके तैलयचित्र पर माल्यार्पण व श्रद्धासुमन अर्पण किया गया। आज दो सत्रों में महात्मा बुद्ध जी के अवतरण दिवस पर दिन कुरूवा शहरी जलापूर्ति योजना डब्लूटीपी कैम्पस में पीपल पेड़ का विधी विधान से पूजा अर्चना कर पौधारोपण किया गया। जिसमें ठाकुर श्याम सुन्दर सिंह, अशोक कुमार राउत, सिविल सोसायटी दुमका के सचिव संदीप कुमार जय बमबम, झंटु कुमार साहा, विनय कुमार सिंह, विमल मंडल, विभिषण मंडल, विवेक, तरुण, नवीन, सविता देवी आदि उपस्थित थे। दूसरे सत्र में वीर कुंवर सिंह चौक दुर्गा मंदिर प्रांगण में गौतम बुद्ध जी के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजली अर्पण कर प्रसाद स्वरूप खीर का भोग अर्पित किया गया।



## प्रेरणा शाखा ने नर्सों को पौधा देकर सम्मानित किया

**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा शाखा ने अंतरराष्ट्रीय नर्स डे पर नर्सों को पौधा देकर सम्मानित किया। इस मौके पर केक कटिंग समारोह भी आयोजित किया गया। जिसमें फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल की नर्सों ने भाग लिया। नर्सों के लिए लिखी गई चार लाइनें : नर्सें हमारे जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, उनकी सेवा और समर्पण से हम स्वस्थ रहते हैं। उनकी मेहनत और लगन से हमारा जीवन सुरक्षित रहता है, हम उनके प्रति आभारी हैं और उनका सम्मान करते हैं। कार्यक्रम में संरक्षिका रिंकू मोदी, पूजा मोदी, बरखा मित्तल, श्वेता अग्रवाल, नेहा सर्राफ और ज्योति केडिया उपस्थित थीं। अध्यक्ष मानसी मोदी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम की नर्सों ने बहुत सराहना की और कहा कि हर साल सम्मानित किए जाने से उन्हें सेवा करने की प्रेरणा मिलती है।



## संविधान बचाव रैली की सफलता को लेकर प्रखंड कांग्रेस कमिटी की बैठक सम्पन्न

**जामा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जामा प्रखंड अध्यक्ष विमल बेसरा की अध्यक्षता में सोमवार को प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन सृजन और वर्तमान परिपेक्ष में कार्यकर्ताओं के साथ मंथन करना था। बैठक में आने वाले दिनों में जामा में संविधान बचाओ रैली की सफलता को लेकर कार्यकर्ताओं से चर्चा की गयी। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड के प्रभारी पर्यवेक्षक प्रेम कुमार साह उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए श्री साह ने कहा कि अब प्रखंडों में और प्रखंड से लेकर पंचायत एवं मंडल सहित सभी वार्डों में एक- अध्यक्ष दो-दो उपाध्यक्ष और नौ- नौ महासचिव यानी हर स्तर पर 12 व्यक्ति की कमेटी बनेगी। आज की बैठक में 12 सदस्यीय कमेटी बनाई गयी। कमेटी की लिस्ट जिला को सुपुर्द की जायेगी। आने वाले दिनों में मंडल कमेटी एवं पंचायत कमेटी का भी गठन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि आज जिस प्रकार से देश में सत्तारूढ़ दल संविधान की धज्जियां उड़ा रहे हैं अब वक्त आ गया है एक-एक व्यक्ति को संविधान की जानकारी देनी है और संविधान को बचाने हेतु जामा में रैली कर लोगों को जागरूक करना है।



## महिला किसानों के बीच हुआ यूरिया का वितरण

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आत्मा परियोजना के सहयोग से ग्राम साथी संस्था के द्वारा संचालित एंपावर्ड परियोजना के 200 परियोजना प्रतिभागियों को 50 किलोग्राम डोलोमाइट एवं 500 एमएल नैनो यूरिया का वितरण किया गया। प्रखंड तकनीकी प्रबंधक अवधेश कुमार ने बताया कि डोलोमाइट जो कि कैल्सियम और मैग्नीशियम कार्बोनेट का एक मिश्रण है। विभिन्न क्षेत्रों में उपयोगी है। कृषि में यह मिट्टी की अम्लता को कम करता है और पौधों के लिए महत्वपूर्ण पोषक तत्व प्रदान करता है। डोलोमाइट में मैग्नीशियम और कैल्शियम होते हैं, जो पौधों के लिए आवश्यक पोषक तत्व हैं. डोलोमाइट मिट्टी की संरचना में सुधार करता है, जिससे पानी और पोषक तत्वों का अधिक बेहतर तरीके से अवशोषण होता है। नैनो यूरिया फसल की बढ़वार एवं कृषि विकास के लिए आवश्यक पोषक तत्व नाईटोजन प्रदान करता है। नैनो यूरिया नैनो तकनीक से विकसित इफको नैनो यूरिया तरल, फसल की क्रांतिक अवस्थाओं पर स्प्रे करने पर, प्रभावी तरीके से फसल में नाइट्रोजन की मांग को पूरा करता है। इसका उपयोग साधारण यूरिया एवं अन्य नाइट्रोजन युक्त उर्वरकों के स्थान पर किया जाता है, जिससे बेहतर पर्यावरण और किसानों को अधिक लाभ होता है। प्रखंड तकनिकी प्रबंधक ने कहा कि परियोजना से जुड़े प्रतिभागियों को भविष्य मे मकई बीज, धान बीज कृषि उपकरण आदि प्रदान किया जायेगा. उन्होंने यह भी बताया कि दिनांक 14 मई को ग्राम साथी की सभी कर्मियों के लिए एक कार्यशाला आयोजित की जाएगी। जिसमे वितरण किये गए सामग्रियों की उपयोग करने के तरीके कृषि विभाग की योजनाओं आदि के बारे मे प्रशिक्षण दिया जायेगा। मौक़े पर प्रखंड समन्वयक मुकेश कुमार गुप्ता, खुशबु कुमारी, रुपेश कुमार, मंजू हांसदा, शिवानंद शिवम, सम्बंधित स्मार्ट सखी एवं परियोजना प्रतिभागी मौजूद थे।

## मंदिर जीर्णोद्धार को लेकर अनुष्ठान व भूमि पूजन पांच को

**गोड्डा (प्रभात मंत्र संवाददाता):**बसंतराय प्रखंड के महेशपुर शिवमंदिर के जीर्णोद्धार को लेकर निर्माण कार्य शुरू करने के पूर्व शिवमंदिर परिसर में ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई।सर्वसम्मति से विद्वान पंडित की राय के अनुसार नये मंदिर के निर्माण को लेकर भूमि पूजन , शिवलिंग एवं माता पार्वती के विग्रह के विस्थापन को लेकर अनुष्ठान की तिथि आगामी पांच जून 2025 निश्चित की गई । शिव-पावंती मंदिर जीर्णोद्धार से पूर्व किए जाने वाले अनुष्ठान एवं वैदिक पूजा आदि के संपादन के संबंध में संस्कृत महाविद्यालय गुरुधाम, बौसी, बिहार के पूर्व प्राचार्य पंडित रतीश चंद्र झा ने मार्गदर्शन दिए। उन्होंने वेद व शास्त्रों के आधार पर कहा कि मंदिर के गर्भ गृह का निर्माण 18 वर्ग फीट शून्य सर्वथा उचित होता है। यदि यह माप संभव नहीं हो तो गर्भ गृह का शून्य 12 वर्ग फीट के माप का बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मंदिर निर्माण से पूर्व एक दिवसीय अनुष्ठान किया जाएगा। पूजनोपरांत निर्णय सिंधु में उल्लिखित अनेकादि श्लोक एवं मंत्र के साथ रुद्राभिषेक, क्षमा प्रार्थना करते हुए बाबा महादेव से विस्थापन की अनुमति प्राप्त कर आगे का कार्य प्रारंभ किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रयास हो कि प्राचीन शिवलिंग सुरक्षित रूप से संग्रहित कर लिया जाय।

# ओल चिकी लिपि का 100 वां वर्षगांठ मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दुमका :** दिसोम मांझी बाबा बीनीलाल टुडू के नेतृत्व में दिसोम मांझी थान दुमका के प्रांगण में पंडित रघुनाथ मुर्मू की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनकी जयंती को ओलचिकी लिपि का 100 वाँ वर्षगांठ के रूप में मनाया गया। इस वर्षगांठ में संथाल परगना के विभिन्न क्षेत्रों से आतो मोड़ें होड़ समेत बुद्धिजीवी शामिल हुए। सर्वप्रथम दिसोम मांझी बाबा बीनीलाल टुडू व दिसोम जोग मांझी बाबा मोहन टुडू के अगुवाई में दिसोम मांझी थान में बोंगा बुरु हुआ। तत्पश्चात गुरु गोमके पंडित रघुनाथ मुर्मू के तस्वीर पर सभी ने बारी-बारी से माल्यार्पण किया गया। माल्यार्पण के पश्चात् एक बैठक हुई जिसमें डॉक्टर सुजीत सोरेन, प्रो. ईश्वर मरांडी, मनोज कुमार मरांडी, नाजीर हेंब्रम, सुभाष मुर्मू, सुरेंद्र हांसदा, मंत्री मुर्मू, लुखीराम मुर्मू, रघुनाथ हांसदा ने पंडित रघुनाथ मुर्मू के जीवनी के साथ-साथ धर्म व संस्कृति के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही 12 मई को होने वाला धर्म सम्मेलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम को भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के कारण स्थगित किया गया था। पुनः उसी कार्यक्रम को आगामी 31 मई को करने पर सहमति बनी। आपको बता दें पंडित रघुनाथ मुर्मू का जन्म 1905 में बुद्ध पूर्णिमा के दिन भारत के मयूरभंज राज्य (ओडिशा) के डहारडीह गांव में हुआ था। लोग उन्हें प्यार से गुरु गोमके के नाम से बुलाते हैं। वे संथाली लेखक, शिक्षक और ओलचिकी लिपि के आविष्कारक थे। बैठक में अशोक हांसदा, मुकेश आरडीएक्स टुडू, मुन्ना मरांडी, लाईनदु मुर्मू, बीडी किस्कू, सीमांत हांसदा, प्रेम हांसदा, देवराज हांसदा, लवकिशोर टुडू, मनोज किस्कू, सुशील मरांडी, शिवशंकर सोरेन, सुनील मरांडी समेत सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# ठाकुरगंगटी प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव का जलमीनार खराब



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ठाकुरगंगटी :** प्रखंड अंतर्गत फुलबडिया पंचायत के तीन तीन गांव में इन दिनों पेयजल की घनघोर समस्या उत्पन्न हो गई है। पीने के पानी को लेकर ग्रामीण त्राहिमाम हो रहे है बावजूद विभाग गहरी नींद आराम से सो रही है। ग्रामीण बताते हैं कि पंचायत के गमराह, फुलबड़िया और सोनपुर गांव में लगा सोलर जलमीनार विगत आठ माह से खराब पड़ा हुआ है जिससे गांव के लोग पीने के पानी को लेकर त्राहिमाम हो रहे है बाबजूद विभाग सुधि नहीं ले रहा है। बताते हैं कि तीनों गांव के लगभग तीन हजार की आबादी इस भीषण गर्मी में पेयजल को लेकर हलकान है। गांव के ग्रामीण जीतराम हांसदा, तल्लु टुडू, भागवत हांसदा, मनोज टुडू, होपना टुडू ने बताया की यह गांव सड़क के दोनों किनारे लंबी दूरी तक तीनों गांव बसा हुआ है जहां सभी आदिवासी समुदाय के लोग रहते है। गमराह गांव के शास्त्री टुडू घर के सामने, फुलबड़िया गांव के कालिदास हेंब्रम घर के सामने एवं फुलबड़िया गांव के लखीराम घर के पास लगाया गया सोलर जलमीनार विगत आठ महीनों से खराब पड़ा हुआ है जिससे गांव में लोगो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में दुमका जिला के 4404 पीवीटीजी के लाभुकों को मिल रहा आवास का लाभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दुमका :** झारखंड के संथाल परगना क्षेत्र में स्थित दुमका जिला जहां की अधिकांश जनसंख्या संथाल एवं पीवीटीजी समुदायों की है। वे वर्षों से बुनियादी सुविधाओं के अभाव में जीवन यापन कर रहे थे, लेकिन प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान ने इन इलाकों की तस्वीर बदल दी है। जिससे जो ग्राम पहले सड़क, बिजली, पानी और स्वास्थ्य सेवाओं की कमी से जूझ रहा था, अब एक आदर्श ग्राम बनने की राह पर है। प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 4404 पीवीटीजी लाभुकों को आवास की स्वीकृति मिली है। जिससे पहले झोपड़ी में रहने वाले पीवीटीजी परिवारों को अपना पक्का मकान मुहैया हो पायेगा। दुमका जिलान्तर्गत 15 वनधन विकास केन्द्र संचालित है। जिससे महिला गाँव और वन क्षेत्र में ही वन उपज पर स्थानीय रोजगार मिला है, जिसके कारण ग्रामीणों का पलायन कम हुआ है। इस योजना के तहत महिलाओं को स्वयं सहायता समूह के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त कर अपना स्वरोजगार एवं घरेलू उद्योग के माध्यम से अपना आय का साधन में बढ़ावा मिला है। इस जिला को पीवीटीजी बाहूल्य क्षेत्र में 4 मल्टी पर्पस सेंटर का निर्माण प्रस्तावित है। जल जीवन मिशन के तहत ग्राम में हर घर जल योजना से स्वच्छ पेयजल की सुविधा का लाभ मिलना प्रारंभ हो गया है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना एवं आयुष्मान भारत योजना के कार्ड बनने से लोगों को ग्राम से शहर इलाज के लिए नहीं जाना पड़ता है। गांव में स्कूलों में कम्प्यूटर एवं डिजिटल क्लासरूम के माध्यम से ऑनलाईन शिक्षा मुहैया करायी जा रही है। महिला स्वयं सहायता समूहों को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत ऋण दिया जाता है, जिससे कई महिलाओं ने बकरी पालन, हस्तशिल्प और कृषि आधारित लघु उद्योग शुरू किया है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ग्रामों में पक्की सड़क का निर्माण हुआ है एवं वर्त्तमान में 34 सड़को का निर्माण प्रस्तावित है, जिससे बाजार और प्रखंड मुख्यालय तक पहुँचना आसान हुआ है।

### बसंतराय के धपरा गांव में आयोजित अखंड हरी कीर्तन में पहुंचे श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव

# सुनी लोगों की समस्या, कहा- अपनों के बीच जाकर मिलता है सुकून



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बसंतराय :** बसंतराय प्रखंड अंतर्गत धपरा गांव में 24 घंटे के अखंड हरी कीर्तन में झारखंड सरकार के श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव शामिल हुए। वहीं इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की विभिन्न समुदायों को सुना और जल्द से जल्द सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इस मौके पर पहुंचे मंत्री संजय यादव का ग्रामीणों ने फूल माला पहनाकर और भगवा अंग वस्त्र देकर उनका भव्य स्वागत किया। वहीं ग्रामीणों की समस्या सुनने के बाद मंत्री संजय यादव ने कहा कि मुख्य सड़क से प्लस टू उच्च विद्यालय घपरा तक बहुत जल्द पक्की सड़क का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा की क्षेत्र में जल्द ही विकास के सारे काम पूरे कर लिए जाएंगे। कहा कि क्षेत्र में किसी तरह का आयोजन होता है तो मैं भाई, बेटा और परिवार के नाते पहुंचता हूँ, मुझे लोगों का प्यार मिलता रहा है। आज भी यहां के लोगों का प्यार हमें खींचकर इस चिलचिलाती धूप में भी ले आया है, जहां अपनों के बीच आकर सुकून सा लगता है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष के पास आलोचना के सिवा कोई काम नहीं बचा है। उन्होंने मौके पर मौजूद दर्जनों फरियादियों से उनकी फरियाद सुनी और निष्पादन का भरोसा दिलाया। मौके पर उप प्रमुख बजरंगी यादव, मुखिया आलमगीर, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि जयनारायण भगत, कैलाश पंडित, मोहम्मद कुद्दूस आलम, भोला रविदास, मोहम्मद हसनैन, आदि ग्रामीण मौजूद थे।

# मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह ने ठाकुर गंगटी प्रखंड को दी करोड़ों की विकास योजनाओं की सौगात



**ठाकुरगंगटी :** महगामा विधानसभा क्षेत्र के लिए शनिवार और रविवार का दिन ऐतिहासिक रहा। स्थानीय विधायक सह ग्रामीण विकास पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने ठाकुर गंगटी प्रखंड में करोड़ों की विकास योजनाओं का शिलान्यास किया।इस दौरान मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह ने ग्रामीणों से मुलाकात कर ध्यान से उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने बारीकी से सबों की सुनकर त्वरित निदान का आश्वासन दिया। उन्होंने अब तक दर्जनों ग्रामीणों और आम समस्याओं के निदान की विस्तार से जानकारी भी साझा की। क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण योजनाओं का शिलान्यास कर ग्रामीण आधारभूत संरचना के विस्तार की दिशा में एक नया अध्याय लिखा। मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह ने देर शाम तक रविवार को ठाकुर गंगटी प्रखंड में तीन बड़ी विकास योजनाओं का शिलान्यास किया।जिनमें पुल और सड़क निर्माण शामिल हैं। ये योजनाएं न सिर्फ क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएंगी, बल्कि ग्रामीण जनता को आवागमन, व्यापार और रोजगार के अधिक अवसर भी उपलब्ध कराएंगी। उन्होंने 159.400 लाख रुपए से बनने वाली चांदा से सुजानकित्ता होते हुए समदा तक सड़क सुदृढ़ीकरण निर्माण कार्य, मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के अंतर्गत तामाशाचक एवं बुधसासन के पास इमरीरी नदी पर पुल निर्माण कार्य, जिसकी प्राक्कलित राशि 397.29300 लाख रुपये है एवं मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के अंतर्गत अंटाडीह एवं पाठकचक के बीच कौवा नदी पर पुल निर्माण कार्य, जिसकी प्राक्कलित राशि 487.97600 लाख रुपये है का शिलान्यास किया। मौके पर उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ना, आवागमन में सुगमता लाना और आपदा के समय राहत कार्यों को गति देना है।

### ओल चिकी लिपि के जनक पंडित रघुनाथ मुर्मू का 120 वीं जयंती मनाया गया

# ओल चिकी लिपि के एक सौ वर्ष पूरा हुआ



**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता)** जामा प्रखंड के ऊपरबहाल गांव में ग्रामीणों ने संताली भाषा ओल चिकी लिपि के जनक गुरु गोमके पंडित रघुनाथ मुर्मू का 120 वीं जयंती बहुत धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आदिवासी रीति-रिवाज के अनुसार पूजा अर्चना कर उपस्थित ग्रामीणों ने गुरु गोमके को श्रद्धांजलि अर्पित की। पंडित रघुनाथ मुर्मू का जन्म 5 मई 1905 को ओडिशा राज्य के मयूरभंज जिला के दंडबोश गांव में बुद्ध पूर्णिमा को हुआ था। पंडित रघुनाथ मुर्मू मात्र 20 वर्ष के अल्प आयु में संथाली भाषा के लिपि ओल चिकी का अविष्कार किया। उन्होंने सन 1925 में ओल चिकी को संथाली समाज के सामने प्रदर्शित किया। ओल चिकी लिपि का 100 वर्ष पूरा हुआ। संताली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में 2003 में शामिल किया गया है।झारखंड सरकार ने 12 मई पंडित रघुनाथ मुर्मू के जयंती में अवकाश की घोषणा की है। इससे आदिवासी समाज बहुत खुश है। इस जयन्ती के अवसर में ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मांग की कि झारखंड में भी बंगाल राज्य के तर्ज में केजी से पीजी तक की पढ़ाई ओल चिकी लिपि से जल्द शुरू की जाय। इस अवसर में गांव में मेट्रिक पास छात्रों को कलम कॉपी देकर प्रोत्साहित किया गया। इस मौके पर सोनादीप हांसदा, देवराज हेम्ब्रम, शिवचरण मुर्मू, संतोष मरांडी, साइमन मुर्मू, अभिशोल बास्की, लुखीन्दर हेम्ब्रम, लीलावती हांसदा, आरती मुर्मू, सोनामुखी किस्कू, श्यामसुंदर मुर्मू, कॉंसिल सोरेन, राजकिशोर मरांडी, सुशील मुर्मू आदि के साथ काफी संख्या में ग्रामीण महिला, पुरुष और बच्चे उपस्थित थे।

## चाकू के हमले से पत्नी घायल, आरोपी पति फरार

**गोपीकांदर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोपीकांदर थाना क्षेत्र के झरियापानी गांव में पति पत्नी के बीच आपसी विवाद में पति ने चाकू से वार कर पत्नी को गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। ग्रामीणों की सहायता से घायल को गोपीकांदर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल की नाजुक हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक शिवरतिया देवी की शादी 10 साल पहले पाकुड़ जिला अंतर्गत महेशपुर थाना क्षेत्र के कदमपुर निवासी मिथुन राय के साथ हुई थी। वह दो बच्चों की मां है। शादी के बाद से ही दोनों में किसी न किसी बात को लेकर विवाद हुआ करता था। जनवरी माह दोनों में झंझट हुआ था। उसके बाद परिजन शिवरतिया को झरियापानी लेकर आए थे। सुलह होने के बाद वह सुसराल गई। लेकिन झंझट खत्म नहीं हुआ। रविवार की सुबह मिथुन ने चाकू से पेट में वार कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। घटना को अंजाम देकर मिथुन फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सुफल मुर्मू की हत्या के आरोप में अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ थाना क्षेत्र के कड़बिंधा गांव के फुटबॉल मैदान के पास सुसनिंया गांव के सुफल मुर्मू(61) की हत्या करने के आरोप में मृतक की पत्नी मेरी हांसदा के बयान पर अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।मृतक की पत्नी के आवेदन के अनुसार सुफल मुर्मू अपने घर से गुरुवार को धान कुटाने के लिए कड़बिंधा बाजार गया था। जहां से देर शाम तक उसके घर नहीं पहुंचने के बाद परिजनों ने आसपास में उसकी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल पाया। शुक्रवार की शाम में कड़बिंधा फुटबॉल मैदान के पास झाड़ियों में सुफल का शव पाया गया था। शव बरामद होने की सूचना मिलने पर परिजनों ने शव की पहचान की। मृतक के शरीर में कई जगहों पर जख्म के निशान मिले थे। परिजनों ने आशंका जताया था कि उसकी हत्या हुई है।

## नवाडीह गांव में ओल चिकी गुरु गोमके पंडित रघुनाथ मुर्मू का जन्मदिन मनाया गया

**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** वैशाख कुनामी में गुरू गोमके पंडित रघुनाथ मुर्मू के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर जामा प्रखंड के नवाडीह गांव स्थित पुस्तकालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुवात मांझी थान में पुजा पाठ के साथ हुई। पंडित रघुनाथ मुर्मू के जीवनी पर प्रकाश डाला गया। साथ ही इस ओल चिकी की महत्व को बताया गया। इस दौरान सभी ने ओल चिकी को अपनाने का संकल्प लिया। आस पास के लोगों को ओल चिकी का शिक्षा देने व प्रचार प्रसार का निर्णय लिया। ग्रामीणों द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सरकार को पंडित रघुनाथ मुर्मू जन्म दिवस पर छुट्टी देने के लिए धन्यवाद दिया। पुस्तकालय में बच्चे को दैनिक पाठ्यक्रम अध्ययन के साथ - साथ सप्ताह में रविवार के दिन ओल चिकी का मुफ्त शिक्षा अभिनंदन मुर्मू के द्वारा दी जाती है। साप्ताहिक ओल चिकी अध्ययन में गांव के हर वर्ग के स्त्री पुरुष बहुत ही रुचि के साथ निरंतर आते है। आज के इस कार्यक्रम में गांव के बच्चे के साथ साथ मनोज टुडू , सिकंदर हांसदा, चुन्नू हांसदा, अमीन हांसदा, मणिलाल मुर्मू, राजनंदन मुर्मू, मेनेजर मुर्मू, राकेश सोरेन, सेवन मुर्मू, सुरेंद्र हेंब्रम आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

## माता गंधेश्वरी की पूजा शुरू

**मसलिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मसलिया प्रखंड क्षेत्र के तिलाबाद गांव के गंधवनिक समुदाय के कुलदेवी गंधेश्वरी माता की पूजा अर्चना सोमवार को शुरू हुई। पूजा का आयोजन तीन दिवसीय है। पूजा को लेकर गन्धवनिक समुदाय के लोगो में खुशी का माहौल है। पहले दिन मां के चरणों मे 108 कमल फूल व बेलपत्र सहित अन्य पूजा सामग्री अर्पित कर आराधना की गई। पंडित सुबल चन्द्र झा के द्वारा स्थानीय तालाब में विधिवत मंत्रोच्चारण कर कलश में पवित्र जल भरवाकर का मंदिर में स्थापित कराया गया। इसके उपरांत पंडित द्वारा विधि विधान से तीन दिवसीय पूजा अर्चना शुरू की गई। प्रति वर्ष बुद्ध पुर्णिमा के दिन से पूजा की विधिवत शुरुआत होती है। मां की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा करते हुए पुजारियों द्वारा नेम निष्ठा के साथ तीन दिवसीय पूजा अर्चना की जाती है। गन्धवनिक समुदाय के लोगों द्वारा पूजा के लिए विशेष डाला सजाया जाता है। जिसमे तराजू, बटखरा, पैला, फल, फूल, मिष्ठान्य, नया साड़ी, प्रदीप इत्यादि खास कर रहता है। बता दे कि पूजा का इतिहास सैकड़ो साल पुराना है। पूजा का आयोजन रजनीकांत साधु व नन्दलाल साधु के संयुक्त प्रयास से शुरुआत हुई थी। आज उनके वंशजों के द्वारा वर्षो से करते आ रहे है। माता के दरबार मे माथा टेकने से श्रद्धालुओं का मनोकामना पूरी होती है। पूजा की शुरुआत में फुस के छप्पर व मिटटी का दीवार के एक छोटी सी मन्दिर से हुई थी। वर्त्तमान में माता की एक भव्य मन्दिर बन चूका है। गंधबनिक जाति का जातिगत पेशा किराना दुकान है। किराना दुकान में खासकर तराजू की पूजा माता गन्धेश्वरी के श्रणार्थ में किया जाता है। इस प्रखंड में एकमात्र गंधेश्वरी पूजा प्रतिमा स्थापित कर तिलाबाद गांव में ही किया जाता है। इस पूजा को लेकर गांव में उत्साह का माहौल है।

## संत सतगुरु महर्षि मेंहीं परमहंस के 141वीं जयंती पर निकाली गई प्रभात फेरी

**महागामा (प्रभात मंत्र संवाददाता):**प्रखंड अंतर्गत केंचुआ चौक सत्संग आश्रम में संत सतगुरु महर्षि मेंहीं परमहंस जी महाराज की 141वीं जयंती धूमधाम से मनायी गयी। इस अवसर पर प्रभात फेरी निकालकर महागामा के विभिन्न गालियों मोहल्ले का भ्रमण किया गया। प्रभात फेरी महर्षि मेंहीं आश्रम से महागामा बाजार बजरंगबली मंदिर होते हुए वापस आश्रम पहुंची। प्रभात फेरी में शामिल सत्संगी ढोल-बाजे के साथ गुरु महाराज के जयकारे लगा रहे थे। सबका ईश्वर एक है, जब तक जग में चांद सितारे गुरुदेव रहे अमर हमारे आदि जयकारे लोगों ने लगाकर भ्रमण किया। इस दौरान श्रीधाम वृंदावन से पधारे स्वामी सुबोध आनंद जी महाराज एवं साध्वी दीदी वृंदा माता जी ने भक्तजनों के बीच सत्संग वाचन किया। सुबोधानंद जी महाराज ने महर्षि मेंहीं परमहंस जी महाराज के जीवन व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर उपदेश दिया। उन्होंने कहा कि महर्षि जी का जीवन अत्यंत कठिनाइयों एवं अभाव में बीता। जन्म लेते ही इनकी माता जी परलोकवासी हो गयी, उनकी बड़ी बहन झुलंदे ने उनका पालन पोषण किया। चार वर्ष की अवस्था में पिता का साया भी उनके सर से उठ गया। उन्होंने अत्यंत अभाव पूर्व जिंदगी में भी ईश्वर भक्ति को नहीं छोड़ा। बाबा देवी साहब जैसे महान संत को गुरु बनाया और ध्यान साधना की कठिन तपस्या के बल पर इन्होंने ईश्वर स्वरूप का दर्शन किया।

## आर्म रेसलिंग का कांस्य जीतकर रोहित ने बढ़ाया गोड्डा का मान

**गोड्डा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जामताड़ा में रविवार को आयोजित सेकेंड झारखंड स्टेट आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में अपने भार स्पर्धा का कांस्य जीतकर रोहित कुमार सेन ने जिला का मान बढ़ाया है। इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए आर्म रेसलिंग एसोसिएशन ऑफ गोड्डा के पदाधिकारियों में सुरजीत झा, मनीष कुमार सिंह, अखिल कुमार झा, आकाश कुमार, राहुल कुमार, रौशन कुमार साह एवं जीत सिंह ने रोहित को बधाई दी है।



## झलकियां

### अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

**महेशपुर :** अंचल अधिकारी (सीओ) संजय कुमार सिंहा ने सोमवार शाम को थाना प्रभारी विकर्ण कुमार के साथ क्षेत्र भ्रमण के दौरान अवैध तरीके से बालू परिवहन कर रहे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। जब्त ट्रैक्टर को महेशपुर थाना परिसर में रखा गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि कागजपुर गांव के पास एक बालू लदे ट्रैक्टर अवैध तरीके से बालू लेकर जा रहा था। ट्रैक्टर को रोककर चालक से चालान की मांग करने पर कोई भी चालान संबंधित कोई कागज प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके बाद ट्रैक्टर को जब्त कर थाने में रखा है। सीओ ने बताया कि ट्रैक्टर जब्त की सूचना जिला खनन पदाधिकारी को दी गई है। उनके आदेश पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### फरार वारंटी को भेजा गया जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**महेशपुर :** थाना प्रभारी विकर्ण कुमार ने सोमवार को थाना क्षेत्र अंतर्गत बारहाबांध गांव के नामजद आरोपित साइमन मरांडी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित को दुमका पुलिस के हवाले कर दिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि वर्ष 2007 में दुमका थाना में तेजी एवं लापरवाही से वाहन चलाने तथा धक्का मारने के आरोप मामला दर्ज किया गया था। मामला दर्ज होने के बाद वह फरार चल रहा था। जिसे दुमका पुलिस के साथ छापेमारी कर उसके घर से गिरफ्तार कर दुमका पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया।

### महिला से मारपीट मामले में प्राथमिकी दर्ज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उधवा :** राधानगर थाना क्षेत्र के दक्षिण पलाशगाछी पंचायत अंतर्गत कादिर टोला की एक विवाहिता महिला के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार पीड़िता महिला जोसनारा बीबी ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। जिसमें उन्होंने आरोप लगाई कि गांव के ही रहमान सेख,अजहर सेख तथा नौसाद सेख एकजुट होकर मारपीट किया। मामले को लेकर राधानगर पुलिस ने पीड़िता के बयान पर थाना कांड संख्या 169/25 सुसंगत धाराओं के तहत रहमान शेख समेत तीन लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

### नकाबपोश चोरों ने रितिक जायसवाल के बंद पड़े क्रशर प्लांट में की चोरी, केस दर्ज कर पुलिस कर रही जांच

प्रभात मंत्र संवाददाता

**साहिबगंज :** मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र के महादेववरण निवासी रितिक कुमार जायसवाल ने अपने क्रशर में चोरी को लेकर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस को दिए आवेदन में उन्होंने बताया कि उनका क्रशर भूतहा मौजा के प्लोट नं0 9, खाता नं0- 26 में है। क्रशर कुछ दिनों से बंद था। उसके देख रेख के लिए नाईट गार्ड मनोज ठाकुर को रखा था। सोमवार को लगभग दिन के करीब 01.00 बजे कुछ अज्ञात नकाब पोश लोग क्रशर पर आकर गार्ड रूम में बंद कर दिया और 12 बेट्री, 2 इनवाइटर, 5 गियर बाक्स, 2 कैमरा, उसका सारा सेटअप, 4 मोटर, 90 फीट लम्बा सिक्कर, तार 8 बंडल 100 एमएम का रोल, 55 इंच का टीवी, 3 चैन कुप्पी, 25 बायरिंग, 40 सोकेट, पैजर 01, ब्रैकर 01, पोपलेन का सेलेन्डर 01, तार 40 एमएम का 100 मीटर सहित कई ईलेक्ट्रोनिक सामान चोरी कर लिया। उन्होंने पुलिस से उचित कार्रवाई की गुहार लगाई है। इधर, मिर्जाचौकी थाना प्रभारी रूपेश कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की प्राथमिक की दर्ज कर छानबीन कर रही है। जल्द ही चोर को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बुद्ध पूर्णिमा पर भगवान गौतम बुद्ध को किया नमन, विश्व शांति के लिए की प्रार्थना





प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर पाकुड़ रेलवे कॉलोनी स्थित सिद्धार्थ नगर में स्थापित भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर आमजनों सहित मोहल्ले वासियों ने निवर्तमान नगर परिषद अध्यक्ष संपा साह के नेतृत्व में माल्यार्पण कर नमन करते हुए विश्व शांति की लिए प्रार्थना की। मौके पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन पाकुड़ विधानसभा के प्रत्याशी रहे अजहर इस्लाम, भाजपा के वरिष्ठ नेता हिसाबी राय मौजूद थे। माल्यार्पण के क्रम में बुद्धं शरणं गच्छामि, धम्मं शरणं गच्छामि, संघं शरणं गच्छामि का उद्घोष किया गया। इस अवसर पर अजहर इस्लाम ने कहा कि बुद्ध पूर्णिमा को ही बैसाख पूर्णिमा कहा जाता है। इस दिन महात्मा बुद्ध का जन्म नेपाल के लुंबिनीवन में ईसा पूर्व 556 में हुआ था।भगवान बुद्ध ने नई दिशा दी। भगवान बुद्ध ने छुआछूत सामाजिक बुराइयों की भावना को खत्म करने के लिए लोगों को जागरूक किया। छठी ईशा पूर्व में भगवान बुद्ध ने धार्मिक सुधार आंदोलन का नेतृत्व किया।विश्व शांति अहिंसा और करूणू का संदेश दिया। निवर्तमान नगर परिषद अध्यक्ष सम्पा साहा ने कहा कि बुद्ध पूर्णिमा ज्ञान शांति और आत्मनिरीक्षण का प्रतीक है। लोग बहुत श्रद्धा पूर्वक मानते हैं। बुद्ध पूर्णिमा का पर्व उनके आदर्शों और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। आज का कार्यक्रम में सुशील साह, रूपेश मंडल, मुरारी मंडल, अनिकेत गोस्वामी, निवर्तमान वार्ड पार्षद अशोक प्रसाद, पिंटू हाजरा, मनोरमा देवी, श्याम पोद्दार, मिथिलेश मंडल, अर्चना पोद्दार, अल्पना मुखर्जी, अधिवक्ता संजीत मुखर्जी, मनीष कुमार पांडेय, रणजीत राम, सादेकुल आलम, हरि नारायण साह, धर्मेंद्र साह, राजेश डोकानिया, सादेकुल शेख, संगीता साहा, रिंकू दास, मंगली दास, रेखा रजक, सावित्री राय, जीतू सिंह, अमित साहा, मधुसूदन साह, पुर्णेंदु गांगुली, बहादुर मंडल, भुटू कुनाई, कन्हैया रजक मौजूद थे।

## अंबेडकर भवन में मनाया गया भगवान बुद्ध की जयंती



प्रभात मंत्र संवाददाता

**साहिबगंज :** शहर के कुलीपाड़ा स्थित दहिया टोला के अंबेडकर भवन में सोमवार को अंबेडकर संस्था की ओर से महामानव भगवान बुद्ध की जयंती मनाई गई।

इस अवसर महात्मा बुद्ध के तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया एवं मोमबत्ती जलाकर कार्यक्रम की आरंभ किया गया। बुद्ध के विचारधाराओं पर अनिल पासवान, शेखर पासवान, दारा पासवान अपना वक्तव्य दिया। वैशाख पूर्णिमा के दिन जन्म हुआ वैशाख पूर्णिमा के दिन ज्ञान की प्राप्ति वैशाख पूर्णिमा के दिन महापरिनिर्वाण हुआ था। इस अवसर पर शेखर पासवान, अनिल पासवान, दारा पासवान, विजय वर्मा, नवल किशोर पासवान, श्याम दास, सत्य प्रकाश विजय पासवान, दिनेश कुमार, संतोष कुमार आदि मौजूद थे।

## अवैध लकड़ी लदा पिकअप वैन जब्त, चालक गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लिट्टीपाड़ा :** थाना क्षेत्र के साहिबगंज गोविंदपुर एक्सप्रेस हाइवे पर सोनाधनी गांव के समीप वन विभाग ने सोमवार को अवैध लकड़ी लदा एक पिकअप वैन को जब्त किया है। वन विभाग में तैनात गार्ड अनुपम कुमार यादव ने बताया कि सोनाधनी के समीप पिकअप वैन संख्या बीआर 11 जीएफ 4148 तेज गति से अमडापाड़ा की ओर जा रही पिकअप वैन को रोककर जांच करने पर अवैध रूप से सैकड़ों पीस तकता एवं चौखट लोड था। जिसका कागजात चालक से दिखाने के लिए कहने पर, उन्होंने कोई कागज नहीं दिखाया और चालक ने बताया कि यह लकड़ी बीजीआर कोल कंपनी का है। बिहार के कटिहार से ला रहे थे, जिसे बीजीआर कोल कंपनी अमड़ापाड़ा ले जा रहे है। वन कर्मियों ने वाहन को जप्त कर लिट्टीपाड़ा वन विभाग परिसर में रखा है और चालक को गिरफ्तार कर रखा गया है। वन गार्ड अनुपम कुमार यादव ने बताया कि चालक पर वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जेल भेजा जाएगा। साथ ही वाहन मालिक पर भी मामला दर्ज किया जाएगा।




## भीषण गर्मी में नगर पंचायत में खराब बोरिंग को जल्द मरम्मत करवाकर पेयजल आपूर्ति करवाएं : बरकत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरहरवा :** विगत कुछ दिनों पूर्व बरहरवा नगर पंचायत के वॉर्ड संख्या 9 में रब्बान शेख के घर के पास बोरिंग ख़राब हो जाने से पेय जल की समस्या की शिकायत वॉर्ड वासियों ने कांग्रेस जिला अध्यक्ष बरकत खान से की थी। जिला अध्यक्ष ने संज्ञान में लेते हुए नगर के पदाधिकारी से ख़राब बोरिंग को जल्द ठीक कर पेय जल बहाल कराने को कहा था, जिस पर नगर के पदाधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सोमवार की अहले सुबह नगर पंचायत के बोरिंग ठीक करने वाले मिस्त्री सनाउल एवं उसकी टीम को निर्धारित स्थान पर भेजा।

साथ ही जिला अध्यक्ष के निर्देशानुसार जिला महासचिव मिठून कुमार मंडल एवं प्रखंड महासचिव निताय सरकार ने स्थल पर जाकर मिस्त्री से वार्तालाप कर ख़राब बोरिंग के मोटर को ठीक करने हेतु रिपेरिंग दुकान भिजवाया तथा जल्द ठीक करने की बात कही।

वही दूसरी ओर वॉर्ड संख्या 10 के बिश्वनाथ मंदिर के पास के बोरिंग मोटर को विगत कुछ दिन पूर्व ठीक करने के लिए दिया गया था।

आज निर्धारित स्थान पर लगा कर पेय जल बहाल करवा दिया गया। जिससे वॉर्ड वासियों ने जिला अध्यक्ष बरकत खान एवं उनकी टीम को धन्यवाद दिया।

मौक़े पर अमित भगत, रब्बान शेख, तौफीक शेख, लाडला सहित अन्य कांगेसी कार्यकर्त्ता एवं वॉर्ड वासी मौजूद थे।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

### सीओ ने आक्रोशित लोगों से वार्ता कर जाम को हटाया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हिरणपुर :** शहरग्राम - डांगापाड़ा मुख्य पथ के तेलोपाडा गांव निकट सोमवार दोपहर को अज्ञात वाहन के चपेट में आने से दलदली गांव निवासी मरांग मुर्मू (45) की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जिसकारण आक्रोशित ग्रामीणों ने कुछ देर के लिए सड़क जाम कर दिया। सूचना पाकर पहुंचे अंचलाधिकारी मनोज कुमार , थाना प्रभारी गोपाल कुमार महतो , एएसआई गोविंद मण्डल ने ग्रामीणों से वार्ता कर दाह संस्कार को लेकर आर्थिक सहयोग किया। इस दौरान बाबूपुर पंचायत के मुखिया जन्तु सोरेन व केंदुआ मुखिया स्टीफन मुर्मू भी उपस्थित थे। इसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सोनाजोरी स्थित सदर अस्पताल भेजा। घटना करीब दिन के 12 बजे की बताया जा रहा है। स्थानीय लोगो ने गांव के प्लांट निकट सड़क किनारे झाड़ी में एक व्यक्ति को मृत अवस्था मे पड़ा हुआ देखा।

जिसकी सूचना तुरन्त पुलिस को दी गई। शव के दाहिने पैर में गम्भीर जख्म देखा गया। जो निकटवर्ती गांव आसनजोला में किसी रिश्तेदार के घर मे आये पत्नी बिटिसूनी मरांडी से मिलने आया था। मृतक का दो पत्नी व तीन बच्चे है। कयास लगाया जा रहा है कि किसी अज्ञात वाहन से धक्का मारे जाने से सड़क से दूर जा गिरा होगा। वही कुछेक लोगो का कहना था कि मृतक बाइक में सवार था, पर घटनास्थल में बाइक नही पाया गया। जो पुलिस अनुसन्धान में ही स्पष्ट हो पायेगा की दुर्घटना कैसे हुई? अंचलाधिकारी ने बताया कि ग्रामीणों से वार्ता कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। थाना प्रभारी ने बताया कि इस घटना को लेकर स्थानीय लोगो से जानकारी ली गई। आगे इसकी सघन जांच की जाएगी कि दुर्घटना कैसे हुई। बहरहाल इस घटना से मृतक के पत्नी , बच्चे सहित स्वजनों का रो रोकर बुरा हाल बना हुआ था।

# जमीन विवाद में डर के साये में जी रहा एक परिवार





**कागजात रहते हुए भी गोतिया सात साल से कर रहे परेशान**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के लोहंडा में रहने वाला एक परिवार अपने ही गोतिया से करीब सात साल से परेशान हैं। अपने जमीन का सभी कागजात रहते हुए भी गोतिया के लोग इनके साथ मारपीट करते हैं। महिला के साथ मारपीट करने के अलावा हत्या करने की धमकी देता है, तो कभी घर में घुसकर सामान तोड़ने, रूपए छीन ली जाती है। इन जुल्मों से परेशान पीड़ित परिवार अपने पूरे परिवार के साथ आत्मदाह करने का भी मन में विचार कर रहा है। लोहंडा के रहने वाली गुंजा देवी ने बताया कि बीते 10 मई को उनके ससुर द्वारा दिए गए 10 कट्ठा जमीन के अंतिम छोर पर एक मंदिर का निर्माण कर रही थी। क्योंकि वह विषारी मां की भक्तिन हैं। इसी क्रम में चानन से आकर उनके पति के भाई दिलीप मंडल, छेदी मंडल, सुभाष मंडल फुरकुन देवी, सकिता देवी 5-6 अपराधी किस्म के अज्ञात व्यक्तियों के साथ आए और उनके साथ मारपीट की। इससे वह घायल हो गई हैं। घर में रखा डेढ़ लाख रुपए भी ले लिया है। इससे पूर्व भी इन लोगों ने घर में घुसकर 45 हजार रुपए छीन लिया था। मारपीट करने के दौरान स्थानीय लोगों ने उनको बचाया। पीड़ित महिला का कहना है कि उनके उनके ससुर बेचन मंडल ने वर्ष 2011 में लोहंडा मौजा में करीब 10 कट्ठा जमीन उन्हें दान में दी थी। क्योंकि जब उनके ससुर बीमार पड़े थे, तो उन्होंने उनकी काफी सेवा की थी। उनके ससुर ने उनके नाम पर प्रधानी लगान रसीद भी कटवाया था और अब भी रसीद कट रहा है। कई बार इस मामले में कैसे हुआ। केस में उन लोगों ने समझौता भी किया। लेकिन बाद में फिर से डरा धमकाकर उनकी जमीन को हड़पना चाहते हैं। उनके पति मानसिक रूप से बीमार रहते हैं। इस वजह से उनका गोतिया उनकी जमीन को हड़पना चाहते हैं। वहीं कई बार मामले को लेकर वे लोग थाना गए, लेकिन जमीन विवाद को कह कर थाना ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। ऐसे में उनका पूरा परिवार डर के माहौल में जी रहा है। इधर, जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि सिंह ने बताया कि दोनों पक्ष के आवेदन पर केस दर्ज किया गया है। पुलिस विधि सम्मत कार्रवाई कर रही है।

## गफूरिया मदरसा के पास उच्च स्तरीय पुल निर्माण का विधायक ने किया अनुशंसा, ग्रामीणों ने जताया आभार




प्रभात मंत्र संवाददाता

**राजमहल :** राजमहल विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा ने उधवा प्रखंड के दक्षिण पियारपुर पंचायत अंतर्गत गफूरिया मदरसा के पास लंबे समय से मांग की जा रही उच्च स्तरीय पुल निर्माण को लेकर अनुशंसा किया है। विधायक ने ग्रामीण विकास विभाग के सचिव को अनुशंसा पत्र भेजा है। वहीं जिप सदस्य प्रतिनिधि अली हसन उर्फ अली कमीशन,जिप सदस्य अब्दुल बारिक शेख,सहनारा बीबी,रानी हांसदा ने संयुक्त रूप से जिला विशेष प्रमंडल कार्यपालक अभियंता रमाकांत को अनुशंसा पत्र सौंपा। विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा ने कहा कि अपने क्षेत्र की समस्या को लेकर हमेशा तत्पर हुं तथा समस्या का समाधान करने को लेकर प्रतिबद्ध हूं। दक्षिण पियारपुर पंचायत के लोगों ने विधायक के प्रति आभार जताया है। नदी आर - पार होने में लंबी दूरी तय करना पड़ता है। कहा कि यह पुल बन जाने से स्थानीय लोगों को आवागमन करने में आसानी होगी।

## अनियंत्रित होकर झील में जा गिरी ट्रक, चालक की मौत, खलासी घायल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मुर्शिदाबाद :** जिले के शमशेरगंज थाना अंतर्गत बैलसरन मोड़ के समीप 12वीं राष्ट्रीय पथ पर एक ट्रक अनियंत्रित होकर झील में जा गिरी। जिससे ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि खलासी बुरी तरह से जख्मी हो गया। यह घटना सोमवार अहले सुबह का बताया जा रहा है। घटना सामने तब आई जब स्थानीय लोगों की उस पर नजर पड़ी। इस दौरान ट्रक के अंदर से जख्मी खलासी की बिलखने की आवाज सुनाई दी। लोग दौड़े-दौड़े वहां पहुंचे और मदद के लिए प्रयास करने लगे। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को भी दिया। इसके बाद पुलिस की टीम घटना स्थल पर पहुंची।मिली जानकारी के मुताबिक ट्रक जंगीपुर की ओर से फरक्का की ओर जा रही थी। इसी दौरान अनियंत्रित होकर संतुलन बिगड़ गया। संतुलन बिगड़ जाने से पास के एक झील में जा गिरी। जिससे गाड़ी चालक की मौत हो गई और सहचालक यानी खलासी बुरी तरह से जख्म हो गया। घटना की सूचना मिलते ही शमशेरगंज की पुलिस घटना स्थल पहुंच कर घायल सहचालक को जंगीपुर महकमा अस्पताल में बेहतर इलाज के लिए भेज दिया। जबकि मृतक चालक के शव का पोस्टमार्टम के लिए जंगीपुर अस्पताल भेजा। इधर शमशेरगंज के आईसी सुब्रत घोष के अनुसार मृतक चालक अंकुर राय (उम्र 39 वर्ष) नदिया जिला के हरिनघाटा के निवासी थे। वहीं सहचालक रामकृष्ण कर्मकार भी उसी गांव के रहने वाले हैं।

## गेंद समझकर बच्ची ने उठा लिया बम, हाथ से गिरा तो विस्फोट में बुरी तरह हो गई जख्मी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मुर्शिदाबाद :** गेंद समझकर छह साल की बच्ची ने बगीचा में रखा देसी बम को हाथ से उठा लिया और फिर हाथ से गिरने के बाद जोरदार धमाके के साथ विस्फोट हो गया। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। यह घटना मुर्शिदाबाद जिले के शमशेरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत मालंचा गांव की है। घायल बच्ची को बरहमपुर मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां बच्ची की हालत नाजुक बनी हुई है। वहीं पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार की सुबह मालंचा गांव के रहने वाले अख्तर शेख की बेटी नुसरत जहान घर के पास में ही बगीचे में खेल रही थी। इसी दौरान बगीचे में एक जगह पड़ा देसी बम को गेंद समझकर हाथ से उठा लिया। इसके बाद जैसे ही बम हाथ से गिरा, तेज धमाके के साथ विस्फोट हो गया। जिससे बच्ची बुरी तरह जख्मी होकर लहू



लुहान हो गई। आनन-फानन में बच्ची को नाजुक स्थिति में स्थानीय चिकित्सकों के पास लेकर गया। लेकिन चिकित्सकों ने बच्ची की हालत को देखते हुए बाहर ले जाने को कहा। इसके बाद बच्ची को परिजनों ने बरहमपुर मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया। मेडिकल अस्पताल में बच्ची का इलाज तो चल रहा है, लेकिन हालत नाजुक बनी हुई है। मौत और जिंदगी के बीच जूझ रही है। इधर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। पुलिस यह पता कर रही है कि बम बगीचे में किस मकसद से और किसने रखा था। यह घटना मालंचा गांव सहित आसपास के गांवों में चर्चा का विषय बना हुआ है। लोगों में चर्चा है कि कहीं ना कहीं बगीचे में देसी बम बनाने का काम होता होगा। असामाजिक तत्वों ने बम को बगीचे में खुले में ही छोड़ दिया होगा। इस बात से बेखबर मासूम बच्ची ने बम को गेंद समझकर हाथ से उठा लिया। आखिर बच्ची को क्या मालूम था कि यह गेंद नहीं, बल्कि देसी बम है। असामाजिक तत्वों के हरकतों का खामियाजा मासूम बच्ची को भुगतना पड़ा। पुलिस को घटना की गंभीरता से तहकीकात कर बम बनाने या रखने वालों तक पहुंचना चाहिए और कड़ी से कड़ी सजा दिलाना चाहिए।

## बस स्टैंड में अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बस स्टैंड के यात्री पड़ाव में सोमवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। लोगों ने शव मिलने की सूचना नगर थाना पुलिस को दिया। इसके बाद पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस शव की पहचान कराने में जुट गई है। नगर थाना के एएसआई सनातन मांझी ने बताया कि स्थानीय लोगों ने सूचना दिया कि बस स्टैंड के यात्री पड़ाव में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा है। इसकी सूचना मिलने के बाद घटना स्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में ले लिया। उन्होंने कहा कि आस-पास के लोगों के द्वारा शव की पहचान कराने का काफी प्रयास किया गया। लेकिन पहचान नहीं हो पाया।

## मार्शल आर्ट में पूनम को कांस्य व रणवीर को मिला स्वर्ण पदक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** झारखंड की राजधानी रांची में आयोजित राज्य स्तरीय सब जूनियर वूशु (मार्शल आर्ट) प्रतियोगिता में पाकुड़ के दो नन्हें मार्शल आर्टिस्ट ने धमाल मचा दिया है। एक ने कांस्य पदक तो दूसरे ने स्वर्ण पदक जीतकर जिले का मान बढ़ाया है। इस संबंध में कोच नारायण चंद्र रॉय ने बताया कि रांची के लॉन बॉल स्टेडियम में 21वीं झारखंड राज्य स्तरीय सब जूनियर वूशु प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया गया है। जिसमें बालिका वर्ग में पूनम कुमारी ने 24 किलो वर्ग में कांस्य पदक जीती है। जबकि बालक वर्ग में 32 किलो वर्ग में रणवीर ठाकुर ने स्वर्ण पदक हासिल किया है। प्रतियोगिता में दोनों नन्हे मार्शल आर्टिस्ट ने अपनी प्रतिभा को निखारा और पदक हासिल कर पाकुड़ जिले का नाम रोशन किया है। इन दोनों नन्हे मार्शल आर्टिस्ट को पाकुड़ के खेल प्रेमियों ने विशेष तौर पर बधाई और शुभकामनाएं दी है। इन्हें खेल संघ से जुड़े अम्लान कुसुम सिंहा उर्फ बुल्टी, रणवीर सिंह, अर्धेंदु शेखर गांगुली, जवाहर सिंह, उमर फारूक सहित अन्य ने बधाई और शुभकामनाएं दी है।

## वन विभाग ने लकड़ी और भूटभूटिया वाहन को किया जब्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

**महेशपुर :** महेशपुर-पाकुड़िया सीमा क्षेत्र के बोनडिगा गांव के पास सोमवार को वन विभाग की कर्मियों ने अवैध तरीके से लकड़ी ले जा रहे भुटभूटिया समेत पांच बोटा लकड़ी को जप्त कर लिया है।जब्त भुटभूटिया एवं लकड़ी को वन विभाग कार्यालय महेशपुर में रखा गया है। इस संबंध में वनरक्षी मोहीलाल मुर्मू ने बताया कि गुप्त सूचना मिला था कि भुटभूटिया में अब तरीके से लकड़ी की तस्करी की जा रही है। सूचना पर वनरक्षी सुनील साहा के साथ पाकुड़िया-महेशपुर सीमा पर छापेमारी कर अवैध तरीके से लकड़ी ले जा रहे हैं। भुटभूटिया को जब्त कर लिया। बताया कि वन कर्मियों को देखते ही लकड़ी तस्कर भुटभूटिया एवं लकड़ी को छोड़कर भाग निकला।



जिसे जब्त कर वन विभाग कार्यालय में रखा गया।

बताया कि भुटभूटिया समेत जब्त लकड़ी की सूचना जिला के वरीय अधिकारी को दिया गया है। कर्मियों ने बताया कि जब्त लकड़ी की कीमत लगभग 20 से 25 हजार रुपया है।

## दिल्ली पब्लिक स्कूल में मातृ-शक्ति को किया नमन, बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** दिल्ली पब्लिक स्कूल, पाकुड़ में मातृ दिवस के अवसर पर मातृ-शक्ति के प्रति समर्पण, नैतिक मूल्यों को बढ़ाने, उनके द्वारा किए जाने वाले अथक प्रयासों एवं त्याग व समस्त मातृशक्तियों को आभार प्रकट करने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक अरुणेंद्र कुमार, प्रधानाचार्य जेके शर्मा एवं कई माताओं ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद विद्यालय द्वारा संचालित तानसेन क्लब के तत्वाधान में स्कूल के बच्चों ने ऑर्केस्ट्रा के विभिन्न वाद्य यंत्रों पर शानदार प्रस्तुति दी। प्रधानाध्यापक जेके शर्मा ने अपने संबोधन में माताओं के महत्व और उनके प्रति सम्मान को व्यक्त करते हुए मां को दुनिया की सबसे सर्वश्रेष्ठ कृति बताई। निदेशक अरुणेंद्र कुमार ने माताओं के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करते हुए कहा कि माताएं हमारे जीवन में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि मां एक दैवीय शक्ति हैं, जिसे आज तक सम्पूर्ण रूप से कोई भी परिभाषित नही कर पाया। इस अवसर पर छात्रों ने समूह गीत मेरी मां और ये तो सच है कि भगवान है प्रस्तुत कर शमां बांध दिया। छोटे छात्रों ने सामूहिक नृत्य में भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।ततपश्चात विद्यालय के अंतर सदनीय नृत्य नाटिका प्रतियोगिता में चारों सदनों एडवेंचर, कैलिबर, चैलेंजर और डिस्कवरी हाउस के बच्चों ने मां विषय वस्तु पर आधारित नृत्य प्रतियोगिता में भाग लिया और अपनी अद्भुत प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में एडवेंचर और कैलिबर सदन प्रथम, डिस्कवरी सदन द्वितीय तथा चैलेंजर सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंत में प्रधानाचार्य जेके शर्मा ने पहलगांव में अकारण आतंकी हमले में मारे गए दिवंगतों की आत्मा की शांति हेतू सभागार में उपस्थित सभी अविभावकों, शिक्षकगणों एवं बच्चों ने दो मिनटों का मौन धारण करके अपनी श्रद्धांजलि प्रेषित की। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ हुआ। मातृ दिवस कार्यक्रम एक भावुक कर देने वाला यादगार और भावनात्मक क्षण था, जिसे सभी लंबे समय तक याद रखेंगे।

## ट्रेड लाइसेंस व होल्डिंग टैक्स शिविर में पहला दिन 1 लाख 34,971 रुपए राजस्व की वसूली

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** पाकुड़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स एवं नगर परिषद पाकुड़ के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को अंबेडकर चौक के पास होल्डिंग टैक्स एवं ट्रेड लाइसेंस के लिए तीन दिवसीय शिविर लगाया गया। शिविर में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ट्रेड लाइसेंस एवं होल्डिंग टैक्स शिविर में पहला दिन 1 लाख 34,971 रुपए राजस्व की वसूली हुई। पाकुड़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव संजीव कुमार खत्री ने बताया कि पहला दिन होल्डिंग टैक्स एवं ट्रेड लाइसेंस शिविर संपन्न हुआ। जिसमें दो ट्रेड से 1020 तथा होल्डिंग टैक्स से 01 लाख 33,951 रूपए राजस्व नगर परिषद को प्राप्त हुआ। बता दें कि होल्डिंग टैक्स एवं ट्रेड लाइसेंस शिविर 12



मई से शुरू होकर 13 एवं 14 मई तक चलेगा। शिविर सुबह 10:30 बजे से लगाया जा रहा है। इस संबंध में चैंबर ऑफ कॉमर्स पाकुड़ के सचिव संजीव कुमार खत्री ने बताया कि 1.0 से 100 एसक्यू एफ वाले प्रतिष्ठान के लिए 300 रुपए प्रति वर्ष, 101 से 500 एसक्यू एफ वाले प्रतिष्ठान के लिए 500 रुपए प्रति वर्ष, 501 से 1000 एसक्यू एफ वाले प्रतिष्ठान के लिए 1500 रुपए प्रति वर्ष, 1001 से ऊपर वाले प्रतिष्ठान के लिए 2500 रुपए प्रति वर्ष के लिए निर्धारित है। उन्होंने बताया कि ट्रेड़ लाईसेंस अधिकतम दस वर्षों के लिए बनाया जा सकता है। उन्होंने होल्डिंग टैक्स में विशेष छूट का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि पाकुड़ क्षेत्र अंतर्गत सभी सम्मानित व्यापारियों एवं जनता से आग्रह है कि शिविर में अपना-अपना लाइसेंस बनवा ले एवं होल्डिंग टैक्स में विशेष छूट का लाभ उठाकर होल्डिंग टैक्स भी जमा करें। शिविर में ट्रेड फॉर्म की सुविधा उपलब्ध होगी। आधार कार्ड, पेन कार्ड, वोटर कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस जरुरी बताया। होल्डिंग टैक्स रिसीव, रेंट एग्रीमेंट, इलेक्ट्रिक बिल की भी बात कही है। नवीकरण के लिए पुराने लाइसेंस की छाया प्रति लाने को कहा है। मौके पर पाकुड़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष निर्मल जैन, संयुक्त सचिव बृज मोहन साह, नरेश बाकलीवाल, नगर परिषद से नगर प्रबंधक मृत्युंजय पांडेय, टीम लीडर देवाशीष गोस्वामी, मुकेश, राजू, देवजीत मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों किया गया पुरुस्कृत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** शहर के सिंधीपाड़ा में संचालित जेनरेशन जेड क्लासेज कोचिंग सेंटर की ओर से रविवार को सुबह में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के समापन के पश्चात शाम को क्विज आदि प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें कोचिंग सेंटर के सभी छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इन खेलकूद सहित सभी तरह के इवेंट में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया। कोचिंग सेंटर के संचालक सुभम मध्यान ने बताया कि जेनरेशन जेड क्लासेज ने अपने न्यू जैन स्पोर्ट्स इवेंट के दूसरे चरण का आयोजन शाम को रखा। इस प्रतियोगिता में कई सारे विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। जिसमें क्विज में सबसे पहला स्थान साहिल अंसारी और दूसरा स्थान श्याम मंडल तथा तीसरा स्थान प्रेम मंडल को मिला। इसी दौरान शिक्षा को लेकर विद्यार्थियों ने अपनी अपनी राय दी। शिक्षा पर परिचर्चा में सभी ने एक भाषण दिया। जिसमें पहला पुरस्कार श्याम मंडल को मिला। दूसरा हबीबुल शेख को एवं तीसरा प्रीति शाह को मिला। इन सभी कार्यक्रमों के बाद अंत में मनोरंजन कार्यक्रम हुआ। जिसमें श्याम एवं प्रीतम की जोड़ी ने पहला पुरस्कार हासिल किया। जेनरेशन जेड क्लासेज प्रत्येक वर्ष में ऐसे तीन बड़े प्रतियोगिता का आयोजन करती है। जिनके द्वारा वे विद्यार्थियों को कई सारी नई चीजों को सीखने का प्रयास कराती है। उनका मानना है कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के अलावा खेलकूद एवं विज्ञान में भी उतना ही कुशल होना चाहिए, जितना की पढ़ाई में है। बता दें कि इसी दिन सुबह में अलग-अलग खेल प्रतियोगिताओं में छात्रों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। लंबी कूद, ऊंची कूद, दौड़ आदि प्रतियोगिताओं में छात्रों ने दमखम दिखाया। यह आयोजन सिंधीपाड़ा से सटे मिशन कैंपस में किया गया। इस संबंध में कोचिंग सेंटर के संचालक सुभम मध्यान ने बताया कि जेनरेशन जेड क्लासेज ने इस वर्ष अपना पहला स्पोर्ट्स इवेंट करवाया। जिसमें कोचिंग के सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता दो भाग में आयोजित किया गया?। जिसमें पहला भाग 11 मई सुबह में हुआ। इसमें कई प्रतियोगिताएं हुई। जिसमें 100 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान साहिल शेख को मिला। वहीं द्वितीय स्थान प्रीतम और तीसरा स्थान हजरत को मिला। इसी प्रकार लंबी छलांग में तीसरा स्थान हजरत को, दूसरा स्थान अमन को एवं पहला स्थान प्रीतम को मिला। जिसने 11 फिट लंबी छलांग मारी। इसी तरह कबड्डी प्रतियोगिता में कक्षा 10 के हबीबुल की टीम ने जीत हासिल की। क्रिकेट मैच में रैंकर्स एवं रेगुलर के मैच के बीच रेगुलर ने बाजी मारी। यहां भी कक्षा 10 के विद्यार्थियों ने जीत हासिल किया।

## नियम तोड़ने पर कोयला ढोने वाली आठ हाइवा जब्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हिरणपुर :** परिवहन विभाग के निर्देशों का अवहेलना करने के आरोप में कोयला ढुलाई करने वाली आठ हाइवा को पुलिस ने जब्त किया है। यह कार्रवाई सोमवार को की गई है। ये सभी हाइवा पाकुड़ रेलवे साइडिंग में कोयला उतारकर हिरणपुर के रास्ते अमड़ापाड़ा की ओर जा रही थी। पुलिस ने सभी हाइवा को जब्त किया है। बताते चले कि प्रशासन के द्वारा खाली हाइवा की हिरणपुर के रास्ते परिचालन को लेकर रात 11:00 बजे से सुबह 6:00 बजे तक की समय अवधि सुनिश्चित की गई है। इसके बावजूद हाइवा चालकों की मनमानी चरम पर है। जो सरकारी निर्देशों को धता बताते हुए निर्दिष्ट समय



को ताक में रख हाइवा की परिचालन की जा रही है। प्रशासन के द्वारा बाजार क्षेत्र में निरंतर हो रहे सड़क जाम की स्थिति को देखते हुए दिन को नो इंट्री लगाया गया है। इसके बावजूद भारी वाहनों का परिचालन जारी है। इसको लेकर बीते दिनों सड़क सुरक्षा अभियान के तहत 11 खाली कोयला हाइवा के ऊपर हजारों की आर्थिक जुर्माना लगाया गया था। पर अभी तक इस पर किसी प्रकार का अंकुश नहीं लग पाया है। वहीं प्रशासन ने भी साफ संकेत दे दिया है कि नियम तोड़ने वालों को किसी भी हालात में बख्शा नहीं जाएगा।

उधर मोहनपुर, डांगापाड़ा के रास्ते भी दिन व शाम को खाली कोयला हाइवा की परिचालन की जा रही है। जहां स्थानीय लोगों ने भी इसको लेकर विरोध जताया है। आये दिन हाइवा की तेज गति से हो रहे दुर्घटनाओं को लेकर लोग काफी भयाक्रांत है। इस पर कड़ी कार्रवाई होना आवश्यक है। इस संबंध में थाना प्रभारी गोपाल कुमार महतो ने बताया कि जब्त हाइवा को लेकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## बिना माइनिंग चालान के पत्थर लदे दो हाइवा जब्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हिरणपुर :** अवैध रूप से खनिज पदार्थों के परिवहन पर प्रशासन के द्वारा निरंतर सख्ती बरती जा रही है। जिला खनन पदाधिकारी राजेश कुमार के द्वारा सोमवार को चौड़ा मोड़ के निकट बिना माइनिंग चालान के पत्थर लदे दो हाइवा को जब्त किया। पत्थर लदे हाइवा संख्या डब्लूबी 93 बी 7995 व जेएच 16 जी 1394 मुख्य सड़क होते हुए कोटालपोखर की ओर जा रही थी। इसी दौरान डीएमओ ने दोनों वाहनों को रोका। दोनों



वाहनों में ओवर लोड पत्थर पाया गया। वहीं पत्थर से संबंधित माइनिंग चालान तत्काल प्रस्तुत नहीं किया गया।

इसको लेकर तत्काल दोनों वाहनों को जब्त कर पुलिस को सुपुर्द किया गया। बताते चले कि बिना माइनिंग चालान के डांगापाड़ा चीतलों (लिट्टीपाड़ा) पथ में धड़ल्ले से पत्थरों का अवैध परिवहन किया जा रहा है। इस पर विभाग के द्वारा त्वरित कार्रवाई करना आवश्यक है। डीएमओ ने बताया कि जब्त पत्थर लदे वाहनों की जांच की जा रही है। इसके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

संपादकीय

## दुनिया ने देखा सिंदूर का शौर्य

**जब** पाकिस्तान ने पहलगाम के बैसरान पर निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या नाम पूछकर की तो उसके पीछे उनकी नापाक नीति थी। भारत में हिंदू-मुस्लिम सौहार्द को बिगाड़ दें और दंगे करवा दें ताकि देश हिंदूमुस्लिम में बंट जाए पर हुआ इसका उल्टा। आज सारा देश एक है और चाहे वे सियासी पार्टियां हो, भारत की तमाम जनता हो वह सब अपनी बहादुर सेना के पीछे चट्टान की तरह खड़ी है। और रही पाकिस्तान की तो उसे शायद अब समझ आ रहा हो कि सिंदूर उजाड़ने की कितनी भारी कीमत अदा करनी पड़ रही है। सबसे पहले मैं अपने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने न केवल अभूतपूर्व साहस दिखाया हमारी सेनाओं को जवाबी कार्रवाई करने की खुली छूट दी बल्कि पूरे ऑपरेशन का नाम ऑपरेशन सिंदूर रखा। सूत्रों ने कहा आतंकवादियों ने पहलगाम में 26 नागरिकों की हत्या कर दी थी जिनमें सभी पुरुष थे और उन मृतकों की पीड़ित पत्नियों को ध्यान में रखते हुए जवाबी अभियान के लिए ऑपरेशन सिंदूर नाम सबसे मुफीद समझा गया। यह न केवल एक सैन्य जवाबी कार्रवाई है बल्कि यह भारत की नारी शक्ति के सम्मान और सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है। सैन्य कार्रवाई की प्रेस ब्रीपिंग करने में भी विशेष ध्यान रखा गया। प्रेस ब्रीपिंग के लिए कर्नल सोफिया वुरैशी (मुस्लिम) और विंग कमांडर व्योमिका सिंह (हिंदू) को खासकर चुना गया ताकि पूरी दुनिया को यह संदेश जाए कि भारत एक है और नारी शक्ति के साथ खड़ा है। जिस किसी ने भी यह पैसला किया वह बधाई का पात्र है। जब जंग छिड़ती है तो दोनों तरफ के निर्दोष नागरिक मारे जाते हैं। पाकिस्तान ने जानबूझकर सोची-समझी रणनीति के तहत या यूं कहे बौखलाहट में भारत के सिविलियन इलाकों पर हमले किए हैं जिसमें बहुत से निर्दोष नागरिक मारे गए हैं। पर यह कीमत तो चुकानी होगी। आए दिन इन आतंकी हमलों में भी तो निर्दोष मारे जाते हैं। इसलिए बेहतर रणनीति यही है कि इस बार आतंकवाद और उनके प्रायोजकों को ही खत्म किया जाए। कईं आतंकी अड्डों को तबाह कर दिया गया है पर असल समस्या पाकिस्तान सेना और उसकी आईएसआई है। जब तक इनको ऐसी जबरदस्त चोट न पहुंचाई जाए तब तक यह समस्या निपटने वाली नहीं। हमें खुशी है कि भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सेना के इन्प्रास्ट्रक्चर पर सीधे हमले किए हैं और कइयों को तबाह किया है। ऑपरेशन सिंदूर का पहला निशाना पाकिस्तान में जैश-ए-मुहम्मद, हिजबुल मुजाहिद्दीन और लश्कर- ए-तैयाब के मुख्यालय और आतंकी प्रशिक्षण शिविर थे जिन्हें तबाह कर दिया गया है। अब सारे हमले पाकिस्तानी सेना के ठिकानों पर किए जा रहे हैं। गौरतलब बात यह है कि भारत ने किसी आम नागरिक या सिविलियन इलाकों पर हमले नहीं किए बल्कि सिर्प सैन्य ठिकानों पर। ऑपरेशन सिंदूर के लिए भारतीय सेना ने हर लक्ष्य का चयन विश्वसनीय इंटेलिजेंस सूचनाओं के आधार पर किया। पहलगाम के 15 दिनों बाद जवाबी कार्रवाई कर पाकिस्तान को सुधरने का पूरा मौका दिया गया यानी पाकिस्तान अपनी गलती सुधारे और अपनी जमीन पर पल रहे आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई का पूरा मौका दिया गया। पर जब पाकिस्तान ने सुधार की जगह उल्टा धमकियां देनी शुरू कर दी तो जवाब देना जरूरी हो गया। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से जब भारतीय हमलों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा हमने हनुमान के उस आदेश का पालन किया है जो उन्होंने अशोक वाटिका उजाड़ते समय दिया था। जिन मोहि मारा, तिन मोहि मारे अर्थात केवल उन्हीं को मारा है जिन्होंने हमारे मासूमों को मारा है। आज पूरा भारत देश एक है।


आज सारा देश एक है और चाहे वे सियासी पार्टियां हो, भारत की तमाम जनता हो वह सब अपनी बहादुर सेना के पीछे चट्टान की तरह खड़ी है। और रही पाकिस्तान की तो उसे शायद अब समझ आ रहा हो कि सिंदूर उजाड़ने की कितनी भारी कीमत अदा करनी पड़ रही है। सबसे पहले मैं अपने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने न केवल अभूतपूर्व साहस दिखाया हमारी सेनाओं को जवाबी कार्रवाई करने की खुली छूट दी बल्कि पूरे ऑपरेशन का नाम ऑपरेशन सिंदूर रखा। सूत्रों ने कहा आतंकवादियों ने पहलगाम में 26 नागरिकों की हत्या कर दी थी जिनमें सभी पुरुष थे और उन मृतकों की पीड़ित पत्नियों को ध्यान में रखते हुए जवाबी अभियान के लिए ऑपरेशन सिंदूर नाम सबसे मुफीद समझा गया। यह न केवल एक सैन्य जवाबी कार्रवाई है बल्कि यह भारत की नारी शक्ति के सम्मान और सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है। सैन्य कार्रवाई की प्रेस ब्रीपिंग करने में भी विशेष ध्यान रखा गया। प्रेस ब्रीपिंग के लिए कर्नल सोफिया वुरैशी (मुस्लिम) और विंग कमांडर व्योमिका सिंह (हिंदू) को खासकर चुना गया ताकि पूरी दुनिया को यह संदेश जाए कि भारत एक है और नारी शक्ति के साथ खड़ा है। जिस किसी ने भी यह पैसला किया वह बधाई का पात्र है।


बुद्ध पूर्णिमा पर विशेष

## दुनिया को युद्ध की नहीं, बुद्ध की जरूरत है

ललित गर्ग


बुद्ध जयन्ती वैशाख पूर्णिमा को मनायी जाती हैं। वैसे पूर्णिमा के दिन ही गौतम बुद्ध का जन्म, संबोधि एवं निर्वाण हुआ है। उनके जन्म से सिद्धार्थ बनने एवं बुद्धत्व तक की यात्रा एवं इससे जुड़ी कीर्ति किसी एक युग तक सीमित नहीं हैं। बुद्ध का लोकहितकारी चिन्तन एवं कर्म कालजयी, सार्वभौमिक, सार्वकालिक एवं सार्वदैशिक है और युग-युगों तक समाज का मार्गदर्शन करता रहेगा। गौतम बुद्ध एक प्रकाशस्तंभ है, जिसका प्रकाश केवल बाहरी दुनिया को ही नहीं, बल्कि भीतरी दुनिया को भी आलोकिक करता है। बुद्ध को सबसे महत्वपूर्ण भारतीय आध्यात्मिक महामनीषी, देवपुरुष, सिद्ध-संन्यासी, समाज-सुधारक धर्मगुरु माना जाता हैं। बुद्ध को भगवान विष्णु का नौवां अवतार भी माना जाता है, इस दृष्टि से हिन्दू धर्म में भी वे पूजनीय है। उन्हें धर्मक्रांति के साथ-साथ व्यक्ति एवं विचारक्रांति के सूत्रधार भी कह सकते हैं।


**बुद्ध** जयन्ती/बुद्ध पूर्णिमा बौद्ध अनुयायियों का ही नहीं, बल्कि मानवता में आस्था रखने वालों का एक प्रमुख त्यौहार है। बुद्ध जयन्ती वैशाख पूर्णिमा को मनायी जाती हैं। वैसे पूर्णिमा के दिन ही गौतम बुद्ध का जन्म, संबोधि एवं निर्वाण हुआ है। उनके जन्म से सिद्धार्थ बनने एवं बुद्धत्व तक की यात्रा एवं इससे जुड़ी कीर्ति किसी एक युग तक सीमित नहीं हैं। बुद्ध का लोकहितकारी चिन्तन एवं कर्म कालजयी, सार्वभौमिक, सार्वकालिक एवं सार्वदैशिक है और युग-युगों तक समाज का मार्गदर्शन करता रहेगा। गौतम बुद्ध एक प्रकाशस्तंभ है, जिसका प्रकाश केवल बाहरी दुनिया को ही नहीं, बल्कि भीतरी दुनिया को भी आलोकिक करता है। बुद्ध को सबसे महत्वपूर्ण भारतीय आध्यात्मिक महामनीषी, देवपुरुष, सिद्ध-संन्यासी, समाज-सुधारक धर्मगुरु माना जाता हैं। बुद्ध को भगवान विष्णु का नौवां अवतार भी माना जाता है, इस दृष्टि से हिन्दू धर्म में भी वे पूजनीय है। उन्हें धर्मक्रांति के साथ-साथ व्यक्ति एवं विचारक्रांति के सूत्रधार भी कह सकते हैं। उनकी क्रांतिवाणी उनके क्रांत व्यक्तित्व की द्योतक ही नहीं वरन धार्मिक, सामाजिक विकृतियों एवं अंधरूढ़यों पर तीव्र कटाक्ष एवं परिवर्तन की प्रेरणा भी है, जिसने असंख्य मनुष्यों का जीवन-निर्माण किया एवं उनकी जीवन दिशा को बदला। बुद्ध संन्यासी बनने से पहले कपिलवस्तु के राजकुमार सिद्धार्थ थे। वे महलों में बंद न रह सके। उन्होंने सबसे पहले स्वयं ज्ञान-प्राप्ति का व्रत लिया था और वर्षों तक वनों में घूम-घूम कर तपस्या करके आत्मा को ज्ञान से आलोकित किया। उन्होंने अपने जीवन के प्रत्येक क्षण को जिस चैतन्य एवं प्रकाश के साथ जीया है, वह भारतीय ऋषि परम्परा के इतिहास का महत्वपूर्ण अध्याय है। स्वयं ने सत्य की ज्योति प्राप्त की, प्रेरक जीवन जीया और फिर जनता में बुराइयों के खिलाफ आवाज बुलन्द की। लोकजीवन को ऊंचा उठाने के उन्होंने जो हिमालयी प्रयत्न किये, वे अद्भुत और आश्चर्यकारी हैं। बुद्ध ने 27 वर्ष में राजपाट छोड़ा, गहन साधना एवं स्व की खोज के लिये भ्रमण करते हुए काशी के समीप सारनाथ पहुंचे, जहाँ उन्होंने धर्म परिवर्तन किया। यहाँ बोधगया में बोधि वृक्ष के नीचें कठोर तप किया। कठोर तपस्या के बाद सिद्धार्थ को बुद्धत्व ज्ञान की प्राप्ति हुई और उसके बाद वह महान संन्यासी गौतम बुद्ध के नाम से जाने गये और अपने ज्ञान से समूचे विश्व को ज्योतिर्मय किया। कहा जाता है कि बुद्ध इतने गहरे ध्यान एवं साधना में लीन हो गये कि सारे देवता भी घबरा गये कि



यह दुर्लभता एवं अलौकिक-गहन साधना से मिली संबोधि बुद्ध के लीन रहने से व्यर्थ न चली जाये। इसी संबोधि से तो विश्व का कल्याण होना है। इसलिये देवताओं ने बुद्ध से जागृत रहने एवं प्राप्त संबोध से विश्व का कल्याण करने की प्रार्थना की। देवताओं की प्रार्थना को बुद्ध ने स्वीकारा और महानिर्वाण की अवस्था को त्याग कर जगत का कल्याण करने को अग्रसर हुए। बुद्ध ने जब अपने युग की जनता को धार्मिक-सामाजिक, आध्यात्मिक एवं अन्य यज्ञादि अनुष्ठानों को लेकर अज्ञान में घिरा देखा, साधारण जनता को धर्म के नाम पर अज्ञान में पाया, नारी को अपमानित होते देखा, शुद्रों के प्रति अत्याचार होते देखे- तो उनका मन जनता की सहानुभूति में उद्वेलित हो उठा। लोकजीवन को ऊंचा उठाने के लिये उन्होंने जो हिमालयी प्रयत्न किये, वे अद्भुत और आश्चर्यकारी है। बुद्ध के अनुसार जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त करना है। यदि स्वयं पर विजय प्राप्त कर लिया तो फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी। गौतम बुद्ध कहते हैं कि व्यक्ति कभी भी बुराई से बुराई को खत्म नहीं कर सकता है। इसे खत्म करने के लिए व्यक्ति को सत्य, प्रेम एवं करूणा का सहारा लेना पड़ता है। प्रेम से दुनिया की हर बड़ी चीजों को जीता जा सकता है। बुद्ध के अनुसार, खुशियां बांटने से हमेशा बढ़ती हैं, कभी कम नहीं होती हैं। गौतम बुद्ध के अनुसार, जीवन में तीन चीजें कभी भी छुपाकर नहीं रखी जा सकती है, वो है- सूर्य, चंद्रमा और सत्य। महात्मा गौतम बुद्ध बौद्ध धर्म के संस्थापक थे। उन्होंने अपने जीवन में हमेशा लोगों को अहिंसा, सत्य, संयम, प्रेम और करुणा का भाव सिखाया। बुद्ध पूर्णिमा पर अलग-अलग देशों में वहां के रीति-रिवाजों और संस्कृति के अनुसार समारोह आयोजित होते हैं। बुद्ध तो सम्राटों के सम्राट थे, राजाओं के राजा थे। इसलिये बुद्ध पूर्णिमा का दिन सिर्फ उनका जन्मोत्सव ही नहीं, उनका मरणोत्सव भी है, उनका ज्ञानोत्सव भी है एवं उनका संबोधि उत्सव भी है। बुद्ध पूर्णिमा को श्रीलंकाई 'वेसाक' उत्सव के रूप में मनाते हैं जो 'वैशाख' शब्द का अपभ्रंश है। बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए यह दिन ध्यान, तप, और करूणा के अभ्यास का प्रतीक है, जबकि हिंदू धर्म में इसे ईश्वर के अवतार के रूप में पूजा जाता है। महात्मा बुद्ध ने मध्यममार्ग अपनाते हुए अहिंसा युक्त दस शीलों का प्रचार किया तो लोगों ने उनकी बातों से स्वयं को सहज ही जुड़ा हुआ पाया। उनका मानना था कि मनुष्य यदि अपनी तृष्णाओं पर विजय प्राप्त कर ले तो वह निर्वाण प्राप्त कर सकता है। इस प्रकार उन्होंने पुरोहितवाद पर करारा प्रहार किया और व्यक्ति के महत्त्व को प्रतिष्ठित किया। जो मनुष्य बुद्ध की, धर्म की और संघ की शरण में आता है, वह सम्यक ज्ञान से चार आर्य सत्यों को जानकर निर्वाण की परम स्थिति को पाने में सफल होता है। ये चार आर्य सत्य हैं - पहला दुःख, दूसरा दुःख का हेतु, तीसरा दुःख से मुक्ति और चौथा दुःख से मुक्ति की ओर ले जाने वाला अष्टांगिक मार्ग। इसी मार्ग की शरण लेने से मनुष्य का कल्याण होता है तथा वह सभी दुःखों से छुटकारा पा जाता है। निर्वाण के मायने है तृष्णाओं तथा वासनाओं का शान्त हो जाना। साथ ही दुखों से सर्वथा छुटकारे का नाम है- निर्वाण। बुद्ध का मानना था कि अति किसी बात की अच्छी नहीं होती है। मध्यम मार्ग ही ठीक होता है। बुद्ध ने कहा है - वैर से वैर कभी नहीं मिटता। अवैर (मैत्री) से ही वैर मिटता है - यही सनातन नियम है। गौतम बुद्ध ने बौद्ध धर्म का प्रवर्तन किया और अत्यन्त कुशलता से बौद्ध भिक्षुओं को संगठित किया और लोकतांत्रिक रूप में उनमें एकता की भावना का विकास किया। उनका अहिंसा एवं करुणा का सिद्धांत इतना लुभावना था कि सम्राट अशोक ने दो वर्ष बाद इससे प्रभावित होकर बौद्ध मत को स्वीकार किया और युद्धों पर रोक लगा दी। आज भी युद्ध एवं आतंक के दौर में बुद्ध का मार्ग ही कारगर है। क्योंकि बौद्ध मत एवं बुद्ध की शिक्षाएं देश की सीमाएँ लांघ कर विश्व के कोने-कोने तक अपनी ज्योति फैला रही है। आज भी इस धर्म की मानवतावादी, शांतिवादी, बुद्धिवादी और जनवादी परिकल्पनाओं को नकारा नहीं जा सकता और इनके माध्यम से भेद भावों से भरी व्यवस्था एवं हिंसा की मानसिकता पर जोरदार प्रहार किया जा सकता है। आज दुनिया को युद्ध नहीं, बुद्ध की आवश्यकता है। यही धर्म आज भी दुःखी, पीड़ति एवं अशान्त मानवता को शान्ति एवं सहजीवन प्रदान कर सकता है।

दृष्टि कोण

## उम्दा रक्षा तकनीक से सधा 'ऑपरेशन सिंदूर'

**भारतीय** सशस्त्र बलों द्वारा बीते 6-7 मई की रात को शुरू किया गया 'ऑपरेशन सिंदूर' एक सटीक सैन्य अभियान था, जिसका उद्देश्य पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादी ठिकानों को नष्ट करना था। यह अभियान 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में शुरू किया गया, जिसमें 26 पर्यटक मारे गए थे। ऑपरेशन का प्राथमिक उद्देश्य आतंकी संगठनों के बुनियादी ढांचे को ध्वस्त करना और भारत में भविष्य के हमलों को रोकना था। योजना की शुरुआत पहलगाम हमले के तुरंत बाद हुई, जब प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल को खुफिया एजेंसियों और राष्ट्रीय तकनीकी अनुसंधान संगठन के साथ समन्वय करने का निर्देश दिया। लक्ष्यों की पहचान के लिए सैटेलाइट इमेजरी, मानव खुफिया जानकारी और इंटरसेप्टेड संचार का उपयोग किया गया। ऑपरेशन को गोपनीय और सटीक रखने के लिए केवल शीर्ष सैन्य अधिकारियों और सरकारी नेतृत्व को इसकी जानकारी थी। यह सुनिश्चित किया गया कि हमले आतंकी ठिकानों तक सीमित रहें। ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना, नौसेना, और वायुसेना ने संयुक्त रूप से काम किया, जो 54 वर्षों में पहली बार इतने बड़े पैमाने पर हुआ। भारतीय वायुसेना ने राफेल और मिराज 2000 लड़ाकू विमानों को तैनात किया, जो सटीक हमलों के लिए महत्वपूर्ण थे। थल सेना ने एम777 हल्की होवित्जर तोपों के साथ सहायता प्रदान की, जबकि नौसेना ने समुद्री निगरानी और समर्थन



में योगदान दिया। विशेष बलों ने ऑपरेशन से पहले लक्ष्यों की टोह ली और हमलों के बाद नुकसान का आकलन किया। ऑपरेशन के बारे में प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी साझा की गई। जिसमें बताया गया कि नौ आतंकी ठिकानों को नष्ट किया गया। खुफिया एजेंसियों, विशेष रूप से रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ), ने लक्ष्यों का चयन किया, जैसे कि बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद का मरकज सुभान अल्लाह और मुजफ्फराबाद में सैयदना बिलाल कैंप। ऑपरेशन में अत्याधुनिक हथियारों और उपकरणों का उपयोग किया गया। भारतीय वायुसेना ने राफेल विमानों से स्कैल्प क्रूज मिसाइलें और हैमर सटीक-निर्देशित बम दागे। स्कैल्प मिसाइलें स्टील्थ तकनीक से लैस थीं, जो रडार से बचकर कम ऊंचाई पर उड़ान भरती हैं और 450 किलोग्राम वॉरहेड के साथ बंकरों को नष्ट करने में सक्षम हैं। हैमर बमों में जीपीएस और लेजर गाइडेंस सिस्टम था, जो रात और प्रतिकूल मौसम में भी सटीक हमले सुनिश्चित करता है। मिराज 2000 जेट्स ने स्पाइस 2000 और पोपआई बमों का उपयोग किया, जबकि एम777 होवित्जर तोपों से एक्सकैलिबर 155 मिमी सटीक-निर्देशित गोले दागे गए। आत्मघाती ड्रोन, जैसे स्काईस्ट्राइकर लॉइटरिंग म्युनिशन, ने छोटे लेकिन महत्वपूर्ण लक्ष्यों को नष्ट किया। मेटियोर मिसाइलों ने हवाई सुरक्षा सुनिश्चित की। इन हथियारों ने भारत की सैन्य तकनीक में उन्नति को प्रदर्शित किया, जो 2019 के बालाकोट हमले की तुलना में अधिक सटीक और प्रभावी थी। ड्रोन और सैटेलाइट तकनीक ने ऑपरेशन सिंदूर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हेरॉन ड्रोन ने रीयल-टाइम सर्विलांस और माइक्रो-म्युनिशन हमलों में योगदान दिया। स्काईस्ट्राइकर जैसे कामिकेज ड्रोन ने लक्ष्यों पर लंबे समय तक मंडराकर सटीक हमले किए। सैटेलाइट इमेजरी ने लक्ष्यों की सटीक स्थिति और नुकसान के आकलन में मदद की।

कुछ अलग

## पाक के परमाणु बम पर सोचें

**युद्ध** की आशंकाओं से लरजती शनिवार की शाम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का ट्वीट शांति की समझ लेकर आया। उन्होंने दोनों देशों को बधाई दी कि वे संपूर्ण संघर्ष-विराम के लिए तैयार हो गए हैं। बाद में भारत और पाकिस्तान, दोनों ने इसकी पुष्टि की। जो लोग अमन चाहते थे, उनके लिए यह खबर यकीनन सुकूनदेह है। जंग किसी समस्या का हल नहीं, पर क्या हमारे ऊपर थोपे जाने वाले आतंकवाद की आहटें हमेशा के लिए थम गईं? तत्काल इसका जवाब देना असंभव है, पर एक बात तय है कि भारत ने अपना तात्कालिक लक्ष्य हासिल कर लिया है। पाकिस्तान में चल रहे आतंक के तमाम अड्डे ध्वस्त किए जा चुके हैं। पड़ोसी के साथ समूची दुनिया को संदेश मिल गया है कि अब पुरानी रवायत नहीं चल सकती। भारत का रुख हमेशा की तरह साफ था कि हम युद्ध नहीं चाहते। हमारी लड़ाई किसी मुल्क से नहीं, बल्कि आतंकवादियों से है। उन आतंकवादियों से, जो हमारे सपूतों के खून से अपने हाथ धोकर पाकिस्तान के अपने शरणालयों में चले जाना चाहते हैं। हम उनके उन आकाओं का खात्मा चाहते हैं, जिन्होंने पिछली 22 अप्रैल को पहलगाम की बैसरन घाटी में धार्मिक आधार पर 26 भारतीयों की हत्या की साजिश रची। उन्हें खत्म करना, हमारी पवित्र जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में नई दिल्ली की सरकार ने यही तो किया। दुर्भाग्य से पाकिस्तान अपनी पांच हजार साल पुरानी रवायत को भूल गया है। धर्म जोड़ने के लिए होता है, तोड़ने के लिए नहीं। भरोसा न हो, तो उनकी मिसाइलों के नाम देख लीजिए- गजनी, अब्दाली और न जाने क्या-क्या! वे भूल कैसे गए कि मध्य एशिया से आने वाले आक्रामकों ने सबसे पहले हिन्दुस्तान की उसी सरजमीं पर कदम रखा था, जिसे आज पाकिस्तान कहते हैं? सबसे पहली कत्लोगारत और महिलाओं पर अत्याचार वहीं हुए थे। पड़ोसी मुल्क का दुर्भाग्य है कि उसके रहनुमा हमेशा से नेकी के नाम पर बदी करते आए हैं। जुल्फिकार अली भुट्टो का नाम तो आपको याद होगा। उन्होंने कहा था- हम भारत से हजार साल तक लड़ेंगे। उनके दोस्त से जानलेवा दुश्मन बने जनरल जियाउल हक हमें हजार घाव देना चाहते थे, ताकि लहू (जान-माल) रिसता रहे और देश कमजोर होता रहे। आज पाकिस्तान के साथ यही हो रहा है। वह जो महंगे मिसाइल और ड्रोन हम पर दागता है, उनको आसमान में ही ठंडा कर दिया जाता है। यह उस देश का आत्मघात नहीं तो और क्या है, जहां एक बोरी आटे के लिए लोग एक-दूसरे की जान लेने पर आमादा हो जाते हैं! प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देख-रेख में भारतीय सेनाओं ने सोची-समझी रणनीति और तालमेल के साथ पाक के तमाम शहरों पर सफल हमले किए हैं। पाकिस्तान के सैन्य प्रतिष्ठानों के साथ इस कार्रवाई के जरिये भारत सरकार ने न केवल पाकिस्तान, बल्कि समूची दुनिया को स्पष्ट संदेश दे दिया कि हमें संयम बरतना आता है, लेकिन अपने ऊपर हुआ हमला हमें बर्दाश्त नहीं। यकीनन, आने वाले वक्त में सैन्य विज्ञान के विद्यार्थी सगर्व पढ़ेंगे कि भारत ने किस तरह उरी, बालाकोट और मई 2025 के प्रतिकार के जरिये परत-दर-परत एक नई सुरक्षा नीति की सर्जना कर दी है। पाकिस्तान अगर इस मुकाम पर नहीं सुधरा, तो उसका अंजाम और भी बुरा हो सकता है। भारत ने यह भी साबित कर दिया कि हम पाकिस्तानी नेताओं और रावलपिंडी के जनरल साहबान की उन भभकियों से नहीं डरने वाले कि हम परमाणु हमला कर देंगे।

देश दुनीया से

## भारत का अद्भुत पराक्रम

**आतंकवाद** के विरुद्ध भारत के अद्भुत पराक्रम को पूरे विश्व ने देखा। पाकिस्तान को भी उम्मीद नहीं होगी कि भारत इतनी तैयारी के साथ आधी रात के बाद न केवल पाक अधिकृत कश्मीर बल्कि पाक की अन्य सीमाओं में एक साथ अनेक जगहों पर सटीक मिसाइल हमले करेगा। उरी में सैनिकों पर आतंकवादी हमला में भारत ने 11वें दिन पाक अधिकृत कश्मीर में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक की। पुलवामा सीआरपीएफ शिविर पर हमले के 13वें दिन बालाकोट के आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक यानी हवाई बमबारी की गई। पहलगाम हमले के 15वें दिन भारत ने मिसाइल हमला करके अब तक के सबसे बड़े और साहसी करवाई को अंजाम दिया है। जैसा कर्नल सोफिया और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बताया कि रात 1:05 से 1:30 पर ऑपरेशन सिंदूर के नाम से भारत में 9 ठिकानों पर हमला किया जिनमें पांच पाक अधिकृत कश्मीर और चार पाकिस्तान के अंदर हैं। इस बार भारत ने इसके साथ 18 आधिकारिक तस्वीर भी जारी कर दी जिसे किसी के पास प्रश्न उठाने का कोई कारण नहीं रह गया। वैसे भी जब जैश ए मोहम्मद के प्रमुख मसूद अजहर बयान जारी कर रो रहा है कि उसके 10 लोग मारे गए और वह क्यों नहीं मर गया तो फिर संदेह का कारण नहीं है। 2016 के सर्जिकल स्ट्राइक को तो छोड़िए 22 फरवरी 2019 के बालाकोट हवाई बमबारी पर भी हमारे देश के नेताओं ने कटाक्ष किया, उसका उपहास उड़ाया। इस बार सबके मुंह बंद है क्योंकि पाकिस्तान ने स्वयं स्वीकार किया है। पाकिस्तान के इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के डॉयरेक्टर लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने सबसे पहले कहा कि भारत ने 24 मिसाइलें दागी हैं। वास्तव में जब प्रधानमंत्री ने मधुबनी की सभा से कहा कि इस बार की कार्रवाई दुश्मन की कल्पना से परे होगा तथा उनको मिट्टी में मिलाने का वक्त आ गया है तो साफ था कि पूर्व की दो कार्रवाइयों से ज्यादा बड़ी, विस्तृत और आतंकवाद की दृष्टि से प्रभावी एवं निर्णायक कार्रवाई हो सकती है। जैसा कर्नल सोफिया और विंग कमांडर व्योमिका ने बताया भारत ने अपनी रक्षा आत्मरक्षा के तहत कार्रवाई की है और इस बात का ध्यान रखा गया कि आम नागरिकों और सैनिक ठिकानों को हमारी मिसाइलें स्पर्श न करें। उन स्थानों को देखिए जहां-जहां मिसाइल हमले हुए तब पता चल जाएगा कि कितनी बड़ी कार्रवाई थी। बताया गया कि जिन नौ ठिकानों पर हमले किए गए, उसके पीछे भारतीय सेना का मकसद क्या था। दोनों महिला जवानों ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए वीभत्स आतंकी हमले के शिकार नागरिकों और उनके परिवारों को न्याय देने के लिए किया गया। जिन नौ ठिकानों की पहचान कर बर्बाद किया गया उनमें में आतंकियों को प्रशिक्षित किया जाता था। ये आतंकियों के लॉन्च पैड थे। एक, नियंत्रण रेखा से 30 किलोमीटर दूर मुजफ्फराबाद का सवाईनाला कैंप लश्कर का ट्रेनिंग सेंटर था। सोनमर्ग, गुलमर्ग और पहलगाम में आतंकी हमला करने वाले आतंकवादियों ने यहीं प्रशिक्षण लिया था। दो, सैयदना बिलाल कैंप (पीओजेके) जैश-ए-मोहम्मद का ठिकाना है जहां हथियारों और विस्फोटकों को




रखा जाता था, जंगल में जिंदा रहने का प्रशिक्षण मिलता था। तीन, कोटली गुलपुर भी संगठन-लश्कर-ए-तैय्यबा का अड्डा था। यहां के आतंकी जम्मू-कश्मीर के राजौरी-पुंछ में सक्रिय थे। चौथा निशाना नियंत्रण रेखा से 9 किलोमीटर दूर भींबर का बरनाला कैंप था जहां हथियारों की हैंडलिंग, बारुदी सुरंग आईईडी और जंगल में बचे रहने का प्रशिक्षण मिल जाता था। पांचवां मिसाइल हमला नियंत्रण रेखा से 13 किमी दूर अब्बास कैंप कोटली पर किया गया जहां लश्कर के आतंकवादी आत्मघाती तैयार किए जाते थे और एक बार में यहां 15 को प्रशिक्षण देने की क्षमता थी। पाक अधिकृत कश्मीर के इन ठिकानों को नष्ट करने के बाद मिसाइल पाकिस्तानी सीमा के भीतर चल रहे आतंकी ठिकानों पर गरजे। एक, सबसे पहले अंतरराष्ट्रीय सीमा से 6 किमी दूर और जम्मू-कश्मीर के सांबा-कठुआ के सामने सरजल कैंप सियालकोट पर हमला किया। दूसरे नंबर पर अंतरराष्ट्रीय सीमा से 12-18 किमी दूर सियालकोट का महमूना जोया कैंप था जो हिजबुल का बड़ा अड्डा था। यहां से कठुआ में आतंकवादी गतिविधियां चलतीं थीं। पठानकोट वायु सेवा अड्डे हमला का का पूरा षड्यंत्र उसे अंजाम देने की योजना यही बनी थी। तीसरे नंबर पर अंतर्राष्ट्रीय सीमा से 18-25 किमी दूर हाफिज सईद के मुरीदके में मरकज-तैयबा था जहां 2008 के मुंबई आतंकी हमले के आतंकवादी प्रशिक्षित हुए। कसाब और डेविड हेर्डली को यही प्रशिक्षित किया गया था। और सबसे अंत में अंतरराष्ट्रीय सीमासे करीब 100 किलोमीटर दूर बहावलपुर में मरकज सुभानअल्लाह पर हमला किया। यह जैश-ए-मोहम्मद का मुख्यालय है जो आतंकवादियों का व्यापक सुरक्षित केंद्र है जहां भर्ती से लेकर वैचारिक हथियारों के प्रशिक्षण और उन्हें सीमा पार करने सहित सारी व्यवस्थाएं थी। मसूद अजहर के परिवार के 10 लोग भी मिसाइल के प्यार हो गए। भारत को बर्बाद करने की कसमें खाने वाले मसूद आज फूट-फूट कर रोए तो कल्पना कर सकते हैं कि हमला उसके सारे सपनों को एकबारगी ध्वस्त करने वाला साबित हुआ है। इसमें मसूद अजहर की बड़ी बहन और उसके पति, भांजे और उसकी पत्नी और अन्य भतीजों और परिवार के पांच बच्चों के साथ उसके करीबी सहयोगी और उसकी मां और दो अन्य करीबी सहयोगियों की भी मौत हुई है। इसमें आतंकवादी कमांडर इकबाल करी के साथ हमले में 10 अन्य आतंकी भी मारे गए हैं। बिलाल आतंकी शिविर के प्रमुख याकूब मुगल की भी मौत हुई है। बहावलपुर के बाहरी इलाके में कराची-तोरखाम राजमार्ग पर 15 एकड़ में फैले मरकज सुभान अल्लाह मसूद अजहर का किला था जो 2019 में पुलवामा आतंकवादी हमले सहित अनेक हमले का केंद्र रहा है। मसूद अजहर का घर मरकज सुभान अल्लाह में ही है। इस तरह देखें तो भारतीय सेना ने केवल पहलगाम हमले के दोषियों को ही सजा नहीं दी बल्कि पिछले लंबे समय से आतंकवादी हमला करने के मुख्य केंद्रों और भविष्य के षड्यंत्र रचने वालों केन्द्रों को भी तबाह कर दिया।

आप का नजरीया

## अपनी मौत बुलाता पाकिस्तान

**आतंकवाद** का पोषण करने वाली पाकिस्तान की सेना अपने देश को खतरनाक रास्ते पर ले जा रहे हैं, जहाँ उसकी बर्बादी के अलावा और कोई अंजाम नहीं है। भविष्य में जनरल असीम मुनीर को पाकिस्तान की जनता बद्दुआएं देगी। आतंकवादियों के मारे जाने पर पाकिस्तान की सेना जिस तरह बौखलाकर भारत के नागरिक क्षेत्रों पर हमला कर रही है, उसमें उसकी कायरता ही सामने आती है। भारत पर हमला करके पाकिस्तान ने एक तरह से अपनी मौत बुलाई है। पाकिस्तानी सेना के आत्मघाती इरादों के सामने वहाँ की हुकूमत ने भी घुटने टेक दिए हैं। उल्लेखनीय है कि ऑपरेशन सिंदूर में जब भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तानी कब्जे वाले जम्मू और कश्मीर में 9 आतंकी ठिकानों पर हमले करके उन्हें नेस्तनाबूद कर दिया था, तब पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ का पहला बयान इसी ओर इशारा कर रहा था कि वह कोई भड़काऊ जवाबी कार्रवाई नहीं करेगा। जबकि, पहले वाले इनके बयान काफी भड़कीले रहे थे। लेकिन, मुनीर की सेना अपनी सरकार की बात मानने को तैयार नहीं हुई। उन्होंने बदला लेने की कसम खाई और शहबाज शरीफ की सरकार को अपनी बात मानने के लिए मजबूर कर दिया। पाकिस्तान की यही सबसे बड़ी त्रासदी है कि सरकार के पास कोई अधिकार नहीं है। सेना जो कहती है, वही होता है। ऐसा प्रतीत होता है कि पाकिस्तान की फौज अपने अस्तित्व और प्रभुत्व को बचाने के लिए पाकिस्तान को गहरे अंधकार में धकेलने का मन बना चुकी है। जब तक पाकिस्तान की सेना नियंत्रण रेखा पर युद्ध विराम का उल्लंघन करके गोली-बारी कर रही थी, तब तक भारत भी बर्दाश्त कर रहा था लेकिन अपने निर्दोष नागरिकों पर हमले भारत को स्वीकार नहीं है। पाकिस्तान की ओर से जिस प्रकार सीमारेखा से लगे रहवासी क्षेत्रों में ड्रोन और फाइटर प्लेन से हमला करने का प्रयास किया, उसको नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। भारतीय सेना की सराहना करनी चाहिए कि उसने पाकिस्तान की नापाक हरकतों का पहले ही अंदाजा लगा लिया था। इसलिए पाकिस्तान का एक भी हमला सफल नहीं हो सका। भारतीय सेना ने हवा में ही पाकिस्तान के सभी ड्रोन मार गिराए। उससे पहले भारत ने पाकिस्तान का एयर डिफेंस भी तबाह कर दिया। इसके बाद भी यदि पाकिस्तान को भारत की ताकत का अंदाजा नहीं हो पा रहा है, तो उससे अधिक मूर्ख और कोई नहीं। यह माना जा सकता है कि कुछ वैश्विक ताकतें अंदरखाने पाकिस्तान को भारत से युद्ध के लिए उकसा रही होंगी लेकिन ऐसा कुछ करने से पहले पाकिस्तान को अपने वर्तमान और भविष्य के बारे में ठीक प्रकार से विचार कर लेना चाहिए। पाकिस्तान यह भी देखे कि उसके साथ कोई भी देश खड़ा होने को तैयार नहीं है। यहाँ तक कि चीन ने भी पर्याप्त दूरी बना ली है। अरब देशों से भी पाकिस्तान को सहयोग नहीं मिल पा रहा है। यह भारत की कूटनीतिक जीत है कि उसने पिछले 10-12 वर्षों में अपने अंतरराष्ट्रीय संबंधों को नये ढंग से मजबूत किया है।

## बोरियो के पुआल पंचायत के बागमुंडी गांव से साहिबगंज के महादेवगंज जा रहे थे मजदूरी करने ग्रामीण

# जिलेबिया घाटी में टेंपू पलटने से एक महिला की मौत, 10 घायल







**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के जिलेबिया घाटी के पहले मोड़ पर क्रशर प्लांट के नजदीक सोमवार की सुबह करीब साढ़े नौ बजे एक टेंपू अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दुर्घटना में एक बच्चा समेत 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। मृत महिला की पहचान पुलिस ने बागमुंडी गांव के प्रधान हांसदा उर्फ बृधन हांसदा की पत्नी सुरूज मरांडी के रूप में की गई है। वहीं दुर्घटना के बाद टेंपू चालक संजू बास्की टेंपू छोड़कर फरार हो गया।

वहीं दुर्घटना की सूचना मिलते ही जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि सिंह सदल बल के साथ मौके पर पहुंचें। शव को पोस्टमार्टम के लिए और घायलों को इलाज के लिए वहां से गुजर रहे बरहेट के पीएलवी बाबूलाल मरांडी व स्थानीय लोगों की मदद से सदर अस्पताल भेजा। घायल में सभी बोरियो थाना क्षेत्र के बाग़मुंडी के सिदो किस्कु की नौ वर्षीय पुत्री रौशमी किस्कु, पुरले किस्कु की पुत्री लिली किस्कु(9), भागवत बास्की का पुत्र बुधराम बास्की(14), राजेश मुर्मू की पत्नी बाहामुनि सोरेन (40), मनु मुर्मू की पुत्री मोरिता मुर्मू (18), पप्पू मुर्मू (30), बिर्धन हासदा की पुत्री मरियम हासदा(10), जट्टा मुर्मू की पुत्री मेरीला मुर्मू(13), राम बास्की की पुत्री चंची बास्की(12), पतरु बास्की की पुत्री मरंगम्य सोरेन गंभीर रूप से घायल है। घायल ने बताया कि वे लोग गाँव के ही टेंपू चालक संजू बास्की के टेंपू से बोरियो से साहिबगंज के महादेवगंज घोंघा चुनने के लिए आ रहे थे। इस [illegible] दौरान [illegible] घाटी से उतरने के दौरान टेंपू में ब्रेक नही लगा। इस कारण टेंपू अनियंत्रित होकर पलट गया। उधर, पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है। इधर, पुलिस ने टेम्पू को जब्त कर थाना ले आई है। जब्त टेम्पू में रजिस्ट्रेशन नंबर नहीं लगी हुई थी। थाना प्रभारी शशि सिंह ने बताया कि पुलिस मामले में छानबीन कर रही है।

### जिले में पांच वर्ष तीन महीने में सड़क हादसे में 346 लोगों की हुई है मौत

**तौकीर राज@प्रभात मंत्र**

**साहिबगंज :** जिले में हर महीने सड़क हादसे में कम से कम तीन से अधिक लोग अपनी जान गंवा रहे हैं। पिछले पांच वर्ष तीन महीने में करीब 346 लोगों की मौत हुई है। जबकि 150 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जिला परिवहन कार्यालय की रिपोर्ट के मुताबिक जिले में पिछले तीन माह यानि 31 मार्च 2025 तक करीब 40 सड़क हादसे हुए। इसमें करीब 27 लोगों की मौत हुई है। नौ लोगों गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इसी तरह वर्ष 2024 में 95 सड़क हादसे हुए। इसमें 60 लोगों की मौत हुई। जबकि 23 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। वर्ष 2023 में 107 सड़क हादसे में करीब 67 लोगों की मौत हुई है। जबकि 23 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। वर्ष 2022 में कुल 88 सड़क हादसे हुए। इसमें 64 लोगों की मौत हुई। जबकि 32 लोग गंभीर रूप से घायल हुए। वर्ष 2021 में 84 हादसे में 64 लोगों की मौत हुई। 37 लोगों गंभीर रूप से घायल हुए। वर्ष 2020 में 94 हादसे हुए। करीब 65 लोगों की मौत हुई एवं 38 लोग गंभीर व आंशिक रूप से चोटिल हुए थे।

### मुख्य एक्सीडेंट प्वाइंट

- साहिबगंज के जलेबिया घाटी।
- बरहड़वा-बरहेट मुख्य पथ पर पतना हाट के पास
- बोरियो से तीनपहाड़ रोड पर रक्सी स्थान, घाटी, वृंदावन।
- बोरियो मुख्य पथ के बांझी टर्निंग प्वाइंट व तेलो मोड़ पर।
- मिर्जाचौकी रेलवे फाटक व नीमगाछी रोड तालझारी के सकरीगली, महाराजपुर, मसकलैया, मंगलहाट।
- उधवा-बरहड़वा मुख्य पथ पर।

### बचाव के लिए हिदायत

- एनएच 80 व स्टेट हाइवे के एक्सीडेंट प्वाइंट पर पांच सौ मीटर में रम्बल स्ट्रीप लगाया जाये।
- बड़ी व चार पहिया वाहन आबादी वाले क्षेत्र में 20 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से वाहन ड्राइव करें।
- बाइकर्स हेलमेट व जूता अवश्य पहनकर बाइक चलावें।
- टर्निंग पर वाहन की गति को धीमी करें।
- बड़े मालवाहक गाड़ियों को कभी भी ओवरटेक न करें।
- शराब पीकर किसी तरह की वाहन न चलायें।

### क्या कहते हैं परिवहन पदाधिकारी

सड़क हादसे में कमी लाने को लेकर लगातार लोगों के बीच जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। विभाग पूरी तरह से एक्सीडेंट व मृत्यु दर को कम करने के लिए प्रयास में जुटी है।

**मिथिलेश कुमार चौधरी**
**जिला परिहवन पदाधिकारी**
**साहिबगंज।**

### वर्ष 2025 के मार्च माह तक के सड़क हादसे का आंकड़ा

| माह | हादसों की संख्या | मौत |
|---|---|---|
| जनवरी | 11 | 06 |
| फरवरी | 18 | 14 |
| मार्च | 11 | 07 |

## करणपुरातो जमालपुर गांव के मरीज को नहीं मिला एम्बुलेंस, ट्रेन से गए मालदा

**साहिबगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिले के करणपुरातो के जमालपुर गांव के रीघा मरांडी के 19 वर्षीय पुत्र बली मरांडी सिर में दर्द का इलाज कराने सदर अस्पताल में नौ मई को भर्ती कराया गय था। वही डॉक्टरों ने कई तरह का जांच करवाकर देखने के बाद 11 मई को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। मरीज के पिता रीघा मरांडी ने बताया कि रात में बेटा को मालदा ले जाने के लिए एम्बुलेंस के लिए 108 एम्बुलेंस को फोन किए तो कहा देर लगेगा, एम्बुलेंस कहीं और है। वहीं अस्पताल में बताया कि एम्बुलेंस खराब है। एंबुलेंस का इंतजार में सुबह हो गया। तो मजबूरन सुबह रेलवे स्टेशन आए और बेटा को मालदा लोकल ट्रेन से मालदा इलाज के लिए लेकर जा रहे है। सिर में बेटा को बहुत दर्द है। आयुष्मान कार्ड भी बना हुआ है। किसी तरह मालदा लेकर जा रहे है। एंबुलेंस मिलता तो इस तरह लेकर नहीं जाते और मालदा अस्पताल पहुंच जाते।



## दो बाइकक की सीधी टक्कर, दो घायल

**बोरियो(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बोरियो-तीनपहाड़ मुख्य पथ के चतरा धोगोड़ा के पास दो बाइक के सीधी टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में दोनों का बांया हाथ टूट गया। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के डहरलंगी निवासी हाकिम मुर्मू (25) एवं जदवाटोली मंगलहाट के परवीण हेम्ब्रम (14) बाईक से तीन पहाड़ से बोरियो की ओर आ रहे थे। जिशु हेम्ब्रम तीनपहाड़ निवासी विपरित दिशा में बोरियो से तीनपहाड़ की ओर जा रहे थे। बोरियो के चतरा धोगड़ा के पास दोनों बाईक में टक्कर हो गई। दुघर्टना में हाकिम मुर्मू एवं परवीण हेम्ब्रम बुरी तरह घायल हो गए।

## डोराई में तीन फुटबॉल टूर्नामेंट में फाइनल मैच पहलगाम की टीम ने जीता एक गोल से



**बरहेट(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र के डोराई संथाली पंचायत के डोराई गांव में सगुन क्लब की ओर से आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट मैच का फाइनल मैच मिनी पहलगाम बनाम अमरभिटा के बीच हुआ। इसमें मिनी पहलगाम खेल में एक गोल से विजेता बना। इस फुटबॉल टूर्नामेंट में बतौर मुख्य अतिथि झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह प्रखंड प्रमुख बर्नार्ड मरांडी ने दोनों फाइनल खेलने वाले खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए फुटबॉल को किक मारकर फाइनल मैच का शुभारंभ किया। विजेता टीम को पुरस्कार राशि एक लाख रुपए झामुमो के पूर्व प्रखंड कोषाध्यक्ष पुसा टुडू ने दिया। उपविजेता टीम को पुरस्कार राशि 80 हजार रुपये बाबुराम टुडू ने देकर पुरस्कृत किया। सेमीफाइनल में हारने वाली टीम को क्रमशः पंद्रह-पंद्रह हजार रुपए देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर छवि हेंब्रम, सुनिराम हांसदा, लखीराम सोरेन, समदा सोरेन, पंसस श्रीमती बेला किस्कू पंचायत अध्यक्ष बेरेन सोरेन, सचिव रंजन साहा, बाबुधन टुडू कमेटी के अध्यक्ष सुलेमान मुर्मू,सचिव बाबुराम टुडू,सुशील टुडू, बब्लू हेंब्रम सहित अन्य मौजूद थे।

# रेलवे के क्वार्टर में अवैध रूप से रह रहे लोगों को रेलवे करवाया खाली





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**साहिबगंज :** हावड़ा जोन के जीएम के निर्देश पर मालदा मंडल के साहिबगंज के नॉर्थ कॉलोनी में सोमवार को दर्जन भर क्वाटर में अवैध रूप से रह रहे लोगों को हटाया गया। एईएन वेद व्यास शरण की अगुवाई में रेलवे इलेक्ट्रिक, इंजीनियर, रेल पुलिस व जिला पुलिस की संयुक्त टीम ने अवैध रूप से रह रहे चिन्हित क्वाटर में जा जाकर उसको खाली करवाया। वही एईएन ने बताया कि नॉर्थ कॉलोनी, झरना कॉलोनी, साउथ कॉलोनी, सब्जी मंडी क्षेत्र में अवैध रूप से क्वाटर में रह रहे को चिन्हित करके नोटिस दिया गया है। वही नोटिस के बाद भी खाली नहीं करने वाले का क्वाटर खाली करवाया जा रहा है। शिकायत मिल रही थी कि रेलवे के खाली बंद क्वाटर में आए दिन असामाजिक तत्वों, पशुपालकों सहित अन्य ने कब्जा जमा लिया है। वही क्वाटर खाली कराने से अवैध रूप से रह रहे लोगों में भय है। ज्ञात हो कि कुछ रेलवे कर्मी अपना क्वाटर भाड़ा में आम लोगों को देकर खुद भाड़ा के मकान में रहते है। वही रेलवे अधिकारी पूछने आते है तो खुद रेलवे कर्मी का रिलेटिव परिजन बताकर रह रहे है। ये खेल कई वर्षों से रेलवे क्वाटर में चल रहा है। वही कुछ लोग कई वर्षों से रेल क्वाटर में कब्जा जमाकर रखे हुए है, जो भी रेल कर्मी को क्वाटर इशू होता है उससे भाड़ा में बात करके रह रहे है।

# मेधा डेयरी के दूध की कीमत में हुई दो रुपए की बढ़ोतरी, नई कीमतें लागू हुई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**साहिबगंज :** राज्य का एकमात्र डेयरी मेधा डेयरी ने भी दूध के दाम बढ़ा दिए हैं। अचानक कीमत बढ़ाने से ग्राहकों के जेब पर इसका सीधा असर पड़ने वाला है। किचन का बजट गड़बड़ाने वाला है। मेधा डेयरी जिला के सैकड़ो सहित प्रदेश व आस पास के लाखों गौ पालकों दुग्ध उत्पादकों से प्रतिदिन दूध लेकर दूध का प्रोडक्ट बनाकर उसे पैकिंग करके बाजार में बेचती है। जिससे दूध को बाजार मिला है। अब दुग्ध उत्पादक, गौ पालक घर के पास ही दुग्ध कलेक्शन सेंटर पहुंचकर सुबह शाम दूध देते है और महीना में तीन बार बैंक एकाउंट में दूध का पेमेंट प्रोत्साहन राशि के साथ मिल जाता है। वही मेधा डेयरी के प्रोडक्ट की मांग जिला, प्रदेश के साथ साथ आस पास के भी राज्यों में काफी है। नई कीमतें बाजार में 12 मई से लागू भी हो गयी हैं। मेधा डेयरी के हब इंचार्ज राजीव रंजन ने बताया कि मेधा दूध की कीमतों में दो रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी किया गया है। अब एक लीटर डबल टोंड स्लिम मिल्क 44 रुपए की बजाय 46 रुपए में मिलेगा,




जबकि आधा लीटर 23 रुपए में। एक लीटर टोंड मिल्क की कीमत 51 रुपए से बढ़कर 53 रुपए और आधा लीटर 27 रुपए हो गया है। स्टैंडर्ड मिल्क शक्ति की कीमत 57 रुपए से बढ़कर 59 रुपए लीटर हुआ, आधा लीटर 30 रुपए हुआ। वही शक्ति स्पेशल अब 60 रुपए लीटर मिलेगा, पहले 58 रुपए मिलता था और आधा लीटर के लिए अब 31 रुपए लगेगा, पहले 30 रुपया लगता था। आधा लीटर काउ मिल्क की कीमत 27 रुपए से बढ़कर 28 रुपए हुआ। मेधा डेयरी ने खोवा और छेना मिल्क के दाम भी बढ़ा दिए हैं। छह लीटर खोवा मिल्क अब 336 रुपए की जगह 348 रुपए और छेना मिल्क 300 रुपए की जगह 312 रुपए में मिलेगा।

**मेधा डेयरी में होता है 30 हजार लीटर प्रतिदि दूध संग्रहण :-** महादेवगंज मुफस्सिल थाना समीप स्थित मेधा डेयरी प्लांट में प्रतिदिन 30 हजार लीटर दूध का कलेक्शन किया जा रहा है। साहिबगंज के अलावा गोड्डा सहित अन्य जगहों से दूध का कलेक्शन सुबह शाम गौ पालकों से किया जाता है और वाहन के माध्यम से उसे प्लांट में लाया जाता है। वही गौ पालकों को गाय के दूध का प्रति लीटर 40 रुपए तक ओर पांच रुपए प्रदेश सरकार प्रोत्साहन राशि देती है। वही भैंस का दूध प्रति लीटर 67 रुपए तक मिलता है और पांच रुपए प्रोत्साहन राशि अलग से दिया जाता है। दूध का पेमेंट बैंक एकाउंट में प्रोत्साहन राशि के साथ प्रत्येक माह में तीन बार दिया जाता है। वही प्लांट में अभी दूध के साथ साथ लस्सी, दही, पेड़ा, पनीर, छास, घी, पेड़ा ओर गुलाबजामुन बनाकर बाजारों में भेजा जा रहा है।

# बुद्ध पूर्णिमा पर गंगा घाटों पर विशेष गंगा स्नान व पूजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**साहिबगंज :** शहर के बिजली घाट पर सोमवार को श्रद्धालुओं ने विशेष गंगा स्नान कर गंगा पूजन किया। वहीं राजमहल गंगा घाट पर भी बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर आदिवासी एवं गैर आदिवासी सोमवार को अहले सुबह से ही हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ गंगा तट पर उमड पड़ी थी। खासकर साफाहोड़ आदिवासियों ने अपने धर्म गुरुओं के साथ गंगा तट पर अस्थाई अखाड़ा लगाकर मां गंगा एवं मरांग बुरु भगवान शिव की आराधना की।

**हजार घरों में एक साथ हुआ गायत्री यज्ञ**

**साहिबगंज :** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज के तत्वाधान में गृहे गृहे गायत्री यज्ञ कार्यक्रम के तहत बैशाख पूर्णिमा पर जिला में करीब दो हजार घरों में एक साथ गायत्री यज्ञ कराया गया। इसके लिए गायत्री परिवार की ओर से व्यापक प्रचार-प्रसार करते हवन सामग्री का



वितरण घरों में किया गया था। गायत्री यज्ञ को लेकर एकता महिला मंडल की बहनों ने करीब 494 घरों में संपर्क कर हवन सामग्री बांटी थी और 95 घरों में टेलीफोन के माध्यम से बहनों ने इस यज्ञ की जानकारी देते इसे अपने अपने घरों में करने को प्रेरित किया था। बुद्ध पूर्णिमा पर सुबह 08 बजे से दोपहर 12 बजे तक यज्ञ किया गया। मंडल की संचालिका रीता गुप्ता ने मंडल की सभी बहनों को भरपूर सराहना करते हुए कहा की मंडल की सभी बहनों के अथक प्रयासों से शहर की 494 घरों में एवं शहर से बाहर के 95 घरों में यज्ञ संभव हो पाया। इसके अलावा अन्य मंडल की ओर से जिला के विभिन्न प्रखंडों में संपर्क अभियान चला कर यज्ञ करने को प्रेरित किया गया था। इस दौरान संपूर्ण जिला के करीब दो हजार से अधिक घरों में गायत्री यज्ञ का आयोजन हुआ।

**कबीर आश्रम में हुआ बुद्ध पूर्णिमा पर सत्संग**

**साहिबगंज :** स्थानीय गांधी चौक स्थित कबीर आश्रम में बुद्ध पूर्णिमा पर सोमवार को सत्संग व भंडारा आयोजित किया गया। मौके पर बतौर मुख्य वक्ता भागलपुर जिले का बैजनाथपुर कबीर आश्रम के महंत सत्यनारायण साहब ने लोगों का सत्य दर्शन के दृष्टांत से अवगत कराया। कहा की वेद दर्शन जगत को ध्यान और ब्रह्म सत्य मानता है। संसार और जीवात्मा व्यक्तिगत आत्मा भी ब्रह्म के ही भाग हैं, ब्रह्म परम सत्य है। ब्रह्म सत्य होने का का अर्थ है कि जो भी है जड़ या चेतन सब उसे प्रमुखता से अभिव्यक्त हुए हैं अंत में उसी में विलीन हो जायेंगे।

कटिहार जिला से आए हुए संत विद्यासागर, संत गुड्डू, सूरदास, संत सेवा साहब, संत प्रसाद,संत भवन दास, संत दुलाल, संत तूफानी, संत महावती साध्वी, संत साध्वी तारा माई, संत नीलम साध्वी, संत जगदीश दास, संत संजय दास, संत अरुण दास दर्जनों संतों ने सत्संग प्रस्तुत किया। सत्संग और भंडारा आयोजन महंत शंकर दास आदि के सहयोग से हुआ।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में भगवान गौतम बुद्ध के जयंती पर दादा-दादी व नाना-नानी सम्मान समारोह का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बोरियो :** प्रखंड के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर विद्यालय के परिसर में सोमवार को भगवान गौतम बुद्ध की जयंती पर दादा, दादी ,नाना, नानी सम्मान समारोह आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य हेमा कुमारी एवं कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथि, समाजसेवी वा सेवानिवृत शिक्षक देवेंद्र प्रसाद साह ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित एवं पुष्पाचरण के किया गया। वही कार्यक्रम में आए हुए मुख्य अतिथिओ का प्रधानाचार्य द्वारा परिचय कराया गया। वहीं अंग वस्त्र से सम्मानित कर प्रधानाचार्य ने भगवान गौतम बुद्ध के जयंती पर उनके शुद्ध विचार को कार्यक्रम के उद्देश्य से उपस्थित अभिभावकों को अगवत कराया गया। उन्होंने कहा कि आज के समय में जहां अधिकतर बच्चे अपने माता, पिता, दादा, दादी की बात का मान नहीं रख रहे है। वही इस मोबाइल के युग में अपने सगे संबंधी व रिश्तेदारों से विमुख हो होते जा रहे हैं। इसकी वजह कहीं न कहीं आधुनिक शिक्षा में व्याहारिकता की झलक प्रतीत हो रही है। जहां शिक्षा के साथ अपने संस्कार,व्यवहार, सभ्यता, संस्कृति के प्रति हमारा जीवन हो, वही इस बात का ख्याल रखते हुए इस विधा भारती के विद्यालय में ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर समाज को संदेश देना होता है। वही अतिथि देवेंद्र प्रसाद ने कहा कि समाज में मानव मूल्यों को बनाए रखने के लिए विद्या भारती विद्यालय में ऐसे कार्यक्रम आयोजन काफी सहरानीय हैं। जहां मूल्य संस्कृति व्यावहारिकता की बात हो तो ऐसे में कार्यक्रम आगे भी होता रहे है। वही सभी छात्र छात्राओं ने इस कार्यक्रम में उपस्थित माता, पिता, दादा, दादी, नाना, नानी का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। मौके पर विद्यालय आचार्य गौतम कुमार दत्ता, र ाजेंद्र प्रसाद भगत, सरयू प्रसाद यादव, सुरेन्द्र, दीपक कुमार, राजेश कुमार, एवं अन्य सैकड़ों ग्रामीण व अभिभावक उपस्थित रहे।

# सूर्या नर्सिंग कॉलेज में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस हर्षोल्लास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**साहिबगंज :** प्रखंड के शोभनपुर भट्ठा स्थित सूर्या नर्सिंग एजुकेशनल कॉलेज में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस 2025 पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि प्रेमज्योति हॉस्पिटल के मुख्य नर्सिंग अधीक्षक नोथेनियल मिश्रा, विशिष्ट अतिथि सिस्टर जोशी, ब्रदर जोयेल तथा कॉलेज के निदेशक डॉ. विजय कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन करके किया। मुख्य अतिथि श्री मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि एक



समर्पित और कुशल नर्सिंग कार्यबल वैश्विक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली और आर्थिक स्थिरता का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। उन्होंने नर्सों के योगदान को समाज के लिए अमूल्य बताया। कॉलेज के निदेशक डॉ. विजय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि यह दिवस नर्सों की सेवा, समर्पण, करुणा और निष्ठा को सम्मान देने का अवसर है। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा ÷नर्सों की देखभाल अर्थव्यवस्था को मजबूत करती है÷ विषय पर भाषण प्रतियोगिता, सुंदर पोस्टर प्रदर्शनी और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें नर्सों की भूमिका को रचनात्मक रूप से दर्शाया गया। कार्यक्रम में कॉलेज की प्रचार्या डॉ. अर्चना मिंज, शिक्षिकाएं अर्चना रुचि और सोमी मुई के साथ-साथ डॉ. प्रवीण, विनय कुमार, अश्विनी कुन भगत, हरेन्द्र पासवान और अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों एवं नर्सिंग स्टाफ को सम्मानित कर और सामूहिक राष्ट्रगान के साथ किया गया।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा डीबी, कॉर्प लिमिटेड, निअर के.जी आश्रम भूईफोड मंदिर, गोसियाडीह गोविंदपुर रोड धनबाद से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र C/O - मो0 जसीम, पिता- मो0 हबीब, ओल्ड दुमका नगर, सब डिवीजन दुमका झारखंड से प्रकाशित। संपादकीय कार्यालय : बगानपाड़ा, पोखराचौक, वार्ड नं0 - 10, दुमका, थाना - दुमका नगर, जिला - दुमका 814101, संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786

# झामुमो मधुपुर प्रखंड कमेटी का विस्तार समारोह संपन्न, मंत्री हफीजुल हसन ने कहा-काम और आशीर्वाद से बना मंत्री






**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मधुपुर :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) मधुपुर प्रखंड कमेटी का विस्तार समारोह शहर के केला बगान स्थित मंत्री आवास परिसर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में झारखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री हफीजुल हसन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।मंत्री हफीजुल हसन ने कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती और सरकार की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए कहा कि राज्य निर्माण में बुजुर्गों और गुरुजी शिबू सोरेन के संघर्ष का बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य का गठन वर्ष 2000 में हुआ, लेकिन लोगों की गलतफहमी के चलते पार्टी को सत्ता से दूर रहना पड़ा।उन्होंने कहा कि 2019 से 2024 तक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं, 40 साल संघर्ष किया है, अब 40 साल राज्य चलाना है,÷ उन्होंने कहा।मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि वे जनता की सेवा और मेहनत के बल पर मंत्री बने हैं। मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना और बिजली बिल माफी योजना से गरीबों को बड़ी राहत मिली है। साथ ही उन्होंने बताया कि पेयजल की समस्या का जल्द समाधान किया जाएगा और कई योजनाएं जन-जन तक पहुंचाई जाएंगी।मंत्री हफीजुल ने एक नई योजना की घोषणा की, जिसके तहत किसी परिवार में वयस्क सदस्य की मृत्यु होने पर उसके सभी नाबालिग बच्चों को 4,000 रुपये की सहायता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि हर मंगलवार को प्रखंड स्तर पर जनता दरबार लगाया जाएगा और जिला या मंत्री स्तर पर मामले का समाधान किया जाएगा। उन्होंने यह भी घोषणा की कि महीने में एक बार प्रत्येक प्रखंड का निरीक्षण किया जाएगा। कार्यकर्ताओं को ईमानदारी और सिस्टम के तहत काम करने की नसीहत दी।इस अवसर पर झामुमो मधुपुर प्रखंड कमेटी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें शाकिर को प्रखंड अध्यक्ष, लखन किस्कू, जयनुद्दीन खां, गंगा दास, विनोद वर्मा, संतोष दास को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया।राजेश सोरेन को सचिव, प्रभु हांसदा, टिकू दास, संजय मडईचा और नसीम अंसारी को संगठन सचिव, जबकि चिरागुद्दीन अंसारी, रूबी लाल मरांडी, चंद्र किशोर दास, इसाह अंसारी, सिद्दिकी अंसारी, शाकिब खां और बाबूराम टुडू को संयुक्त सचिव बनाया गया। गुरुदयाल यादव और सबदर शाहील को मीडिया प्रभारी तथा कलीमुद्दीन शेख को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा 35 सदस्यों की कार्यकारिणी भी गठित की गई।कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता हाजी रशीद, जिला अध्यक्ष संजय शर्मा, जिला उपाध्यक्ष राजेश सोरेन, दिनेश्वर किस्कू, तेजनारायण वर्मा, अबू तालिब अंसारी, नगर अध्यक्ष अल्ताफ हुसैन, मरियम टुडू, प्रकाश मंडल सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कौंडिन्या पब्लिक स्कूल में बुद्ध पूर्णिमा का आयोजन



**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कौंडिन्या पब्लिक स्कूल ने बुद्ध पूर्णिमा को बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर, हमारे अध्यक्ष, राजीव रंजन सिंह (सेवानिवृत्त डीआईजी), ने भगवान बुद्ध को पुष्प अर्पित करके कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद विद्यालय की निदेशिका मंजू सिंह ने भी भगवान बुद्ध को पुष्पांजलि अर्पित की।इस कार्यक्रम में विद्यालय के सीईओ विक्रांत सिंह, प्रिंसिपल संजय सिन्हा, एडमिन शिवानी, सीसीए कोऑर्डिनेटर अंजली गुप्ता, सुमन सिंह तथा सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित थे। उपस्थित सभी लोगों ने भगवान बुद्ध की शिक्षाओं और आदर्शों पर विचार किया और शांति और सौहार्द के मार्ग पर चलने की प्रतिबद्धता दोहराई।विद्यालय समुदाय ने इस पवित्र अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दीं और समाज में शांति और सद्भावना का संदेश फैलाने का संकल्प लिया।

## चंदवारा : सड़क हादसे में पत्नी की मौत, पति घायल



**चंदवारा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चंदवारा थाना क्षेत्र के थाम में सोमवार को सड़क हादसे में पत्नी की मौत,पति घायल। मिली जानकारी के अनुसार पति पत्नी बाइक संख्या जेएच 02 एआर 9955 से धनवार से भटबीघा मैयत कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। तीखा मोड़ होने के कारण बाइक सवार हाइवा वाहन के चपेट में आ गए जिससे मौके पर ही महिला की मौत हो गयी। मृतक महिला पहचान बरही थाना क्षेत्र के धनवार निवासी सफ़ीदन खातून पति अनवर मिया उम्र 45 वर्ष के रूप में हुई है। वही मृतका के पति अनवर मिया पति वली मोहम्मद उम्र 50 वर्ष घायल है जिसे थाना प्रभारी द्वारा इलाज के लिए ले सदर ले जाया गया। घटना के बाद स्थानीय लोगो ने मुआवजा की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। प्रशासन के पहल पर मुआवजा के आश्वासन पर एक घण्टे बाद जाम को हटा लिया गया। घटनास्थल पर चंदवारा अंचल अधिकारी अशोक भारती,मायका अंचल इंस्पेक्टर सुजीत कुमार,चंदवारा थाना प्रभारी धनेश्वर कुमार,डैम ओ पी प्रभारी नवीन कुमार,एस आई सुमन कुमार,पवन कुमार राम,मेघनाथ दुबे व पुलिस बल के जवान मौजूद रहे।

# डॉ. इरफान अंसारी को सलाम : एक डॉक्टर, एक नेता, एक परिवर्तनकारी व्यक्तित्व



**स्वास्थ्य सेवा में नेतृत्व और समर्पण का सम्मान**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मधुपुर/जामताड़ा :** विवेकानंद अस्पताल, दुर्गापुर के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री सुजीत कुमार दत्ता ने अपनी समर्पित प्रबंधन टीम के साथ झारखंड के माननीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी से उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। बैठक के दौरान श्री दत्ता ने डॉ. अंसारी के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में किए जा रहे उत्कृष्ट और परिवर्तनकारी कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि, डॉ. अंसारी के अथक प्रयासों की प्रशंसा न केवल झारखंड में, बल्कि पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों में भी हो रही है। उनका नाम सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में सम्मान के साथ लिया जा रहा है। डॉ. अंसारी को एक संवेदनशील चिकित्सक और प्रभावशाली मंत्री के रूप में सम्मानित करते हुए, विवेकानंद अस्पताल टीम ने उन्हें दुर्गापुर स्थित संस्थान में आने का हार्दिक निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि ÷उनकी उपस्थिति हमारे लिए प्रेरणादायक होगी और संस्थान के लिए अपार मूल्यवर्धन करेगी। डॉ. इरफान अंसारी का दूरदर्शी नेतृत्व और जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता स्वास्थ्य क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रही है, जिससे अन्य राज्यों में भी स्वास्थ्य सेवा से जुड़े लोगों को प्रेरणा मिल रही है।

# रोटरी बाल विद्यालय मे समर कैंप का उद्घाटन




**बच्चों में मौज मस्ती के साथ-साथ उनमें मानसिक और बौद्धिक विकास भी जरूरी**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया :** रोटरी बाल विद्यालय मे समर कैंप का उद्घाटन रोटरी क्लब के पदाधिकारी गण एवं विद्यालय के प्रिंसिपल के द्वारा फीता काटकर किया गया तत्पश्चात चेयरमैन रितु सेठ द्वारा सभी का स्वागत किया गया. डायरेक्टर महेश दारुका ने समर कैंप के उद्देश्य पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि बच्चों में मौज मस्ती के साथ-साथ उनमें मानसिक और बौद्धिक विकास का होना भी जरूरी है असिस्टेंट गवर्नर संगीता शर्मा ने बच्चों को समर कैंप में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया. इसके अलावा कोषाध्यक्ष सुरेश सेठी पूर्व अध्यक्ष जयकुमार गंगवाल एवं रोटेरियन गोपाल सराफ ने भी बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें संबोधित किया. धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय की प्रिंसिपल रीना कुमारी ने किया. समर कैंप के प्रथम दिन आज बच्चों के बीच आर्ट एंड क्राफ्ट के अंतर्गत विद्यालय की शिक्षिकाओं द्वारा विभिन्न कलाकृतियां के विषय में जानकारी दी गई एवं बनाना सिखाया गया. बच्चों ने बड़े उत्साह से इस पूरे कार्यक्रम में भाग लिया. रोटरी क्लब के मीडिया प्रभारी पब्लिक रिलेशन के डायरेक्टर नवीन जैन ने बताया कि स्कूल में गर्मियों की छुट्टी के दौरान बच्चों को पढ़ाई के अलावा उनके अभिरुचि के अनुसार सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से रोटरी बाल विद्यालय में समर कैंप का आयोजन किया गया है एक सप्ताह तक चलने वाले इस समर कैंप में आर्ट एंड क्राफ्ट पौधारोपण योग एवं प्राणायाम फायरलैस कुकिंग म्यूजिक डांस एंड जुंबा गौशाला शैक्षणिक भ्रमण एवं बच्चों के अनुकूल विभिन्न तरह के गेम्स किए जाएंगे अलग-अलग तरह की गतिविधियों को शामिल किया गया है सभी कार्यक्रम क्षेत्र के विशेषज्ञ मार्गदर्शकों द्वारा संचालित किया जाएगा।

## बोलेरो पलटने से दो लोग गंभीर रूप से घायल, एक रिम्स रेफर



**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के तिलैया थाना क्षेत्र के अंतर्गत महतोआहारा के समीप सोमवार की दोपहर को बोलेरो अनियंत्रित होकर पलट जाने से बोलेरो सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसमें एक को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया गया। घटना में घायल की पहचान लक्ष्मी कुमारी उम्र 12 वर्ष पिता मुरारी सिंह,ग्राम झरकी विशुनपुर, और अनिल कुमार 20 वर्ष,पिता अरुण साव ग्राम गझंडी,कोडरमा के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार बोलेरो में 10 लोग सवार होकर बरकट्ठा से शादी समारोह से अपने घर झरकी बिशनपुर लौटाने के क्रम में महतोआहारा के पास बोलोरो अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि आठ लोग ठीक बताया जा रहा है। इसके बाद आनन फानन में कोडरमा सदर हॉस्पिटल लाया गया। जहां इलाज करके लक्ष्मी कुमारी को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

## युवक ने जहर खाकर किया आत्महत्या का प्रयास



**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत धरीडीह में एक युवक ने सोमवार को जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया है. हलाके परिजनों के सूझ - बुझ से जान बच गई। बता दें की आत्महत्या का प्रयास का कारण अब तक पता नहीं चल पाया है. युवक की पहचान नरेश गिरी उम्र लगभग 28 वर्ष पिता राजकुमार गिरी ग्राम धरिडीह, थाना जयनगर निवासी के रूप मे हुई है. मिली जानकारी के अनुसार किसी कारण से युवक जैसे जहर खाया परिजनों ने उसे सदर अस्पताल कोडरमा ले गया जहाँ डॉक्टरों की देख - रेख मे उसकी इलाज चल रही है।

# भारत विकास परिषद ने उपायुक्त, एसडीओ एवं नगर परिषद के कार्यों की सराहना



**रेन वाटर हार्वेस्टिंग को लेकर लोगों को जागरूक करने का निर्णय**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** भारत विकास परिषद झुमरी तिलैया कोडरमा की एक आम बैठक रविवार की संध्या ब्लॉक परिषर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष अरुण कुमार ओझा ने किया । जबकि संचालन सचिव विमल कुमार पचिशीया ने किया। बैठक में मुख्य रूप से पर्यावरण संरक्षण, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, परिषद के स्थापना दिवस अहिल्याबाई की 300 वी जयंती मनाने एवं अधिक से अधिक नए सदस्य बनाने पर विशेष रूप पर चर्चा की गई। बैठक में 5 जून को पर्यावरण दिवस विशेष रूप से मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही वैसे जगह को चिन्हित करने का निर्णय लिया गया जहां पर पौधारोपण किया जा सके और उसे बड़ा होने तक देखभाल की जा सके। इसके लिए एक टीम बनाई गई जिसमें पर्यावरण संयोजक अजय अग्रवाल, सिटी मैनेजर हिमांशु कुमार, वही 5 जून को पौधारोपण करने के लिए बचपन प्ले स्कूल हसनाबाद एवं क्लोरोफिल स्कूल महाराणा प्रताप चौक प्रांगण का चयन किया गया। इसके अलावा अड्डी बांग्ला दुर्गा मंडप प्रांगण, ब्लॉक स्थित तालाब परिसर, विश्राम बाग एवं अन्य जगहों का चयन किया गया, जहां पौधारोपण किया जा सके। बैठक के दौरान झुमरीतिलैया शहर को जाम से निजात दिलाने, स्वच्छ एवं सुंदर रखने को लेकर जिला प्रशासन, एसडीओ रिया सिंह एवं नगर परिषद के सिटी मैनेजर लेवांशु कुमार द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की गई।मौके पर सुरेश जैन, मधुसूदन दारूका, नारायण सिंह, कुंज बिहारी त्रिवेदी, सिटी मैनेजर लेमांशु कुमार, गोपाल कुमार गुतुल, धर्मेंद्र सिंह, अजय अग्रवाल, रविकांत तिवारी, मनोज कुमार सिंह, विकास सेठ, अभय चरण पहाड़ी, डॉ मनोज कुमार, दिलीप सिंह, प्रकाश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

# धर्मराज पूजा पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, नए मंदिर में पहली बार हुई भव्य पूजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**मधुपुर :** करौं बाजार स्थित करनेश्वर मंदिर और धर्मराज मंदिर में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही पूजा-अर्चना के लिए लोगों का तांता लगा रहा, जो संध्या तक लगातार जारी रहा। इस वर्ष विशेष बात यह रही कि नए धर्मराज मंदिर के निर्माण के बाद पहली बार श्रद्धालुओं ने वहां विधिवत पूजा-अर्चना की।पूजन अवसर पर करौं, सीरियां, कैनबेरिया, रानीडीह, चांदचोरा, बालमो, तारापुर, गोविंदपुर, डिंडाकोली, गौरीपुर, साल्टर, कमलकर, आलमपुर, बेहराजाल, कर्माटांड़, फोफनाद, तेलियाडीह, बुढ़वातांड समेत अनेक गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। उन्होंने धर्मराज मंदिर, करनेश्वर मंदिर और कोटल काली मंदिर में पूजा कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।धर्मराज मंदिर में श्रद्धालुओं को बारी-बारी से पूजा कराई गई। मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष विष्णु प्रसाद चौधरी एवं अन्य सदस्य पूरे आयोजन के दौरान उपस्थित रहे। समिति के अनुसार, मंगलवार को भी सुबह से हजारों श्रद्धालुओं के पूजा में सम्मिलित होने की संभावना है।


## योगाचार्या सुषमा सुमन का प्रयास, अब बेटिओं को दी जायेगी आत्मरक्षा की सूत्र



**झुमरीतिलैया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** योगाचार्या सुषमा सुमन ने मातृशक्ति बेटियों बहनों के लिए एक सशक्त बनाने के लिए आत्मरक्षा के लिए मार्शल आर्टस ताई कमांडो का भी निश्शुल्क प्रशिक्षण का आयोजन आगामी 20 मई से 30 मई तक करेगी. इसके लिए प्रतिभागी बेटियों लोग का रजिस्ट्रेशन होगी जिसकी फीस मात्र ?1 ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन होगी सुषमा सुमन ने कहा कि आए दिन बेटियों, बहनों हो रहे अत्याचार पर पर काबू पाने में मदद मिलेगी. ओर वे अपनी सुरक्षा स्वयं कर सकती है इसलिए स्पेशल नेशनल प्रशिक्षक को बुलाया जाएगा इस कार्यक्रम के संरक्षक योगी प्रदीप कुमार सुमन ने बताया कि रजिस्ट्रेशन 14 तारीख से चालू हो रही है और यह कार्यक्रम चित्रगुप्त नगर के फील्ड में किया जाएगा

# महापुरुषों की जयंती व पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा, बुद्ध, हसरत मोहानी और शमशेर बहादुर सिंह को किया गया याद





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उमधुपुर :** स्थानीय राहुल अध्ययन केंद्र में तथागत गौतम बुद्ध की जयंती, स्वतंत्रता सेनानी हसरत मोहानी तथा प्रख्यात साहित्यकार शमशेर बहादुर सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने तीनों विभूतियों की तस्वीरों पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए।इस मौके पर जलेस के प्रांतीय सह सचिव व कलमकार धनंजय प्रसाद ने विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि गौतम बुद्ध उन दुर्लभ विभूतियों में से एक हैं, जिन्होंने मानव आत्मा की दिव्यता का बोध कराया और जीवन-दर्शन को समरस किया। उन्होंने अंधविश्वास और धार्मिक कुरीतियों के विरुद्ध विवेक, प्रेम, करुणा और अहिंसा के आधार पर जीवन जीने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि बुद्ध के दार्शनिक विचार त्रिपिटक में संग्रहित हैं, जो आज भी मानवता के लिए मार्गदर्शक हैं।हसरत मोहानी को याद करते हुए उन्होंने बताया कि वे एक निर्भीक स्वतंत्रता सेनानी, पत्रकार और शायर थे, जिन्होंने ÷इंकलाब जिंदाबाद÷ और ÷पूर्ण स्वराज÷ जैसे नारों को जन्म दिया। वे संविधान सभा की प्रारूप समिति के सदस्य भी थे और स्वतंत्रता संग्राम के दौरान कई बार जेल गए। उनका प्रसिद्ध गीत ÷चुपके-चुपके रात दिन आंसू बहाना याद है...÷ आज भी लोगों के दिलों में बसा हुआ है।शमशेर बहादुर सिंह के बारे में उन्होंने कहा कि वे जीवन भर प्रगतिशील विचारधारा के पक्षधर रहे और स्वतंत्रता व क्रांति को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा माना। ऐसे महापुरुषों को याद करना हमारे नैतिक दायित्व का हिस्सा है।अन्य उपस्थित लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और इन विभूतियों के योगदान को नमन किया।

# बचपन प्ले स्कूल में मातृ दिवस एवं बुद्ध पूर्णिमा का भव्य आयोजन, माताओं के लिए बना यादगार दिन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया :** डी.एन. सिंह कैंपस स्थित बचपन प्ले स्कूल में मातृ दिवस एवं बुद्ध पूर्णिमा के शुभ अवसर पर एक भव्य और हर्षोल्लासपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष दिन को माताओं के लिए यादगार बनाने हेतु कई रोचक गतिविधियाँ, खेल प्रतियोगिताएँ और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ आयोजित की गईं, जिनमें माताओं और बच्चों ने मिलकर भाग लिया।कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा माताओं को समर्पित गीत और नृत्य प्रस्तुतियों से हुई, जिसने पूरे वातावरण को भावनाओं से भर दिया। इस आयोजन में महिमा वसंत, शिवानी सिंह, गुरप्रीत कौर, अनिशा जैन, सीमा सिंह, तन्वी चौधरी, प्रियांका देवी, सुमन कुमारी, तन्वी भालोटिया, संजू भारती, लक्ष्मी कुमारी, प्रियंका कुमारी, काजल सिंह, प्रीति कुमारी, नेहा वर्मा, ख़ुश्बू कुमारी, प्रभा देवी एवं अनिष जैन की सक्रिय सहभागिता ने कार्यक्रम को और भी सार्थक बना दिया। कार्यक्रम की सफलता में शिक्षिकाओं ऋचा, सोनल, आराध्या, स्कूल का विशेष स्प्राउट पाठ्यक्रम बच्चों के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास पर केंद्रित है। खेल, संगीत, आर्ट, योगा और कहानियों के माध्यम से बच्चों को सीखने की दिशा में प्रेरित किया जाता है। साथ ही, पैरेंट ओरिएंटेशन और पैरेंट चाइल्ड वर्कशॉप के ज़रिए स्कूल अभिभावकों को भी शिक्षण प्रक्रिया से जोड़ता है, जिससे वे अपने बच्चे के विकास को बेहतर ढंग से समझ सकें। कार्यक्रम में शामिल हुए सभी अभिवावकों ने बचपन प्ले स्कूल की जमकर तारीफ़ की और इस खास दिन को सभी माताओं के लिए विशेष बनाने पर धन्यवाद व्यक्त किया। इस प्रकार मातृ दिवस का यह आयोजन सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि उस अद्वितीय रिश्ते का उत्सव बन गया, जो हर माँ और बच्चे के बीच होता है।

## नैनो उर्वरकों से बढ़ेगी उपज एवं घटेगी किसानों की लागत

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इफको के क्षेत्र अधिकारी देव कुमार ने पीरटांड प्रखण्ड के बिशनपुर में आयोजित किसान सभा में किसानों को इफको नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के बारे में जानकारी देते हुए किसानों को बताया कि दानेदार उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से हमारी मिट्टी, पानी, हवा के साथ साथ मनुष्य का स्वास्थ्य भी ख़राब हो रहा है और इन सबसे छुटकारा पाने के लिए किसान भाइयों को दानेदार उर्वरकों के उपयोग को आधा करते हुए नैनो उर्वरकों का उपयोग अपने सभी फसलों मे करना चाहिए द्य नैनो उर्वरक दाम में कहीं सस्ता होने के साथ साथ यह मृदा, जल एवं हवा के प्रदूषण को कम करता हैद्य इसके प्रयोग से फसलों के स्वास्थ्य एवं उपज में वृद्धि भी होती है साथ ही साथ कीट के प्रकोप को भी कम करता है द्य इस खरीफ में अपने सभी फसलों में नैनो उर्वरक उपयोग करने हेतु किसानों को प्रोत्साहित किया गया ।




## जोड़ापहाड़ी के नजदीक बारात से लौट रहे बोलेरो पेड़ से टकराई दो लोगों का मौत

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गिरिडीह जिला अंतर्गत जोड़ापहाड़ी के नजदीक सोमवार 5ऱ30 बजे सुबह बडा हादसा हुआ सड़क हादसे में दो लोगों का मौत हो गया, वहीं 5 लोग बुरी तरह से घायल हो गए। घायलों का इलाज सदर अस्पताल गिरिडीह में कराने के बाद डॉक्टर ने सभी को धनबाद पिएमसिएच रेफर कर दिया। वहीं मृतकों के शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में कराया गया। मृतकों में कुम्हरलालो निवासी संतोष कुमार वर्मा और बेरडोंगा निवासी विनोद दास के रूप में की गई।वहीं घायलो में कुम्हरलालो निवासी खीरू वर्मा, पप्पू वर्मा, बबलू वर्मा, प्रदीप वर्मा और सोनू कुमार शामिल हैं। बताया गया कि ये लोग बोलेरो वाहन से गांडेय बरात ग़या हुआ था। बारात से वापस लौटने के दौरान जोड़ा पहाड़ी के पास बोलेरो वाहन तेज रफ्तार एवं निंद आने के वजह से एक पेड़ से टकरा गया जिसमें यह हादसा हुआ। मृतकों के शव का पोस्टमार्टम सोमवार साढ़े 9 व 10 बजे सदर अस्पताल में करवाया गया वहीं परिवार के लोग का रो रो कर बुरा हाल है।



## जमुआ विधायक मंजू कुमारी ने नाथरायडीह में किया तालाब जिर्णोद्धार का शिलान्यास

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को जमुआ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गोरों पंचायत के नाथरायडीह में बुढ़वा आहार जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास जमुआ विधायक मंजू कुमारी ने की। उन्होंने नारियल फोड़कर विधिवत तरीके से पूजा-अर्चना कर तालाब जिर्णोद्धार का शुभारंभ किया।बताया कि पचास लाख अड़तीस हजार की लागत से लघु सिंचाई प्रमंडल गिरिडीह द्वारा तालाब जिर्णोद्धार किया जाएगा। इससे सैकड़ों किसानों को सिंचाई हेतु लाभ मिलेगा।मौके पर नवडीहा मंडल संयोजक सुधीर वर्मा, विशेश्वर राणा, दीनदयाल वर्मा, श्यामदेव राय, संवेदक सुधाकर राय, राहुल राय, रामेश्वर वर्मा, संजय वर्मा, किशोर वर्मा उपस्थित थे।



## आधे घंटे की बारिश में नालियां उफनीं, सड़कों पर पसरी गंदगी

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरसात से पहले शहर के नालियों की सफाई की पोल शुक्रवार को थोड़ी देर के हुई बारिश में ही खुल गई। सफाई ढंग से नहीं होने का नतीजा था कि थोड़ी सी बारिश में हिंदपीढ़ी के नाला रोड पर नालियों का गंदा पानी सड़क पर नदी बनकर बहने लगा। कीचड़, गंदगी से स्थानीय बाशिंदों, राहगीरों और दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ा। नालियां ओवरफ्लो हो गए। दुर्गंध फैल गई । लोगों ने बताया कि नाला 4 से 5 फुट गहरा है लेकिन सफाई नाम की हुई है। सफाईकर्मी खानापूर्ति कर चले गए। हर बार बरसात में नाला जाम हो जाता है और पानी सड़क पर आ जाता है और सड़क दरिया बन जाती है। स्थानीय निवासी और समाजसेवी सजाद इदरीसी ने कहा कि एक बार प्रशासन हमारे मुहल्ले को आकर देंखे. किस प्रकार यहां के लोग मुसीबतों में जी रहे हैं. चारों तरफ जल जमाव है. गंदगी की भी भरमार है. उन्होंने कहा कि छेत्र में ईमानदारी से काम नहीं हो रहा है. जिसका खामियाजा आम पब्लिक को भुगतनी पड़ रहा है।शहर के गली मुहल्लें में जल निकासी के लिए करोड़ों रुपये का नाली निर्माण कार्य चल रहा है. परंतु करोड़ों की नाली लोगों के लिए आफत बन गयी है. बारिश का पानी नाली से बहने के बजाये सड़कों से बह रहा है।जिस कारण नाली की जगह सड़क पर पानी जमा हो गया है। ठेकेदार द्वारा जहां तहां गढे खोद दिया जा रहा है और मलवे सडकों पर छोड़ दिया जा रहा है जिससे लोगों को घर से निकलना दूभर हो गया है. सैकड़ों परिवार घर में कैद हो गये हैं. क्योंकि घर के सामने सड़क पर जलजमाव हो गया है। परंतु इधर, हुई बारिश ने नगर परिषद के काम की पोल खोल दी है।



# बगोदर विधानसभा की जनता को बेहतर चिकित्सीय सुविधा मिलेगी

- **अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा अनुमंडल अस्पताल**
- **ग्रामीणों को अब महानगर नहीं जाना पड़ेगा**
- **बागोडीह में 23 करोड़ से 50 बेड का अस्पताल बना, दिसंबर से होगा चालू**






**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरिया :** सरिया प्रखण्ड के बागोडीह पंचायत अंतर्गत बगोदर विधानसभा के कुल तीन प्रखण्ड सरिया, बगोदर ,बिरनी की जनता को बेहतर चिकित्सीय सुविधा मुहैया के लिए 23 करोड़ की लागत से सरिया के बागोडीह में बन रहे अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस अनुमंडल स्तरीय अस्पताल जल्द ही शुरू होगा । 50 बेड वाले इस अस्पताल का काम लगभग पूरा हो चुका है इसका शिलान्यास जुलाई 2023 किया गया था। जिसे जून 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य है। यह अस्पताल बगोदर, सरिया और बिरनी के लोगों के लिए किसी स्वास्थ सेवा में वरदान से कम नहीं होगा। क्योंकि यहां के लोगों को छोटी बीमारियों में भी रांची, धनबाद या फिर दुर्गापुर जाना पड़ता है इस अनुमंडल अस्पताल स्वास्थ के अत्याधुनिक उपकरण लगाये गए है जिसमे ऑक्सीजन फायर ब्रिगेड, एक्सरे, ब्लड बैंक, अल्ट्रासाउंड, आईसीयू, एसडीयू, ऑपरेशन थियेटर, एयरकंडीशनर रूम, रेड जॉन, एजियोथेरेपी, ग्रीन जॉन, एएचडब्ल्यू समेत केंटीन की भी व्यवस्था रहेगी। जबकि विभाग वार डॉक्टर भी रहेंगे। इलाज के अभाव में ग्रामीणों को होती है थी परेशानी वर्तमान में क्षेत्र में बेहतर चिकित्सीय सुविधा नहीं होने के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का तीनों सामुदायिक केंद्रों में सिर्फ प्राथमिक उपचार ही होता है। लोगों को हमेशा बेहतर उपचार के लिए गिरिडीह या रांची जाना पड़ता है। लेकिन अनुमंडल स्तरीय अस्पताल बनने से लोगों को इलाज कराने में सुविधा मिलेगी। संसाधनों से लैस अनुमंडल अस्पताल में अगर रोस्टर के हिसाब से डॉक्टर की नियुक्ति हुई तो लोगों को इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

**क्या कहते है चिकित्सा पदाधिकारी**

चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विनय कुमार ने कहा कि फिलहाल बिजली और कुछ और भी काम बाकी है जल्द ही अस्पताल की सेवा शुरू होगी इस अस्पताल के स्वास्थ सेवा शुरू होने से तीनों प्रखण्ड के लोगो को स्वास्थ लाभ मिलेगा ।अनुमंडल स्तरीय अस्पताल का निर्माण करा रही कंपनी एमएस निरंजन राय कंस्ट्रक्शन के द्वारा काफी बेहतर रूप से बनाया गया है ।

## बैंक मोड़ ओवरब्रिज की मरम्मती को लेकर वैकल्पिक मार्ग पर अतिक्रमण हटाओ अभियान तेज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** बैंक मोड़ ओवरब्रिज की मरम्मती को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज़ हो गई हैं। ओवरब्रिज बंद रहने की स्थिति में वैकल्पिक मार्गों पर ट्रैफिक का दबाव बढ़ना तय है। ऐसे में वैकल्पिक मार्गों को सुगम और अतिक्रमण मुक्त बनाए रखने के लिए नगर निगम, आर पी एफ और बैंक मोड़ थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने सोमवार को व्यापक स्तर पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया।अभियान हीरापुर से शुरू होकर बरमसिया होते हुए रेलवे स्टेशन के दक्षिणी छोर तक चला। इस दौरान सड़कों पर वर्षों से लगे ठेले, खोमचे, फल-सब्जी और कपड़े की अस्थायी दुकानें हटाई गईं। अतिक्रमण हटाने के लिए जेसीबी मशीन की भी मदद ली गई। स्थानीय दुकानदारों को स्पष्ट चेतावनी दी गई कि दोबारा सड़क पर अतिक्रमण करते पाए जाने पर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।रेलवे एप्रोच रोड के दक्षिणी हिस्से में अवैध रूप से फैली सब्जी मंडी को भी हटाया गया। यह इलाका ओवरब्रिज के बंद होने पर वैकल्पिक मार्ग के तौर पर इस्तेमाल किया जाना है, लेकिन संकरी गलियों और दुकानों के कारण यहां से वाहन निकलना मुश्किल हो रहा था। अभियान के तहत इस मार्ग को खाली कराकर उसे ट्रैफिक के लिए अनुकूल बनाने का प्रयास किया गया।नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी अनिल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि वैकल्पिक मार्गों पर अतिक्रमण हटाना जरूरी है, खासकर उन क्षेत्रों में जहाँ सड़कें संकरी हैं। उन्होंने कहा ओवरब्रिज के मरम्मत कार्य के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है।

## असर्फी हॉस्पिटल लिमिटेड ने हर्षोल्लास के साथ मनाया अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस डे




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** असर्फी हॉस्पिटल लिमिटेड एवं असर्फी कैंसर संस्थान में अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस डे के अवसर पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और केक कटिंग के साथ हुई। इस अवसर पर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया, जिसमें अस्पताल की नर्सिंग स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस डे 2025 की थीम थी ङ्क ÷हमारी नर्सें, हमारा भविष्य। नर्सों की देखभाल से सशक्त होती हैं अर्थव्यवस्थाएं। यह थीम नर्सों के स्वास्थ्य, कल्याण और उनके बहुमूल्य योगदान को उजागर करती है।असर्फी हॉस्पिटल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरेन्द्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा- - ÷आज अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर मैं असर्फी हॉस्पिटल की सभी नर्सों को दिल से धन्यवाद और शुभकामनाएँ देना चाहता हूँ। नर्सें सिर्फ एक प्रोफेशनल नहीं, बल्कि सेवा, करुणा और समर्पण की प्रतीक हैं। आप हर दिन मरीजों के दर्द को अपना समझकर, उन्हें न सिर्फ दवा देती हैं, बल्कि उम्मीद और हिम्मत भी देती हैं। आप सभी सच्चे नायक हैं – बिना किसी शोर-शराबे के, दिल से काम करने वाले योद्धा। असर्फी हॉस्पिटल आप पर गर्व करता है।÷असर्फी हॉस्पिटल की नर्सिंग अधीक्षिका मनीता खंडेल ने कहा- ÷अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस डे, उन नर्सों को समर्पित है जो संकट की घड़ी में भी उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा प्रदान करती हैं। कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी में नर्सों की भूमिका विशेष रूप से महत्वपूर्ण रही है।

## पूर्व महापौर चंद्रशेखर अग्रवाल ने किया ग्लेशियर हेयर एंड स्किन सॉल्यूशंस का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** बैंक मोड़ पुराना बाजार रोड पानी टंकी के समीप स्थित शिवम कंपलेक्स के फर्स्ट फ्लोर में सोमवार को ग्लेशियर हेयर एंड स्किन सॉल्यूशंस का उद्घाटन पूर्व महापौर चंद्रशेखर अग्रवाल ने फीता काट कर किया। मौके पर पूर्व महापौर चंद्रशेखर अग्रवाल ने प्रतिष्ठान को हेयर एंड स्क्रीन के संदर्भ में धनबाद वासिओं को सुंदर बनाने की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि धनबादवासी पहले हेयर और स्कीन की ट्रीटमेंट के लिए बाहर मेट्रो शहरों की ओर रुख करते थे, अब धनबाद में ही पटना के अनुभवी कोस्मोलॉजीस्ट डॉक्टर और उनकी टीम के द्वारा ट्रीटमेंट और महत्वपूर्ण परामर्श से हेयर एंड स्किन सॉल्यूशन का समाधान हो जाएगा। प्रतिष्ठान के ओनर विवेकानंद ठाकुर और कोस्मोलॉजीस्ट डॉक्टर रवि राज ने बताया कि प्रतिष्ठान में हेयर ट्रांसप्लांट, हेयर फॉल ट्रीटमेंट, हेयर टीआरपी ट्रीटमेंट, हेयर विग्स, हिजामा, ड्राई कटिंग थेरेपी, फायर कपिंग थेरेपी, ङुलेजर ट्रीटमेंट, हेयर फॉल समेत हेयर और स्क्रीन के अन्य ट्रीटमेंट पटना के डॉक्टर रवि राज और उनकी अनुभवी टेक्नीशियन द्वारा किया जायेगा। बताया कि पटना के डॉक्टर रविराज हफ्ते में चार दिन हुए यहां उपलब्ध रहेंगे। प्रतिष्ठान में अनुभवी कायरोप्रेटिक थैरेपिस्ट लक्ष्मण ठाकुर स्पोर्ट्स इंजरी में अपना अचूक इलाज कर सेवा देंगे।

## ट्रस्ट के अध्यक्ष ने सहयोगियों के साथ धनबाद सांसद को जन्म दिन के मौके पर का दिया बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** राष्ट्रीय छात्र शिक्षा व समाजसेवी संस्था स्वस्तिक ग्रुप ट्रस्ट संस्था के कैन्द्र अध्यक्ष आदित्य राज गयाली ने अपने सहयोगीयो के साथ धनबाद सांसद ढूल्लू महतो के जन्म दिन की शुभ अवसर पर उनके आवास पहुंच कर गुलदस्ता व अंगवस्त्र देकर मुह मिठा कराया और उनके जन्म दिन पर बधाई दिया। सांसद के आवास पर मौजूद सैकड़ों समर्थकों ने भी सांसद ढुलू महतो को बधाई देकर मुह मिठा कराया। इस अवसर पर सांसद ढुलू महतो काफी खुश नजर आए , सांसद ने सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। मौके पर संस्था के संस्थापक सह अध्यक्ष आदित्य राज गयाली व सहयोगी सदस्य विश्वजीत ठाकुर, पंकज कुमार , पिंटु गयाली, अमित ठाकुर, पंकज शर्मा , राकेश ठाकुर आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## नगर विकास मंत्री ने किया कोमकी इलेक्ट्रिक शोरूम का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** सोमवार को गिरिडीह ज़िले के हरसंगरायडीह में नगर विकास मंत्री सुदीव्य कुमार सोनू ने श्री मंगलम इलेक्ट्रिक बाइक व स्कूटी का उद्घाटन फीता काट कर विधिवत रूप उद्घाटन किया। बताया गया कि मंगलम इलेक्ट्रिक शोरूम में कोमकी इलेक्ट्रिक डिवीज़न कंपनी की स्कूटी व बाइक मिलेगी जो गिरिडीह में पहली बार इस कंपनी की लांचिंग हुई है। इस बाबत नगर विकास मंत्री ने कहा कि इस तरह के शोरूम से मध्यम व निम्न वर्ग के लोग इसे आसानी से खरीद पाएंगे इसकी कीमत बहुत ही अच्छी है जो कोमकी एक्स ऑन जेल 36 हजार कीमत वाली इलेक्ट्रिक स्कूटी जो 55 चरूकी माइलेज देगी वहीं 48 हजार वाली इलेक्ट्रिक स्कूटी जो 70चरूकी माइलेज ऐसे में निम्न वर्ग के लोग इसे आसानी से खरीद सकते हैं और लो मेंटेनेंस के साथ इस बाइक को चला सकते हैं।वही शोरूम संचालक विपिन कुमार राय ने बताया कि मोबाइल की कीमत में अब गिरिडीह शहर में स्कूटी चला सकते हैं जो काम से कम दामों में उपलब्ध है हमारे यहां बजाज फाइनेंस की भी सुविधा है जो लॉक स्टोर में स्कूटी पर सवार होने की सपनों को पूरा कर सकते हैं। मौके पर विवेक कुमार राय, पिंकू ठाकुर, सरपंच अनिल राय, पूर्व मुखिया अरुण कुमार साव, झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड उपाध्यक्ष विकास कुमार तिवारी, विकास राय, उज्जवल तिवारी, सोहन विश्वकर्मा, लालमोहन तिवारी, परमेश्वर राय, सूरज राय, रितेश विश्वकर्मा कई गणमंद लोग उपस्थित थे।

## *सिंगाड़ा के शिवमन्दिर में हुआ चड़क पूजा का आयोजन*

# सभी भक्तों को धार्मिक कथा सुनना चाहिए : विधायक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** बाघमारा प्रखण्ड अंतर्गत सिंगड़ा पंचायत में पूजा शिव मंदिर में चड़क पूजा में पूजा अर्चना के साथ सैकड़ो भक्तों ने पीठ ,बाह , पैर और जीभ में लोहे का किल चुभाकर तीस फीट ऊंची खुट्टी में झुलते है बहुत श्रद्धा के साथ झूले मेंघुमाया गया । चड़क पूजा में बाघमारा के विधायक शत्रुघ्न महतो सिंगडा में आयोजित श्री श्री चड़क पूजा सह शिव महोत्सव में शामिल हुए, देवा धी देव महादेव के चरणों में नमन कर सभी भक्तों की सुख समृद्धि शांति की प्रार्थना किए, सभी भक्तों एवं श्रद्धालुओं को अपने संबोधन के दौरान विधायक शत्रुघ्न महतो ने कहा कि सभी को ऐसे धार्मिक पावन अवसर में अवश्य शामिल होना चाहिए,यह धार्मिक ऊर्जा का प्रतीक हैं, लोगो ने विधायक को हृदय मन से स्वागत व अभिनंदन किया।विधायक शत्रुघ्न महतो ने सभी भक्तों को धार्मिक कथा सुनने की अपील किया , मौके पर उपस्थित चड़क पूजा समिति सिंगड़ा बस्ती की और से माननीय विधायक जी को हार्दिक अभिनंदन वो सम्मानित किए , मौके पर भोक्ता मेला चड़क पूजा समिति के अध्यक्ष उमेश दास , सचिव अरुण कुमार साव , कोषाध्यक्ष अमित कुमार साव , गांव का नया भक्तु राय , विधायक प्रतिनिधि किशुन महतो , चितरंजन चौधरी , नरेश राय , राजु कर्मकार , अवध किशोर दास , मनोहर कुम्भकार , भोलानाथ कुम्भकार , धनश्याम महतो के अलावे सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे ।



# बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर इम्पीरियल पब्लिक स्कूल में दो शिक्षिकाओं को दी गई विदाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिरनी :** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर, इम्पीरियल पब्लिक स्कूल बरमसिया मोड़ में एक विशेष विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय की शिक्षिकाएं श्रीमती अस्मिता किस्कू एवं श्रीमती शिला मरांडी को ससम्मान विदाई दी गई। आपको बता दें कि उक्त शिक्षिकाओं का चयन झारखंड सरकार द्वारा आयोजित चौकीदार संवर्ग में हुआ है। इस बीच विद्यालय के संस्थापक नागेश्वर प्रसाद वर्मा एवं चंद्रशेखर प्रसाद वर्मा ने कहा कि बुद्ध पूर्णिमा, जो बुद्ध के करुणा, सेवा और ज्ञान के मार्ग का प्रतीक है उसी दिन दो शिक्षिकाओं की सेवा यात्रा को एक नए पड़ाव पर पहुंचते देखना विद्यालय परिवार के लिए एक सुखद अनुभूति रहा।जिस प्रकार भगवान बुद्ध ने अपने विचारों से समाज को दिशा दी, उसी तरह हमारी शिक्षिकाओं ने भी विद्यार्थियों के जीवन में उजियारा फैलाई है। आज उन्हें नई भूमिका में देखकर विद्यालय परिवार को गर्व होता है। वहीं प्रधानाध्यापक श्री रोहित कुमार ने कहा कि शिक्षक कभी किसी एक संस्था से बंधे नहीं रहते वे जहां जाते हैं, ज्ञान और सेवा की ज्योति जलाते हैं। हम उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हैं।कार्यक्रम का संचालन अत्यंत सहजता एवं भावनात्मक शैली में सिकन्दर कुमार के द्वारा किया गया। इस अवसर पर उप प्रधानाध्यापक अशोक पासवान के साथ सभी छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक शिक्षिकाए ने पुष्पों और तालियों के साथ दोनों शिक्षिकाओं को भावभीनी विदाई दी।



# नशा के सौदागरों पर पुलिस ने की कार्यवाही, 5 तस्कर गिरफ्तार, ब्राउन शुगर बरामद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर ब्राउन शुगर के तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। यह छापेमारी रविवार की रात 11 मई को की गई, जब पुलिस को यह सूचना मिली कि दो वाहन एक पिकअप संख्या जेएच 02 एआर 6716 और एक हुंडई आई 20 ब्राउन सुगर की खरीद-बिक्री करने के लिए बड़ा बाजार ओपी क्षेत्र अंतर्गत मिशन ग्राउंड, एलिजाबेथ स्कूल के पास आने वाले हैं।सूचना की गंभीरता को देखते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग अमित आनंद के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। तय योजना के अनुसार पुलिस बल ने इलाके में घेराबंदी कर दी। कुछ समय बाद दोनों वाहन मौके पर पहुंचे और उनमें सवार 4-5 लोग आपस में लेन-देन करने लगे। तभी पूर्व से तैनात पुलिस बल ने उन्हें खदेड़कर



पकड़ लिया।तलाशी के क्रम में पांचों व्यक्तियों के पास से अलग-अलग मात्रा में अवैध ब्राउन सुगर, नकद रुपये और अन्य सामान बरामद किए गए। सभी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

**बरामद सामान :**

52.95 ग्राम ब्राउन सुगर, तीन मोबाइल फोन, इक्यावन हजार तीन सौ (?51,300) नगद रुपये, पिकअप वाहन संख्या जेएच 02 एआर 1667, हुंडई आई 20 वाहन संख्या डीएल 07 सीएम 8593

**गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम:**

अंगलेश कुमार, उम्र 37 वर्ष, पिता ङ्क सुखदेव डांगी, निवासी ङ्क गिद्धौर, मैन चौक, थाना ङ्क गिद्धौर, जिला ङ्क चतरा, संदीप कुमार, उम्र 22 वर्ष, पिता ङ्क भुनेश्वर डांगी, निवासी ङ्क गिद्धौर, मैन चौक, थाना ङ्क गिद्धौर, जिला ङ्क चतरा, मोहम्मद रिजवान, उम्र 36 वर्ष, पिता ङ्क स्वर्गीय मोहम्मद मोईनुद्दीन, निवासी ङ्क बड़ा बाजार, सुभाष मार्ग, थाना ङ्क बड़ा बाजार, इमरान खान उर्फ राजा, उम्र 32 वर्ष, पिता ङ्क सजरुद्दीन खान, निवासी ङ्क हबीबी नगर, थाना ङ्क बड़ा बाजार, शाहील खान उर्फ आलिम, उम्र 22 वर्ष, पिता ङ्क मोहम्मद शाहिद खान, निवासी ङ्क रहमत नगर, थाना ङ्क पेलावल, जिला ङ्क हजारीबाग

**इस कार्रवाई में शामिल पुलिस पदाधिकारी :**

अमित आनंद, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग, पुलिस अवर निरीक्षक बिट्टु रजक, ओपी प्रभारी, बड़ा बाजार, पुलिस अवर निरीक्षक राज बल्व, थाना प्रभारी, कटकमसांडी, पुलिस अवर निरीक्षक सुधीर कुमार, बड़ा बाजार ओपी, सहायक अवर निरीक्षक उपेंद्र सिंह, बड़ा बाजार ओपी, आरक्षी 526 अजीत कुमार, बड़ा बाजार ओपी, एसपी क्यूआरटी टीम, रिजर्व गार्ड, कटकमसांडी एवं बड़ा बाजार ओपीइस छापामारी के आधार पर बड़ा बाजार थाना कांड संख्या 137/25, दिनांक 12 मई 2025, के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 317 (5) और एनडीपीएस अधिनियम 1985 की धारा 21 (ए) (बी) एवं 22 (ए) (बी) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुटी है।

## सबजूनियर वूशु चैम्पियनशिप में बासुदेव ने स्वर्ण पदक जीत जिला का बढ़ाया मान

**कटकमसांडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कटकमदाग कटकमसांडी।रांची नामकुम स्थित लोन बोल स्टेडियम में 10-11 मई को आयोजित 21वीं झारखंड राज्य वूशु चैंपियनशिप में



कटकमसांडी उच्च विद्यालय हजारीबाग के वासुदेव कुमार ठाकुर ने स्वर्ण पदक जीतकर जिला के साथ विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस चैंपियनशिप में राज्य के 15 जिलों के 300 से भी अधिक वूशु खिलाड़ियों ने भाग लिया था। अंडर 45 किलो भार वर्ग में वासुदेव ने अपने प्रतिद्वंदियों को कड़ी टक्कर देकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। इससे आगामी 26 से 31 मई को तमिलनाडु में आयोजित 25वीं राष्ट्रीय सब जूनियर वूशु चैंपियनशिप में झारखंड से खेलने का मौका मिलेगा । प्लस टू उच्च विद्यालय कटकमसांडी में अध्ययनरत बासुदेव कक्षा नवमी का छात्र है जो शारीरिक शिक्षा के शिक्षक सह नेशनल कोच सरोज कुमार मालाकार के देखरेख में वूशु सीखता है । इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक विजय कुमार मसीह ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह विद्यालय के लिए बड़ी उपलब्धि है,उन्होंने बताया विद्यालय के वूशु खिलाड़ी लगातार राज्य से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक पदक जीतकर विद्यालय के साथ पूरे प्रखंड का नाम रोशन कर रहे हैं ।वासुदेव सातवां खिलाड़ी होगा जो राष्ट्रीय स्तर के वूशु खेल में भाग लेगा। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय शारीरिक शिक्षा के शिक्षक सरोज मालाकार को दिया है। वासुदेव की इस उपलब्धि पर हजारीबाग वूशु एसोसिएशन की अध्यक्ष पुष्पा शास्त्री,सरोज मालाकार, सिंगराय सुंडी,पंकज गुप्ता,निखिल कुमार,मनोज कुमार,अंकिता कुजूर, संरक्षक आचार्य कौटिल्य,भईया मुरारी सिन्हा,उच्च विद्यालय कटकमसांडी के शिक्षक अशोक कुमार,आदित्य कुमार,डॉ.विकास सिंह,सुरेश कुमार कुशवाहा,राहुल कुमार,रविश कुमार,अमित सिन्हा,कंचन कुमार के साथ अन्य सभी शिक्षकों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य का कामना किया है।

## बड़कागांव के नर्सो ने मनाया 60 वां अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस काटा केक



**❍ नर्सों के बदौलत हीं हम बेहतर चिकित्सा व्यवस्था बनाने में सफल होते हैं : चिकित्सा पदाधिकारी**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अविनाश कुमार की उपस्थिति में नर्सों ने 60 वां अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया। मौके पर नर्सों ने केक काटा एवं एक दूसरे को खिलाकर अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस की बधाई दी। डॉ अविनाश कुमार ने कहा कि नर्सों के बगैर बेहतर चिकित्सा व्यवस्था बनाना असंभव है, इन्हीं के बदौलत हम बेहतर चिकित्सा व्यवस्था बनाने में सफल होते हैं। दिन रात नर्स मरीजों को टीकाकरण प्रसव के अलावा कई प्रकार की इलाज में लगे रहते हैं। इसके अलावा नर्स कई प्रकार के राष्ट्रीय कार्यक्रम में भी अपनी योगदान देते रहते हैं । ज्ञात हो की 12 मई 1965 को अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस का शुभारंभ हुआ था।नर्स दिवस के मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से एएनएम सोनम कुमारी, एएनएम लीलावती कुमारी, एएनएम रंजू कुमारी, एएनएम गीता कुमारी, एएनएम रेखा कुमारी, मृत्युंजय सिंह, रबनवाज अख्तर के अलावा कई लोगों उपस्थित थे।

## खामोश चालों में तेज दिमागों की टक्कर हजारीबाग में फाइड रेटिंग टूर्नामेंट का शानदार हो रहा है आयोजन

**❍ हजारीबाग की धरती पर शतरंज प्रतिभाओं का महाकुंभ साकार हो रहा है, यह आयोजन न केवल खिलाड़ियों के लिए अवसर है, बल्कि जिले के गौरव का प्रतीक भी है : करण जायसवाल**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** के खेल इतिहास में एक गौरवशाली अध्याय जुड़ गया है। हजारीबाग डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन के तत्वावधान में, ऑल इंडिया चेस फेडरेशन एवं ऑल झारखंड चेस एसोसिएशन की अधिकृत अनुमति से तृतीय एचडीसीए ऑल इंडिया ओपन फाइड रेटिंग चेस टूर्नामेंट 2025 का विधिवत उद्घाटन रविवार, 11 मई को शंकरपुर स्थित एंजेल हाई स्कूल परिसर में हुआ। इस अवसर पर देश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे खेलप्रेमियों, अभिभावकों एवं



बुद्धिजीवियों की गरिमामयी उपस्थिति ने माहौल को अत्यंत प्रेरणादायक बना दिया। । इन खिलाड़ियों में अभिषेक दास, पल्लव बाला, रूपम मुखर्जी, शॉन चौधरी, अंगजीत बनर्जी, सिकंदर अनीस, कुमार गौरव, अभिनव सिंह, अभीर मित्रा एवं अधिराज मित्रा का नाम प्रमुखता से आया है। इन खिलाड़ियों की चालों में आत्मविश्वास और अनुभव की झलक थी, जो दर्शकों को रोमांचित कर रही थी। अयोजकों ने टूर्नामेंट के संचालन के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की व्यवस्था की है जिसमें डिजिटल घड़ियाँ, निर्णायकों की स्वतंत्र टीम तथा चिकित्सा सुविधा जैसी सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई हैं। एंजेल हाई स्कूल परिसर को पूरी तरह खेल-अनुकूल वातावरण में तब्दील कर दिया गया है जहाँ हर आयु वर्ग के प्रतिभागी एक समर्पित मंच पा रहे हैं। टूर्नामेंट के डायरेक्टर करण जायसवाल ने बताया कि यह आयोजन हजारीबाग को राष्ट्रीय शतरंज मानचित्र पर स्थापित करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। उन्होंने बताया कि विजेताओं को आकर्षक ट्रॉफी, प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। टूर्नामेंट 15 मई तक चलेगा, जिसके बाद समापन समारोह आयोजित किया जाएगा। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता के आयोजन ने न केवल हजारीबाग को गौरवांवित किया है, बल्कि जिले में बौद्धिक खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हो रहा है। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करने में टूर्नामेंट से जुड़े सभी अधिकारी तीव्रता के साथ कार्य कर रहे हैं। वही हजारीबाग संघ के सचिव मनमीत अकेला ने बताया की हमारा उद्देश्य है कि स्थानीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच मिले और वे अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुँच सकें।

## बरही में अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन घायल, एक रेफर

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत बरसोत और पुरहारा में सड़क दुर्घटना में तीन व्यक्ति घायल हो गए और एक व्यक्ति को बेहतर इलाज़ के लिए हजारीबाग रेफर किया गया। पहली घटना पुरहारा चौक के पास घटी, जिसमें मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्ति



को ट्रैक्टर ने अपनी चपेट में ले लिया। घायल व्यक्ति में धूसरी गया जिला बिहार निवासी मो रहीम मियां का 35 वर्षीय पुत्र मो वसीम एवं रसोईया धमना, बरही निवासी रहमान मियां के 44 वर्षीय पुत्र हकीम अंसारी शामिल हैं। ग्रामीणों की सहयोग से दोनों घायलों को बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार की गई। गंभीर रूप से घायल हुए मो वसीम को बेहतर इलाज़ के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया। वहीं दूसरी घटना बरसोत की है।जिसमें किशोर पांडेय के 40 वर्षीय पुत्र रोहित पांडेय बरसोत जीटी रोड पार कर रहे थे, इसी दौरान एक कार ने चपेट में ले लिया,जिससे वे घायल हो गए। खबर लिखे जाने तक बरही अनुमंडलीय अस्पताल में उनका इलाज़ किया जा रहा।

## लकवाग्रस्त महिला 2 दिनों के इलाज मे हुई स्वस्थ

**❍ लकवा ठीक करने के लिए 3 महिना से खा रही थी दवा , नहीं हुआ कोई सुधार, वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति से मात्र 2 दिनों मे हुई स्वस्थ**

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के इचाक प्रखंड के उसिया गाँव की रहनेवाली 55 वर्षीय महिला नेनीया देवी को लकवा मार दिया था जिससे उसका दाहिना हाथ और पैर के मूवमेंट मे दिक्कत था साथ ही हाथ और पैर मे झनझनाहट भी था। ऐसी स्थिति से छुटकारा पाने के लिए वे लगभग तीन महीने से दवा खा रही



थी लेकिन उसकी स्तिथि मे कोई सुधार नही हुआ। इस संबंध मे नेनीया देवी के पुत्र शंकर राम ने बताया की उनकी माँ को पहले भी लकवा का अटैक आया था जिसके कुछ दिनों के बाद वे ठीक हो गयी थी लगभग तीन महीने पहले उन्हे दुबारा अटैक आया। इसके बाद इन्हें कुश क्रांतिदर्शी योग सह वैकल्पिक चिकित्सालय में लाया गया। जहाँ पहले दिन के इलाज से ही काफी सुधार दिखने लगा और मात्र 2 दिनों के इलाज मे ये पूरी तरह स्वस्थ हो गयी। इस संबंध मे कुश क्रांतिदर्शी योग सह वैकल्पिक चिकित्सालय के संचालक मनोज कुमार कुशवाहा ने बताया कि कुश क्रांतिदर्शी योग सह वैकल्पिक चिकित्सालय एक ऐसा चिकित्सालय है जहाँ ऋषि मुनियों के द्वारा बताए गए उपचार की पद्धतियों का उपयोग करते हुए बिना सुई व बिना दवाई का इस्तेमाल कर मरीजों का इलाज किया जाता है। उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि उनके चिकित्सालय में लकवा, सर्वाइकल, साइटिका, घुटना, कमर व जोड़ों के दर्द, गठिया, माइग्रेन, नींद ना आना, पेट संबंधी रोग, त्वचा संबंधी रोग, किडनी, लीवर, आंखों के रोग, रक्तचाप ,शुगर, अस्थमा, महिला संबंधी रोग, लंबाई बढ़ाना, मोटापा कम करना आदि का प्रभावी इलाज किया जाता है।

## वन्यजीवों का संरक्षण पर्यावरण संतुलन के लिए बेहद जरूरी : सर्पमित्र सुरेश राम

**❍ 1184 अलग-अलग प्रजातियों के साँपो को संरक्षण में निभाई है, अपनी भूमिका**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** वन्य जीवों के संरक्षण में महती भूमिका निभाने वाले सुरेश राम को लोग आज पूरे प्रखण्ड में सर्पमित्र के नाम से जानते है।11 मई 2025 रविवार को दिन एवं रात में दो साँपो का सफल रेस्क्यू कर वन्यजीव संरक्षण में अहम योगदान दिया। बताते है,कि सुरेश राम चलंगा में गेहूँवन साँप तथा रात्रि में संवाददाता संतोष शर्मा के घर करैत साँप का सफल रेस्क्यू कर जंगल मे सुरक्षित छोड़ दिया गया।साँप रेस्क्यू में सुरेश राम के साथ माही पटेल भी थे, जिन्होंने साँप के सफल रेस्क्यू में अपना अहम योगदान दिया। सर्पमित्र सुरेश राम ने अपने सन्देश में कहा कि अभी से लेकर बरसात के



मौसम तक साँपो का निकलना लगा रहेगा इसलिए सतर्क रहें सुरक्षित रहें। रात के समय जूते पहनकर निकले तथा टॉर्च अथवा लाइट अपने पास रखें। अगर कहीं साँप दिखे तो उस पर नजर बनाए रखे और मुझे या अन्य किसी को सूचित कर साँपो का रेस्क्यू कर जंगल मे छोड़ दें उसे मारे नही वन्यजीव हमारे दुश्मन नही बल्कि वे हमारे मित्र है,इनका पर्यावरण संतुलन में अहम योगदान होता है जो मानव जाति के लिए काफी लाभदायक है। साथ ही कहा कि इन साँपो को मिलाकर कुल 1184 साँपो का सफल रेस्क्यू कर चुका हूँ।सर्पमित्र सुरेश राम का वन एवं पर्यावरण के प्रति लगाव ही है,जो अपनी निशुल्क सेवा देकर भी अब तक थके नही है। जब साँपो के रेस्क्यू करने वाले औजार ना हो अतः वनाधिकारी एवं विष्णुगढ़ प्रशासन को आगे आकर सर्पमित्र सुरेश राम को जरूरी उपकरण उपलब्ध कराए ताकि वन्यजीवों के संरक्षण एवं सर्पमित्र सुरेश राम को क्षति ना हो।

## मनातू के पडरा नदी पर निर्माणाधीन पुल में अनियमितता का आरोप

**❍ पुल के पिलर में लगे सरिया हैं अनियमितता के साक्ष्य : ग्रामीण**

**❍ केरेडारी से रोहित गोस्वामी की रिपोर्ट**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** केरेडारी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मनातू पंचायत के पडरा गांव स्थित नदी में निर्माणाधीन पुल में निर्माण कार्य कर रहे संवेदक द्वारा गुणवत्ता पूर्ण कार्य नहीं किए जाने का आरोप पडरा और मनातू के ग्रामीणों ने लगाया है। इस संदर्भ में मनातू पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि लाल बिहारी गंझू ने कहा कि पडरा गांव के ग्रामीणों के शिकायत पर कार्य स्थल पर ग्रामीणों के साथ पहुंचा तो देखा कि पडरा गांव के नदी में निर्माण कार्य कर रही कार्यकारी एजेंसी मेसर्स शारदा कंस्ट्रक्शन द्वारा



कार्य में घोर लापरवाही बरती जा रही है। निर्माण कार्य में इतना कमजोर सरिया का उपयोग किया जा रहा है कि पूल एक दो साल भी टिक जाय तो बहुत बड़ी बात होगी। मनातू पंचायत के मुखिया देवती देवी पंचायत समिति सदस्य चरमी देवी पडरा गांव के ग्रामीण कार्तिक उरांव अर्जुन उरांव सुरेश उरांव दिनेश उरांव जयराम उरांव सहदेव उरांव संजय भुइयां सुरेश भुइयां मनोज भुइयां प्रदीप भुइयां अनीता उरांव दिलीप भुइयां समेत कई ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में जांच की मांग की है साथ ही कहा है कि इस नदी पर पहली बार तो पूल का निर्माण कार्य हो रहा है अगर गुणवत पूर्ण निर्माण नहीं किया गया तो फिर ग्रामीणों को वहीं दंश झेलना पड़ेगा जो ग्रामीण दशकों से झेलते आ रहे हैं।

## द कोबरा कराटे अकादमी के प्रशिक्षुओं ने 7 गोल्ड, 2 सिल्वर व 4 ब्रॉन्ज मेडल पर जमाया कब्ज़ा

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दिनांक 09 से 11 मई 2025 को स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ़ झारखण्ड के द्वारा खेलगांव, रांची में झारखण्ड राज्य स्तरीय सब जूनियर, कैडेट और जूनियर कराटे चैंपियनशिप 2025 का आयोजन किया गया, जिसमें राज्य



के लगभग सभी जिलों से 550 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया उसी में हज़ारीबाग के जेबरा रोड स्थित द कोबरा कराटे अकादमी से 15 खिलाड़ियों ने भाग लिया और शानदार प्रदर्शन के साथ अन्य जिलों के खिलाड़ियों को पाछाड़ते हुए 7 गोल्ड, 2 सिल्वर और 4 ब्रोन्ज मेडल पर अपना कब्ज़ा जमाया 7 गोल्ड मेडल जितने वालो में शिवा यादव, विहान कश्यप (2), कार्तिक राज गुप्ता, मन्दाकिनी यादव, तल्हा फ़िरदौसी एवं प्रांजल कुमार है, सिल्वर मेडल जितने वालो में प्रांजल श्रीवास्तव और प्रिया कुमारी साथ ही ब्रोन्ज मेडल जितने वालो में वातशल्या दास, स्वास्तिका गुप्ता, अभिजीत वर्मा एवं प्रांजल कुमार शामिल है 7 इस प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि साउथ एशियान कराटे फेडरेशन व कराटे इंडिया आर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष हांशी भरत शर्मा उपस्थित हुए एवं विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहना करके सम्मानित किया 7इनकी इस उपलब्धि का श्रेय इनके लगातार अभ्यास और अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक सेम्पई चंद्र प्रकाश उपाध्याय, सहायक प्रशिक्षक प्रमोद यादव, संजय कुमार एवं सभी अभिभावकों को जाता है जिन्होंने अपना कीमती समय निकाल कर बच्चों का मार्गदर्शन किया और उनका समर्थन किया।

**8 खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तरीय कराटे प्रतियोगिता के लिए हुए चयनित:**

द कोबरा कराटे अकादमी के संस्थापक व मुख्य प्रशिक्षक सेम्पई चंद्र प्रकाश उपाध्याय ने बताया की शिवा यादव, विहान कश्यप, कार्तिक राज गुप्ता, मन्दाकिनी यादव, तल्हा फ़िरदौसी व प्रांजल कुमार का चयन काता व कुमिते इवेंट में वहीं मन्दाकिनी यादव, रिया राज व सुबी कुमारी का चयन टीम काता इवेंट में राष्ट्रीय स्तरीय सब जूनियर, कैडेट और जूनियर कराटे चैंपियनशिप 2025 के लिए हो गया है, जो 11 से 15 जून तक उत्तराखंड के देहरादून में कराटे इंडिया आर्गेनाईजेशन के द्वारा आयोजित किया जायेगा।

## सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत 3 लोग गंभीर रूप से घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** थाना क्षेत्र के बाजारटांड़ के समीप सोमवार को सड़क दुर्घटना में मौके पर ही एक व्यक्ति की मौत हो गयी और 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये. जानकारी के अनुसार रामगढ़ की ओर से आ रही एक कार (जेएच 02एन 0237) को चरही बाजार टांड़ के समीप ही उसी दिशा से आ रहे ट्रेलर ने टक्कर मार दी. इससे कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे डिवाइडर पर खड़े ऑटो चालक को ठोकर मार दी. ऑटो चालक मांडू निवासी ज्योति कुमार (45)पिता प्रकाश साव की कार की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गयी. ऑटो चालक को ठोकर मारने के बाद कार सड़क के दूसरी ओर डिवाइडर पार करते हुए हजारीबाग से चरही की ओर आ रही फॉर्च्यूनर कार से जा टकरायी. उसी दिशा में आ रही एक और कार (जेएच 01डीसी 1759) ने फॉर्च्यूनर को पीछे से ठोकर मार दी. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस दुर्घटनास्थल पर पहुंची. घायलों को हजारीबाग शेख भिखारी मेडिकल अस्पताल भेजा गया. मृतक को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया. पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है.

## रविवार रात में हुई गोलीबारी के बाद बंधु यादव का सफल ऑपरेशन, आरोग्यम अस्पताल ने दिखाई संवेदनशीलता

**❍ रविवार रात्रि में हुआ आपात ऑपरेशन, डॉक्टर बी.एन. प्रसाद की टीम ने दिखाई मानवीय संवेदना बंधु यादव की स्थिति ठीक**

**❍ जब ज़िंदगी संकट में हो, तब समय नहीं देखा जाता, हमारी टीम ने रात के अंधेरे में उम्मीद की रोशनी दिखाई : हर्ष अजमेरा**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** चतरा जिला के चर्चित जमीन व्यवसायी बंधु यादव पर रविवार की रात्रि अज्ञात अपराधियों द्वारा गोली मारकर घायल कर दिया.घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया। इस निर्मम हमले में बंधु यादव को दो गोलियां लगीं, जिसके बाद उन्हें गंभीर अवस्था में चतरा सदर अस्पताल ले जाया गया। प्रारंभिक उपचार के बाद उनकी नाजुक स्थिति



को देखते हुए चतरा डॉक्टरों ने उन्हें हजारीबाग के आरोग्यम अस्पताल रेफर कर दिया। यहां पहुंचते ही डॉ. बी.एन. प्रसाद और उनकी चिकित्सकीय टीम ने बिना समय गंवाए रात्रि में ही आपातकालीन ऑपरेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी। अत्यंत संवेदनशील और जटिल ऑपरेशन के दौरान बंधु यादव के शरीर से दोनों गोलियां सफलतापूर्वक निकाल ली गई। ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा और मरीज की स्थिति अब खतरे से बाहर है। डॉ. बी.एन. प्रसाद ने बताया की मरीज की स्थिति अत्यंत गंभीर थी। यदि तुरंत ऑपरेशन नहीं किया जाता, तो जान का खतरा बना रहता। ऐसे क्षणों में चिकित्सा से पहले हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी एक जीवन को बचाना होता है, और इसी भावना से पूरी टीम ने कार्य किया। आरोग्यम अस्पताल के निर्देशक हर्ष अजमेरा ने कहा की हमारे लिए हर जीवन अनमोल है। हमारी टीम ने जो तत्परता और संवेदनशीलता दिखाई, वह अस्पताल की सेवा-नीति का प्रमाण है। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि बंधु यादव शीघ्र स्वस्थ हों और सामान्य जीवन में लौटें। इस घटना के बाद पूरे चतरा और हजारीबाग क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है कि कैसे रात्रि के कठिन समय में भी डॉक्टरों ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए जान बचाने में कोई कोताही नहीं की। बंधु यादव की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन ने भी जांच तेज कर दी है और अपराधियों की तलाश जारी है।आरोग्यम अस्पताल परिवार पुनः बंधु यादव के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता है और हर आपात स्थिति में सेवा के लिए समर्पित रहने का विश्वास दिलाता है।

## चैनपुर-नेऊरा रोड को प्रथम महापौर ने निजी खर्च से कराया रिपेयर

# क्या प्रशासन बड़ी घटना का कर रहा इंतजार : अरुणा शंकर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने चैनपुर नेउरा रोड में बने बड़े-बड़े गड्ढों को निजी खर्च से जेसीबी मंगवा कर भरवाते हुए समतल करवाया। प्रथम महापौर ने कहा कि हमारे सांसद आने वाले हैं। मैं उनसे इस मार्ग को तत्काल रिपेयर कराने को अनुरोध करूंगी। ताकि बरसात से पहले यह मार्ग चलने योग्य बन सके। प्रथम महापौर ने दुख भरे शब्दों में कहा कि आखिर प्रशासन इस मार्ग को बनाने में खामोश क्यों है ? अगर बना नहीं पा रही है तो कम से कम इस मार्ग को जीएसबी डालकर अच्छे से रिपेयर तो कराया ही जा सकता था। लेकिन धरना प्रदर्शन हुए कई आश्वासन मिले। पर स्थिति यथावत है। प्रथम महापौर ने कहा कि लगता है कि प्रशासन किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है। प्रथम महापौर ने कहा कि मैं इस मुद्दे को सांसद एवं वित्त मंत्री के संज्ञान में दी हूं। जिसका निराकरण जल्द होने का आश्वासन मिला है। मैं एक बार पुनः सबों से अनुरोध करूंगी की इस मार्ग पर कार्य यथाशीघ्र लगाया जाए। प्रथम महापौर द्वारा भेजे गए जेसीबी को बिछाने में मदद करने हेतु प्रथम महापौर ने विजय प्रमुख, भोला पांडे, चंदू गुप्ता आदि को धन्यवाद दिया। बता दें कि चैनपुर नेवरा मार्ग चैनपुर प्रखंड का लाइफ लाइन है। इस सड़क से प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग आते और जाते हैं। साथ ही हर दिन सैकड़ो वाहन इस मार्ग से होकर चलते हैं। मार्ग इतना जर्जर हो गया था कि 6 महीना पूर्व भी प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने इस मार्ग को अपने निजी खर्चे से मरम्मत कराई थी। इस मार्ग को बनाने के लिए प्रथम महापौर अरुणा शंकर एक वर्षों से सभी जनप्रतिनिधियों से गुहार लगा रही है। सूबे के वित्त मंत्री को ले जाकर सड़क की दुर्दशा उन्होंने दिखाई थी। वित्त मंत्री ने इस सड़क की जल्द मरम्मत करने का आश्वासन भी दे चुके हैं।

अगर यह सड़क बनता है तो इसका सत प्रतिशत श्रेय प्रथम महापौर अरुणा शंकर का माना जाएगा। क्योंकि इस सड़क को मरम्मत करने के लिए अरुणा शंकर जी जान से लगी हुई है।

## मणिपुर में उगाही में लिप्त तीन उग्रवादी गिरफ्तार



**एजेंसी**

**इम्फाल :** मणिपुर में सुरक्षा बलों द्वारा अलग-अलग स्थानों पर चलाए गए अभियानों के दौरान तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि मणिपुर पुलिस ने प्रतिबंधित संगठन प्रीपाक के एक सक्रिय कैडर को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान आरके जोह्री सिंह उर्फ डानबा खुमान (25), निवासी टॉप खोंगनांग माखोंग लेन नं. 10, इम्फाल ईस्ट के रूप में हुई है। उसे पोरमपट डीसी रोड स्थित वाटर सप्लाई कॉम्प्लेक्स के पास से पोरमपट थाना क्षेत्र के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपित विभिन्न दुकानों, सरकारी अधिकारियों और संस्थानों से अवैध उगाही में लिप्त था। उसके पास से 09 मांग पत्र (डिमांड लेटर्स), एक लैपटॉप (बैग व एडेप्टर सहित) जो उगाही में उपयोग हो रहा था, दो मोबाइल फोन तथा एक बटुआ जिसमें 5,500 रुपये नकद बरामद किए गए। एक अन्य कार्रवाई में, सुरक्षा बलों ने केसीपी (पीडब्ल्यूजी) संगठन के एक कैडर डांगोम रबी सिंह उर्फ डानबा (46), निवासी खुराई अंगोम लीकाई को पोरमपट थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। वह इम्फाल क्षेत्र के विभिन्न ऑयल पंपों से जबरन वसूली में संलिप्त था। उसके पास से एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। इसके अलावा, थौबल जिले के लिलोंग उशोइपोक्पी से केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के एक और कैडर बुइयमयुम आरिफ खान (30) को गिरफ्तार किया गया। वह आम नागरिकों, ईंट भट्ठों, आरा मिलों, बैंकों, अस्पतालों, स्कूलों, कॉलेजों, ऑयल पंपों, दुकानों और स्टोन क्रशर ठेकेदारों से उगाही कर रहा था। उसके पास से एक मोबाइल फोन और दो सिम कार्ड जब्त किए गए।

## संत मरियम के शिक्षकों के लिए हुआ इन-हाउस ट्रेनिंग का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** रेडमा स्थित ग्रैंड जयश्री होटल मे संत मरियम स्कूल के शिक्षकों के लिए इन- हाउस ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। सीबीएसई के निर्देशानुसार क्रिटिकल एंव क्रिएटिव थिंकिंग विषय को लेकर यह कार्यक्रम आयोजित की गई जहां सीबीएसई पटना रीजन के रिसोर्स पर्सन राकेश चौबे के द्वारा इससे संबंधित कई बिंदुओं पर चर्चा की गई साथ ही उन्होंने बताया कि बच्चों को कैसे रचनात्मक एवं तार्किक सोच को विकसित कर बच्चों के सीखने की शैली को कैसे बदल सकते हैं। उक्त मौके पर विद्यालय के चेयरमैन श्री अविनाश देव ने श्री चौबे को अंगवस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि संत मरियम का उद्देश्य सिर्फ बच्चों को परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करा देना ही नहीं बल्कि उनके संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास के लिए हमें हमेशा प्रयास करते रहना होगा, विद्यालय विभिन्न पहलुओं के साथ-साथ खेल गतिविधियों को भी बढ़ावा दे रही हैं, और बच्चे विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर परचम लहरा रहे हैं। वहीं प्राचार्य ने कहा कि बच्चों को अनुशासित करने के लिए पहले हमें अनुशासन में रहना होगा। संत मरियम के तमाम शिक्षक श्रेष्ठ है, यद्यपि सिर्फ समर्पण के साथ बच्चों को शिक्षा देने की आवश्यकता है, निश्चित रूप से विद्यालय एक नई ऊंचाई को प्राप्त करेगी। उक्त मौके पर उपप्राचार्य एसबी शाहा, समन्वयक अमरेंद्र कुमार, रिजवाना परवीन, रोशन राज, निकिता गुप्ता समेत सैकड़ो शिक्षक मौजूद रहे।

## चलते चलते एक नजर

### विशेष ट्रेन से अमृतसर में फंसे विदेशी नागरिकों व पर्यटकों को भेजा दिल्ली

**चंडीगढ़ :** भारत - पाकिस्तान सीमा पर तनाव के कारण पिछले पांच दिन से अमृतसर में फंसे विदेशी तथा स्वदेशी पर्यटकों को सोमवार को दिल्ली रवाना किया गया। पांच दिन से यहां फंसे इन पर्यटकों को दिल्ली पहुंचाने के लिए रेलवे ने विशेष ट्रेन वंदे भारत चलाई है। अमृतसर में रोजाना हजारों की संख्या में देश-विदेश से पर्यटक आते हैं। यह पर्यटक दरबार साहिब, जलियांवाला बाग के अलावा अटारी बार्डर पर होने वाली रिट्रीट सेरेमनी को देखने जाते हैं। 6 मई को भी भारी संख्या में पर्यटक अमृतसर आए हुए थे। 7 मई की शाम भारत-पाक विवाद के चलते यहां रिट्रीट सेरमेनी बंद कर दी गई थी। जिसके चलते भारी संख्या में पर्यटक अमृतसर में ही फंस गए। तनाव बढ़ने के बाद जिला प्रशासन ने पर्यटकों को अमृतसर की सराय व अन्य स्थानों पर रोक दिया गया। हालात सामान्य होने के बाद सोमवार को अमृतसर से वन वे रिजर्वड वंदे भारत स्पेशल ट्रेन से चलाई गई। यह विशेष ट्रेन पर्यटकों को लेकर शाम चार बजे दिल्ली के लिए रवाना हुई। अमृतसर रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर अजय सिंह ठाकुर ने बताया कि रेलवे की तरफ से विशेष ट्रेन का प्रबंध किया गया। इस ट्रेन में कई देशी-विदेशी पर्यटक अमृतसर से दिल्ली के रवाना हुए हैं। उन्होंने बताया कि प्रशासन की रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान में अमृतसर में फंसे हुए लगभग सभी पर्यटक दिल्ली जा चुके हैं। दिल्ली से वह अपने-अपने गंतव्य की तरफ रवाना होंगे।

### नर्स त्याग सेवा और ममता की मूर्ति : डॉ पवार

**मुंबई :** जब भी आम तौर पर हमारी हमारी जुबां से सिस्टर को पुकारते हैं या उन्हें संबोधित करते हैं तो जेहन में जो तस्वीर उभरकर सामने आती है वह है सफेद उज्जवल वस्त्र धारण किए हुए नर्स की होती है। ठाणे सिविल अस्पताल के अधीक्षक डॉ कैलाश पवार का मानना है कि मरीज की आधी से ज्यादा तकलीफ तो सिस्टर यानी नर्स की मधुर मुस्कान से ठीक हो जाती है।आज अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर ठाणे सिविल अस्पताल में डॉ कैलाश पवार ने कहा कि नर्स त्याग सेवा और ममता की मूर्ति है। उन्होंने आगे कहा कि दरअसल दुनिया में किसी भी भव्य इमारत के लम्बे समय तक टिके रहने के लिए उसकी नींव मजबूत होनी चाहिए। इसी प्रकार, स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की असली रीढ़ नर्सिंग सेवा का आधार स्वयं - नर्सें ही हैं। ठाणे सिविल अस्पताल में मरीजों के जीवन में योगदान देने वाले इन जीवनदाताओं के सम्मान में हर वर्ष 12 मई को अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया जाता है। आज हमेशा की भांति ठाणे जिला सामान्य अस्पताल में यह दिवस विशेष उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शल्य चिकित्सक डॉ. कैलाश पवार ने की। इस अवसर पर 2025 के लिए वैश्विक थीम का अनावरण किया गया - ÷हमारी नर्सें। हमारा भविष्य। नर्सों की देखभाल से अर्थव्यवस्था मजबूत होती है÷। इस विषय के अनुरूप, डॉ. पवार ने उपस्थित लोगों को प्रेरणादायक मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने नर्सिंग स्टाफ के योगदान की सराहना की तथा मरीजों की देखभाल में उनकी अमूल्य भूमिका पर प्रकाश डाला। इस मौके पर अतिरिक्त जिला शल्य चिकित्सक डॉ. धीरज, महागढ़े निवासी चिकित्सा अधिकारी डॉ. मृणाली राहुद, दंत शल्य चिकित्सक डॉ. अर्चना पवार और मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा बर्डे भी उपस्थित थे।

# आतंकवादियों के जनाजे में पाकिस्तानी अधिकारी हुए शामिल

### भारत ने नाम गिनाकर खोली दुनिया के सामने पोल



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** भारत ने पाकिस्तान के उन सेना अधिकारियों के नाम जारी किए हैं, जो ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए आतंकवादियों के जनाजे में शामिल हुए थे. ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था, जिनमें मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का मरकज तैयबा, बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) का मरकज सुभान अल्लाह और सियालकोट में हिजबुल मुजाहिदीन का महमूदा जोया जैसे प्रमुख अड्डे शामिल थे.मुरीदके में मारे गए आतंकवादियों के जनाजे में लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर अब्दुल रऊफ भी शामिल हुआ था और वो नमाज पढ़ रहा था. हैरानी की बात ये है कि अमेरिका ने वैश्विक आतंकवादी घोषित किया है.

पाकिस्तानी सेना और आतंकवादियों के बीच सांठगांठ को उजागर करते हुए अधिकारियों ने एक तस्वीर जारी की, जिसमें लेफ्टिनेंट जनरल फैयाज हुसैन शाह, मेजर जनरल राव इमरान सरताज और ब्रिगेडियर मोहम्मद फुरकान शब्बीर शामिल होते नजर आए.फोटो में पाकिस्तानी पुलिस का सीनियर अधिकारी उस्मान अनवर और एक नेता मलिक सोहैब अहमद को भी नमाज अदा करते हुए दिखाया गया है. जनाजा पूरे राजकीय सम्मान के साथ उठाया गया और आतंकवादियों के ताबूतों को पाकिस्तानी झंडे में लपेटा गया. भारत ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में 100 से ज्यादा आतंकवादी मारे गए और कुछ हाई वैल्यू टारगेट की तस्वीरें भी जारी कीं.

**भारतीय सेना ने इन बड़े आतंकियों को मार गिराया:** खालिद उर्फ अबू अकाशा, लश्कर-ए-तैयबा का आतंकवादी था जो जम्मू-कश्मीर में सक्रिय था. पेशावर में रहते हुए उसने अफगानिस्तान से पाकिस्तान तक हथियारों की तस्करी में अहम भूमिका निभाई थी.मुदस्सिर खादियन खास, जो मुदस्सर और अबू जुंदाल जैसे नामों से भी जाना जाता था वो एक लश्कर का आतंकी था और मुरीदके आतंकवादी कैंप का प्रभारी था.जैश-ए-मोहम्मद का सदस्य मोहम्मद हसन खान, पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी समूह के संचालन प्रमुख मुफ्ती असगर खान कश्मीरी का बेटा था. वह मुफ्ती असगर और 2019 में पुलवामा हमले में शामिल एक अन्य जैश आतंकवादी आशिक नेग्रू के साथ सैयदना बिलाल आतंकवादी शिविर से काम करता था.यूसुफ अजहर, अब्दुल मलिक रऊफ और मुदस्सिर अहमद भी 7 मई की सुबह ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मारे गए लोगों में शामिल थे. ये आतंकी 1999 में आईसी-814 के हाईजैकिंग और 2019 के पुलवामा विस्फोट में शामिल थे.

## 22 साल बाद मिला बिछड़ा भाई, बहन ने गले लगाकर बहाए आंसू

**गुना :** कहते हैं कि इंसानियत और सेवा भावना से बड़ी कोई पूजा नहीं होती। ऐसा ही उदाहरण समाजसेवी प्रमोद भार्गव ने एक बार फिर पेश किया, जब उन्होंने 22 साल पहले बिछड़े एक मानसिक रोगी रामकिशन कुशवाह को उसकी बहनों से मिलवाकर सबको भावुक कर दिया। दरअसल, बीते दिन बीनागंज में एक मानसिक रूप से अस्थिर व्यक्ति के घूमने की सूचना समाजसेवी प्रमोद भार्गव को मिली। तुरंत सक्रिय होते हुए उन्होंने उस व्यक्ति को गुना बुलाया और बातचीत की कोशिश की। पूछने पर वह सिर्फ अपना गांव का नाम रुसल्ला' बता पाया। प्रमोद भार्गव ने तुरंत आसपास के गांवों में जानकारी भिजवाई और सुबह होते ही खुद उस व्यक्ति को अशोकनगर जिले के रुसल्ला गांव लेकर पहुंचे। गांव में रामकिशन को देख लोग अचंभित रह गए।

## शुष्क हवा से दक्षिण बंगाल में लू का कहर उत्तर बंगाल में भारी बारिश की चेतावनी



**एजेंसी**

**कोलकाता :** सप्ताह की शुरुआत में ही मौसम विभाग ने पश्चिम बंगाल के लिए सतर्क करने वाली चेतावनी जारी की है। दक्षिण बंगाल के कई जिलों में लू चलने की संभावना जताई गई है, जबकि उत्तर बंगाल के पर्वतीय जिलों में भारी से अति भारी बारिश का पूर्वानुमान है। साथ ही इस बार देश में समय से पहले मानसून के प्रवेश की संभावना जताई जा रही है।अलीपुर मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार से गुरुवार तक दक्षिण बंगाल के पश्चिमी जिलों में शुष्क गर्म हवा के कारण लू चलने की संभावना है। सोमवार को बांकुड़ा, झाड़ग्राम, पश्चिम बर्दवान और पश्चिम मेदिनीपुर में लू की स्थिति बनी रहेगी। मंगलवार से पुरुलिया और बीरभूम में भी गर्मी हवा का असर दिखेगा। बुधवार और गुरुवार को भी यही स्थिति बने रहने की संभावना है।कोलकाता समेत दक्षिण बंगाल के लगभग सभी जिलों में गुरुवार तक भीषण गर्मी और असुविधाजनक मौसम जारी रहेगा। पश्चिम के पांच से छह जिलों में दोपहर के समय लू चल सकती है। रविवार को कोलकाता का अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 29.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 43 से 82 प्रतिशत के बीच रहा, लेकिन जैसे-जैसे यह घटेगा, शुष्क गर्मी और अधिक महसूस होगी।मौसम विभाग ने लोगों को इस दौरान दोपहर में घर से बाहर न निकलने की सलाह दी है। हालांकि कुछ जिलों में शाम के समय तेज़ आंधी और बारिश की संभावना भी जताई गई है। उत्तर बंगाल में मौसम का रुख पूरी तरह अलग रहेगा। सोमवार रात से पर्वतीय जिलों में तेज़ हवाओं के साथ भारी से अति भारी बारिश का पूर्वानुमान है, जो गुरुवार तक जारी रह सकता है। कुछ इलाकों में ओलावृष्टि और आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका है। हालांकि मालदा जिले में गर्मी और लू की स्थिति बनी रहेगी, जबकि दक्षिण दिनाजपुर में मंगलवार को लू चल सकती है।

मालदा, उत्तर और दक्षिण दिनाजपुर के अधिकांश हिस्सों में गर्मी और उमस से लोग परेशान रहेंगे।

## छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में एक लाख की इनामी महिला नक्सली सहित छह नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण




**एजेंसी**

**दंतेवाड़ा :** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित अंदरूनी इलाकों में लगातार खोले जा रहे सुरक्षा कैंपों और नक्सलियों के विरूद्ध जारी प्रभावी कार्रवाई के फलस्वरूप संगठन में सक्रिय एक लाख की इनामी महिला नक्सली सहित छह नक्सलियों ने सोमवार को दंतेवाड़ा पुलिस केसामने आत्मसमर्पण कर दिया। इसमें दो महिला और चार पुरुष नक्सली शामिल हैं। आत्मसमर्पित नक्सलियों को पुनर्वास नीती के तहत 50-50 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने बताया कि जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन लोन वर्राटू (घर वापस आइये) अभियान तथा छग शासन की ''पुनर्वास नीति'' के तहत मुख्य धारा से भटके नक्सलियों से संवाद कर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा समाज के मुख्यधारा में लाया जा रहा है। इन आत्मसमर्पित नक्सलियों को छग शासन की पुनर्वास नीति के तहत 50-50 हजार रूपये की सहायता राशि के साथ ही पुर्नवास नीति के तहत मिलने वाली अन्य सुविधाएं जैसे स्किल डेवलपमेंट हेतू प्रशिक्षण, कृषि भूमि इत्यादि मुहैया कराई जाने का आश्वासन दिया है। दंतेवाड़ा जिले में लोन वर्राटू अभियान के तहत अब तक 230 इनामी सहित कुल 973 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर समाज के मुख्यधारा में जुड़ चुके हैं।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में मोताय पदाम (19 वर्ष) निवासी वाकेली थाना बारसूर जिला दंतेवाड़ा (आमदई एलओएस सदस्य ईनामी एक लाख रूपये), उर्मिला कड़ती (21 वर्ष) निवासी बांगापाल देवापारा थाना मिरतुर जिला बीजापुर (बेचापाल आरपीसी मिलिशिया सदस्य), मोहन उर्फ पोदिया ओयाम (39 वर्ष) निवासी बेचापाल गायतापारा थाना मिरतुर जिला बीजापुर (बेचापाल आरपीसी मिलिशिया सदस्य ), सुखराम कड़ती (25 वर्ष) निवासी बेचापाल कतीपारा थाना मिरतुर जिला बीजापुर (बेचापाल आरपीसी मिलिशिया सदस्य), देवा राम कुड़ामी (34 वर्ष) निवासी रेवाली पटेलपारा थाना अरनपुर जिला दंतेवाड़ा (रेवाली आरपीसी डीएकेएमएस सदस्य), माना राम उर्फ फुपे मरकाम (32 वर्ष) निवासी बुरगुम नंदापारा थाना अरनपुर जिला दन्तेवाड़ा (बुरगुम आरपीसी मिलिशिया सदस्य) शामिल हैं।

# लोकतंत्र की पहली शर्त है संवाद : मुख्यमंत्री



**एजेंसी**

**गोरखपुर :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोकतंत्र की पहली शर्त है संवाद। संवाद के माध्यम से ही समस्याओं का निराकरण कर कारोबारी (ईज ऑफ डूइंग बिजनेस) और जीवन सुगमता (ईज ऑफ लिविंग) के लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है। हम जनता को अधिक से अधिक सुविधाएं दे सकें, कॉमनमैन (आमजन) की अधिक से अधिक सुनवाई कर सकें, यही लोकतंत्र की सफलता का मूल है।

सीएम योगी सोमवार को सिविल लाइंस क्षेत्र में बने नगरीय सेवा केंद्र (अर्बन फैसिलिटेशन सेंटर) और सीनियर सिटीजन डे केयर सेंटर का लोकार्पण करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इन दोनों परियोजनाओं की कुल लागत 14.22 करोड़ रुपये है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में जनता को सिर्फ सामान्य नागरिक के तौर पर नहीं देखा जाता है बल्कि जनता जनार्दन कहकर संबोधित किया जाता है। हमें लोकतंत्र की इसी भावना को अंगीकार कर आगे बढ़ना होगा।

**देश की समृद्धि हम सबके जीवन का ध्येय होना चाहिए:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बदलते वैश्विक परिवेश में भारत विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आजादी के अमृत वर्ष में इसने 200 वर्षों तक शासन करने वाले ब्रिटेन को पछाड़कर विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का गौरव हासिल किया था और अब यह जापान को पीछे छोड़कर चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। सीएम योगी ने कहा कि देश की समृद्धि हम सबके जीवन का ध्येय होना चाहिए। इसी भाव से उत्तर प्रदेश ने विगत आठ वर्षों से पीएम मोदी के मार्गदर्शन में नगरीकरण के विस्तार का अभियान प्रारंभ किया है।

**पूर्वी यूपी के पांच करोड़ लोगों के जीवन का प्रमुख केंद्र है गोरखपुर**

सीएम योगी ने कहा कि पहले गोरखपुर की स्थिति एक नगर पंचायत जैसी रही होगी। विकास यात्रा में अब नगर निगम के स्वरूप में इसकी गिनती प्रदेश के बड़े महानगरों में होती है। रोड, रेल, एयर कनेक्टिविटी, पर्यटन विकास, सफाई-स्वच्छता, वंचितों के लिए बेहतरीन सुविधाओं का विस्तार से उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का गोरखपुर पूर्वी उत्तर प्रदेश के पांच करोड़ लोगों के लिए शिक्षा, चिकित्सा, कारोबार और रोजगार का केंद्र है। मुख्यमंत्री ने सिविल लाइंस में बने अर्बन फैसिलिटेशन सेंटर और सीनियर सिटीजन डे केयर सेंटर के लिए नगर निगम की तारीफ करते हुए कहा कि जब लोगों को नई सुविधाओं से आच्छादित करते हैं तो व्यापारियों के लिए कारोबारी सुगमता और आमजन के लिए जीवन सुगमता बढ़ती है। अर्बन फैसिलिटेशन सेंटर से 16 वार्डों के लोगों को एक ही स्थान पर नगर निगम की सभी जरूरी सुविधाएं मिल जाएंगी तो सीनियर सिटीजन डे केयर सेंटर में बुजुर्गों को स्वास्थ्य, अध्ययन और मनोरंजन की भरपूर सहूलियत मिल जाएगी। सीएम योगी ने कहा कि आज गोरखपुर बदल रहा है। बदलते गोरखपुर से आमजन को जोड़ना होगा। कोई भी बदलाव तभी सफल होता है जब आमजन उसे आंदोलन के रूप में लेता है। सुविधा कुछ लोगों तक सीमित रहने पर वह सफल नहीं होगी। नई व्यवस्था से जब आमजन जुड़ेगा तभी स्मार्ट सिटी की मंशा पूरी हो पाएगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बेहतर सफाई की स्थिति को बनाए रखने के लिए मोहल्ला सफाई समितियां बनाने, सड़क को आवागमन के लिए सुगम बनाने हेतु वेंडिंग जोन बनाने, दिन में स्ट्रीट लाइट न जलने देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इसमें नागरिकों को भी अपना दायित्व निभाना होगा। कार्यक्रम के दौरान सीएम योगी ने नगर निगम को मानसून से पहले आगाह भी किया। कहा कि बरसात में कहीं भी जलजमाव न होने पाए, इसके लिए नगर निगम अभी से तैयारी शुरू कर दे। सभी नाले-नालियों की सफाई और सिल्ट का निस्तारण समय रहते कर लिया जाए। प्लास्टिक पर प्रतिबंध को कड़ाई से लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि पूर्व की तुलना में नगर में जलनिकासी की व्यवस्था मजबूत हुई है। अब यह शहर जलमग्न होने के लिए नहीं जलनिकासी के लिए जाना जाता है। गोड़धोइया नाला परियोजना पूर्ण होते ही जलनिकासी की व्यवस्था और सुदृढ़ हो जाएगी।